CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24° C
न्यूनतम : 08° C

लखनऊ, मंगलवार 17 मार्च 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 130 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 27 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा हैः अखिलेश यादव पेज 2



भारतीय खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की जरूरत : शाह खेल टाइम्स



गैस की कतारों से उठते सवाल : कितनी सुरक्षित है भारत की ऊर्जा व्यवस्था सम्पादकीय



ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिरे ट्रम्प पेज 12



श्रीनगर: इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन को आगंतुकों के लिए खोले जाने के बाद लोग इसे देखने आए।

# ऑस्ट्रेलिया-जापान ने भी नौसेना भेजने से किया इन्कार

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में ईरान के साथ लगातार बढ़ते तनाव के कारण तेल सप्लाई का यह मुख्य समुद्री रास्ता (होर्मुज स्ट्रेट) बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने करीब सात देशों से होर्मुज स्ट्रेट में अपने युद्धपोत तैनात करने की मांग की है।

ट्रम्प चाहते हैं कि ये देश अपनी नौसेना भेजकर इस रास्ते की सुरक्षा करें। हालांकि, अमेरिका के करीबी सहयोगियों ने इस मांग पर बहुत ही सावधानी भरा रुख अपनाया है और कुछ ने तो इससे साफ इन्कार कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने इस क्षेत्र में नौसैनिक सहायता देने से मना कर दिया है। कैबिनेट मंत्री कैथरीन किंग ने बताया कि यह समुद्री रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पास जहाज भेजने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास इस संबंध में कोई औपचारिक अनुरोध नहीं आया है। मामले पर जापान का रुख भी कुछ ऐसा ही है।



**■ फीकी पड़ी ट्रम्प की अपील, होर्मुज में नहीं मिला किसी का साथ**


## दुबई हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले के बाद उड़ानें निलंबित

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को ड्रोन हमले के बाद उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गईं। अधिकारियों ने हवाई अड्डे के पास आग लगने की घटना के बाद एहतियाती सुरक्षा उपाय के रूप में परिचालन रोक दिया।

दुबई नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने निलंबन की घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम यात्रियों एवं हवाई अड्डे के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी उड़ानों के संबंध में नवीनतम जानकारी के लिए अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करें, स्थिति की समीक्षा करने के बाद आधिकारिक चैनलों के माध्यम से आगे की जानकारी दी जाएगी। ड्रोन हमले के कारण हवाई अड्डे की सीमा के पास आग लग गई, जिसे आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत बुझा दिया।

## 27वां रोज़ा

### माहे रमज़ान की रुखसत का पैगाम



आज सत्ताईसवां रोज़ा है। कल छब्बीसवां रोजा और शबे-कद्र (सत्ताईसवीं रात) साथ-साथ थे। यहां यह बात जानना ज़रूरी है कि छब्बीसवां रोज़ा जिस दिन होगा, उसी शाम गुरुबे-आफताब के बाद सत्ताईसवीं रात यानी शबे-कद्र भी शुरू हो जाएगी। छब्बीसवें रोज़े के साथ ताक रात यानी शबे-कद्र आएगी ही।

सत्ताईसवां रोज़ा, तो वैसे भी दोज़ख से निजात के अशरे में अपनी अहमियत रखता ही है। सत्ताईसवां रोज़ा दरअसल रोज़ेदार को दोहरे सवाब का हकदार बना रहा है। इस्लाम मजहब में जुमा (शुक्रवार) इबादत और इज्तिमाई नमाज खास दिन माना जाता है। हदीस-शरीफ में है कि जुमे के दिन ही हजरत आदम (अलैहिस्सलाम) को जन्नत से दुनिया में भेजा गया। उन्हें वापस जन्नत भी जुमे के दिन मिली।


# जंग के बीच भारत को बड़ी राहत

## भारतीय जहाज शिवालिक 46 हजार मीट्रिक टन गैस लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही पर संकट के बीच भारत के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। एलपीजी गैस लेकर आने वाला भारतीय जहाज शिवालिक सुरक्षित तरीके से गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया है। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था।

मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है। शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी गैस लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। इस जहाज के सुरक्षित पहुंचने को ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से अहम माना जा रहा है, क्योंकि हाल के दिनों में क्षेत्र में तनाव के कारण समुद्री मार्ग पर जोखिम बढ़ गया था। यह एलपीजी टैंकर रविवार शाम करीब पांच बजे मुंद्रा पोर्ट पहुंचा। जहाज लगभग 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आया है। यह गैस भारत के घरेलू आपूर्ति नेटवर्क में भेजी जाएगी। शिवालिक एक बहुत बड़ा गैस वाहक जहाज है, जिसे शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया संचालित करता है। यह जहाज फारस की खाड़ी से अरब सागर को जोड़ने वाले अहम समुद्री रास्ते होर्मुज से होकर भारत पहुंचा। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्गों में से एक माना जाता है। दुनिया भर में तेल और गैस की करीब 20 प्रतिशत आपूर्ति इसी समुद्री रास्ते से गुजरती है। इसलिए इस मार्ग पर किसी भी तरह का तनाव पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकता है। भारत भी अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस समुद्री रास्ते पर काफी हद तक निर्भर है।



**जहाज नंदा देवी करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी और दूसरा जहाज जग लाडकी करीब 81 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर आ रहे**

### रिफाइनरियां पूरी क्षमता पर, भारतीयों को सुरक्षित निकाला जा रहा: सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति लागू की है। सरकार ने अपने ताजा बयान में बताया कि एक ओर ईरान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर घरेलू मोर्चे पर ईंधन आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह से सामान्य है और देश की रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने साफ किया है कि मौजूदा वैश्विक तनाव का भारत की ईंधन आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है। पेट्रोल पंपों पर कामकाज पूरी तरह से सामान्य है और देश के किसी भी हिस्से से ईंधन खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रो. महमूदाबाद के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की समाप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हरियाणा पुलिस ने पिछले साल प्रोफेसर महमूदाबाद को किया था गिरफ्तार**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' पर उनके सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चल रही आपराधिक कार्यवाही समाप्त कर दी।

इससे पहले हरियाणा सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया था कि उसने प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी देने से इन्कार कर दिया है। हरियाणा पुलिस ने पिछले साल मई में प्रोफेसर महमूदाबाद को गिरफ्तार किया था। यह मामला प्रोफेसर महमूदबाद के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी से जुड़ा था, जिसमें उन पर भारत में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले बर्ताव को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ टिप्पणियां करने का आरोप था। ये टिप्पणियां 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रेस ब्रीफिंग का नेतृत्व करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी की तारीफ के संदर्भ में की गई थीं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इस मामले का निपटारा करते हुए कहा कि हमें इस बात पर शक करने का कोई कारण नहीं है कि याचिकाकर्ता, जो एक अत्यंत विद्वान प्रोफेसर हैं, भविष्य में भी समझदारी और विवेकपूर्ण तरीके से ही काम करेंगे।

## बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव व डीजीपी को हटाया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के दूसरे ही दिन चुनाव आयोग ने 6 अफसरों का तबादला कर दिया। आयोग ने पीयूष पांडे की जगह सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी बनाया है।

वहीं, आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के आईएएस दुष्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। साथ ही राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा की जगह 1997 बैच की आईएएस अफसर संघमित्रा घोष को गृह सचिव बनाया गया है। चुनाव आयोग के आदेश के मुताबिक यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवा महानिदेशक बनाया गया है। अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और आईजीपी (कानून-व्यवस्था) का पद दिया गया है।

**■ कोलकाता पुलिस कमिश्नर समेत छह अधिकारी बदले**
**■ आयोग बोलाः ये अफसर चुनाव से दूर रहेंगे**

# मुरादाबाद में भीषण सड़क हादसा, चार की मौत

**मुरादाबाद (ब्यूरो)।** सोमवार सुबह दिल्ली- लखनऊ राजमार्ग पर सुबह करीब छह बजे मनकरा मोड़ के पास रामपुर से दिल्ली जा रही एक कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा घुसी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग फंस गए। थाना पुलिस कार में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंढापांडे ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतकों में एक की पहचान दयाल सिंह रावत पुत्र कुमार पाल, निवासी अपर माल रोड, बीमिला कंपाउंड, पालिवाल, नैनीताल के रूप में हुई है। घायल युवक की पहचान यशदीप पुत्र चंद्रवाला पांडे, निवासी हल्द्वानी के रूप में हुई है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहाः क्या दूसरे धर्म के लोगों को भी घर में सामूहिक पूजा से रोका जा सकता है

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रमज़ान के दौरान नमाज़ पर कथित प्रतिबंध को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से कड़ा सवाल करते हुए पूछा कि यदि मुसलमानों को निजी संपत्ति पर नमाज़ पढ़ने से रोका जा सकता है, तो क्या हिंदुओं को भी अपने घरों में सामूहिक पूजा करने से रोका जा सकता है।

जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ संभल जिले में रमज़ान के दौरान नमाज़ पढ़ने पर लगाए गए कथित प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस श्रीधरन ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि मुसलमानों को अपने घर की छत पर नमाज़ पढ़ने से कैसे रोका जा सकता है? कानून का राज सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार की मांग करता है और संविधान सर्वोपरि है। अदालत ने राज्य सरकार के एडिशनल एडवोकेट जनरल मनीष गोयल से पूछा कि क्या मंदिरों में भी इस तरह के प्रतिबंध लगाए जाते हैं। अदालत ने कहा कि यदि हिंदू अपने घरों में पूजा कर रहे हों तो क्या उन्हें भी रोका जा सकता है? इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जताई कड़ी आपत्ति खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि राज्य केवल तभी हस्तक्षेप कर सकता है, जब धार्मिक गतिविधियां सार्वजनिक सड़क या सार्वजनिक स्थान पर फैलने लगें।

# राज्यसभा चुनावः बिहार की सभी पांच सीटों पर NDA की जीत



**पटना।** बिहार में राज्यसभा की पांचों सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार जीत गए हैं। चार सीटों पर जीत तो पहले से ही तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह से एनडीए के उम्मीदवार शिवेश राम का मुकाबला हुआ। एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट किया। लेकिन, महागठबंधन की ओर से चार विधायक (कांग्रेस के तीन और राजद के एक) विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे।

मतगणना के बाद एनडीए के सभी उम्मीदवारों की जीत की घोषणा कर दी गई। एनडीए के कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। जीतने वाले उम्मीदवारों में नीतीश कुमार-जदयू, रामनाथ ठाकुर-जदयू, नितिन नबीन-भाजपा, शिवेश कुमार-भाजपा, उपेंद्र कुशवाहा शामिल है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 202 विधायकों के बल पर अपने पांच उम्मीवार को चुनावी मैदान में उतारा था। इसमें से चार सीट पर तो जीत पहले से तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन की ओर से राजद ने अमरेंद्र धारी सिंह को चुनावी मैदान में उतार दिया। इस कारण पांचवी सीट पर एनडीए बनाम महागठबंधन मुकाबला हो गया।

**■ महागठबंधन की ओर से चार विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे**




# भारत में एक साल के दौरान 24 अरबपति बढ़े, अब 229 हुए

## लक्ष्मी मित्तल रोज 274 करोड़ कमाकर देश के चौथे सबसे अमीर बने

**नई दिल्ली।** फोर्ब्स वर्ल्ड्स बिलियनेयर्स 2026 लिस्ट के मुताबिक भारत में एक साल के अंदर 24 अरबपति बढ़े हैं। इनकी संख्या 205 से बढ़कर 229 हो गई है। देश के चौथे सबसे अमीर लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में इस साल सबसे तेज उछाल देखा गया। उनकी कंपनी आर्सेलर मित्तल के शेयरों में 80 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आने से उनकी कुल दौलत 31 अरब डॉलर, यानी 2.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है।

पिछले एक साल में उनकी संपत्ति में 20 अरब डॉलर, यानी 1.85 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। इस हिसाब से मित्तल ने सालभर हर दिन औसतन 274 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई की है। इस लिस्ट में फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी शामिल हो गए हैं। भारत के दो सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी (नंबर 1) और गौतम अडानी (नंबर 2) की संपत्ति में भी संयुक्त रूप से 14.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। तीसरे नंबर पर ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल हैं। वे भारत की सबसे अमीर महिला बनी हुई हैं। लिस्ट में 20 भारतीय महिला अरबपति शामिल हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक इस साल टॉप-10 में शामिल हुए हैं। हाल ही में उन्हें पद्म भूषण मिला था। उनकी एंट्री से डीएलएफ के पीछे रहे प्रॉपर्टी डेवलपर कुशल पाल सिंह 12वें नंबर पर खिसक गए। एडटेक प्लेटफॉर्म फिजिक्सवाला के फाउंडर अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी नए अरबपतियों में शामिल हैं। नवंबर में कंपनी के आईपीओ के बाद वे इस क्लब में आए। पेटीएम के फाउंडर विजय शेखर शर्मा तीन साल बाद फिर लिस्ट में लौटे हैं। पेटीएम के शेयर पिछले साल करीब 60 प्रतिशत चढ़े, हालांकि यह अभी भी आईपीओ की करीब आधी प्राइस पर ट्रेड कर रहे हैं। फोर्ब्स इंडिया ने अपनी पहली रिच लिस्ट 2009 में लॉन्च की थी।



**■ फोर्ब्स लिस्ट में फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी शामिल**

## संक्षिप्त समाचार

### संत कबीरनगर में सड़क दुर्घटना, दो पत्रकारों की मौत

**संत कबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत नेशनल हाईवे 28 पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो पत्रकारों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने यहां बताया कि गोरखपुर से लखनऊ की ओर जा रही डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर गई। जहां लखनऊ से गोरखपुर जा रही वैगनआर कार से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में वैगनआर में सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैगनआर का चालक अपनी सीट पर फंस गया था। पेट्रोल पंप कर्मियों की मदद से कार का दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला गया। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से तत्काल जिला चिकित्सालय संतकबीर नगर भेजा गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने वैगनार सवार पत्रकार धनंजय पाण्डेय (35), निवासी सरगरिया उर्फ रामनगर, जनपद कुशीनगर और शंभू मिश्रा (45) निवासी लखुआ खुर्द, जनपद कुशीनगर को मृत घोषित कर दिया।

### फरवरी में माल निर्यात बढ़कर 36.61 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** इस साल जनवरी की तुलना में फरवरी में माल निर्यात में मामूली वृद्धि दर्ज की गई और यह 36.61 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एक महीने पहले यह आंकड़ा 36.56 अरब डॉलर था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को आयात. निर्यात के आंकड़े जारी किए। इसमें बताया गया है कि माल आयात जनवरी के 71.24 अरब डॉलर से घटकर फरवरी में 63.71 अरब डॉलर रह गया। इस प्रकार व्यापार घाटा एक महीने पहले के 34.68 अरब डॉलर से कम होकर 27.1 अरब डॉलर पर आ गया।

## मौसम ने मारी पलटी, यूपी के 43 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी

# 17 जिलों में ओले गिरने की चेतावनी जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर/सहारनपुर।** यूपी में मौसम अचानक बदल गया है। मुजफ्फरनगर में देर रात झमाझम बारिश हुई। कई इलाकों में ओले भी गिरे। बिजनौर में तेज आंधी की वजह से पेड़ उखड़ गए। सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे और होर्डिंग्स गिर गए।

सहारनपुर में आंधी की वजह से टीन शेड गिरने से पूर्व प्रधान समेत 2 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने सोमवार को वाराणसी समेत 43 जिलों में हल्की बारिश और 17 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। कई जगह आंधी भी चल सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से मौसम में बदलाव आया है। ठंडी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट आई है। इससे पहले कल यानी रविवार को नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या समेत 15 शहरों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। लखनऊ में बूंदाबांदी के साथ धूलभरी आंधी चली। हरदोई और सीतापुर में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 बच्चों समेत 3 लोग झुलस गए। बारिश, ओले और तेज हवा का असर फसलों पर भी दिखाई दे रहा है। कई इलाकों में खड़ी फसलें झुक गईं। हालांकि लोगों को गर्मी से राहत मिली। पिछले 24 घंटे में बांदा सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 14 मार्च को बांदा का पारा 40 डिग्री पार कर गया था। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने मौसम में हुए बदलाव की वजह बताई। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में सोमवार को भी बारिश के आसार हैं। 40-50 किमी की स्पीड से हवाएं चलेंगी। ओले भी गिर सकते हैं। 2 दिन बाद 19 मार्च से प्रदेश में एक और विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, इससे बारिश-आंधी का दौर शुरू होगा। मुजफ्फरनगर शहर और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ देर रात तेज बारिश हुई। कई इलाकों में ओले भी गिरे। बिजनौर में देर रात तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। आंधी में सड़क किनारे लगे पेड़ और होर्डिंग उखड़ गए। कई इलाकों में बिजली कट गई। सहारनपुर में रविवार देर रात तेज आंधी और बारिश हुई।



■ मुजफ्फरनगर में ओले गिरे, बिजनौर में आंधी से पेड़ उखड़े, सहारनपुर में पूर्व प्रधान समेत दो की मौत

### सरसावा क्षेत्र में टीन शेड गिरा

सरसावा थाना क्षेत्र के नकुड़ रोड पर टीन शेड गिर गया। इस हादसे में पूर्व प्रधान समेत दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान भटपुरा के पूर्व प्रधान जयपाल सैनी (55) और नवादा निवासी रामकेश सैनी (56) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों उत्तराखंड में एक पंचायत कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। इससे बचने के लिए दोनों नकुड़ रोड पर एक टीन शेड के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान तेज हवा के कारण टीन शेड अचानक टूटकर सीधे उनके ऊपर गिर गया। भारी शेड के नीचे दबने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बेमौसम बारिश, ओले गिरने और तेज हवाओं से खेतों में खड़ी फसलें प्रभावित हो रही हैं। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

## बच्चों के लिए स्मार्टफोन का प्रयोग खतरनाक

जालोर/लखनऊ, वार्ता



■ सीएम योगी ने मातृशक्ति से सावधान रहने की अपील की

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छोटी उम्र के बच्चों को रोने या नाराज होने देना बेहतर है, लेकिन उन्हें स्मार्टफोन देना उचित नहीं है।

स्मार्टफोन का अत्यधिक प्रयोग समय की बर्बादी के साथ-साथ आंखों को नुकसान पहुंचाने के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डालता है और यह डिप्रेशन जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। मुख्यमंत्री सोमवार को जालौर में स्थित श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर (सिरे मंदिर) के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन के कई गेम बच्चों और युवाओं को नकारात्मक दिशा की ओर ले जा रहे हैं। यदि बच्चे इसी समय को अच्छी पुस्तकों के अध्ययन, योग और व्यायाम में लगाएं, तो उनका जीवन अधिक व्यवस्थित और सकारात्मक बन सकता है। योगी ने युवा पीढ़ी को सलाह दी कि स्मार्टफोन का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करें और परिवार के लिए समय अवश्य निकालें। उन्होंने कहा कि भोजन या पूजा के समय फोन से दूरी रखनी चाहिए और बाद में कॉल बैक करना बेहतर है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति भी चिता का विषय है।

## लोकार्पण के तीसरे दिन ही धंसी कॉरिडोर की सड़क

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हाल ही में लोकार्पित ग्रीन कॉरिडोर परियोजना की सड़क तीसरे दिन ही धंस जाने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। यह घटना श्री खाटू श्यामजी मंदिर के पास हुई, जहां सड़क का एक हिस्सा धंसकर करीब पांच फीट गहरा गड्ढा बन गया। इस बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी इसको लेकर सवाल उठाया है।

उन्होंने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वाह रे डबल इंजन का विकास! अभी 2 दिन पहले ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में जिस 'ग्रीन कॉरिडोर' का भारी तामझाम के साथ उद्घाटन किया था, वो पहली बारिश भी नहीं झेल पाया। उन्होंने कहा कि श्री खाटू श्याम मंदिर के पास सड़क धंसकर 5 फीट गहरा गड्ढा हो गई। जनता की गाढ़ी कमाई 'सीवर' में जा रही है या भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है? मुख्यमंत्री जी, क्या यही आपका गड्ढा-मुक्त प्रदेश है। बताया जा रहा है कि सीवेज लाइन फटने के कारण सड़क धंस गई। स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर निर्माण कार्य और निंगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए मामले की जांच की मांग की है।



■ वाह रे डबल इंजन का विकास: अजय राय

## भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है चुनाव आयोग: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लागू होने के बाद चुनाव आयोग द्वारा वहां के डीजीपी, पुलिस कमिश्नर सहित एडीजी लॉ एंड ऑर्डर को हटा दिया गया है। इस मसले को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि जब भी किसी राज्य में चुनाव होता है और वहां भाजपा की सरकार नहीं होती, तो सबसे पहले वहां के चीफ सेक्रेटरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को हटा दिया जाता है। सोमवार को पत्रकारों से बात. चीत में अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि उत्तर प्रदेश में ऐसा क्यों नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनाव के दौरान कभी भी डीजीपी को नहीं हटाया गया, जबकि कई बार चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की गई थी। उन्होंने पूछा कि जिन अधिकारियों के परिवार के लोग खुद चुनाव लड़ रहे थे, क्या उन्हें पद से हटाया गया? सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है। उनका कहना है कि पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और उसकी कार्रवाई भी उसी के अनुरूप दिखाई देती है। इसके साथ ही उन्होंने महंगाई और गैस सिलेंडर के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा।



### भाजपा को लोगों की परेशानी नहीं दिख रही

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गैस सिलेंडर संकट को लेकर प्रदेश सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सिलेंडर के लिए लंबी लाइनों में खड़े लोगों की परेशानी साफ दिखाई दे रही है, इसके बावजूद भाजपा यह दावा कर रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है। सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश ने कहा कि परेशान परिवारों व बिलखते बच्चों की हालत देखकर भी अगर सरकार संवेदनशील नहीं हो रही है, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता की तकलीफों को नजरअंदाज कर भाजपा झूठ बोल रही है और जमीनी हकीकत से मुंह मोड़ रही है।

## प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को एक बार की राहत देगी योगी सरकार

**लखनऊ।** प्रीपेड स्मार्ट मीटर वाले कई उपभोक्ताओं की बिजली नेगेटिव बैलेंस के कारण कटने के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने उपभोक्ताओं को एक बार की राहत देने की घोषणा की है। अधिकारियों के अनुसार यह फैसला इसलिए लिया गया है, क्योंकि बड़ी संख्या में उपभोक्ता अभी भी प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली को समझने की प्रक्रिया में हैं, जिसमें बिजली उपयोग करने के लिए पहले से रिचार्ज कराना अनिवार्य होता है। नई व्यवस्था के तहत यदि किसी उपभोक्ता का प्रीपेड बैलेंस शून्य या नेगेटिव होने के कारण बिजली कनेक्शन कट जाता है और वह इतना रिचार्ज कर देता है कि उसका नेगेटिव बैलेंस कम से कम 50 प्रतिशत तक कम हो जाए, तो उसकी बिजली आपूर्ति तीन दिन के लिए दोबारा चालू कर दी जाएगी। यदि इस अवधि में उपभोक्ता का बैलेंस पॉजिटिव नहीं होता है, तो कनेक्शन स्वतः फिर से कट जाएगा। यूपीपीसीएल ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा प्रत्येक उपभोक्ता को केवल एक बार ही प्रदान की जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए वे अपने प्रीपेड खाते में पर्याप्त बैलेंस बनाए रखें। 'रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम' (आरडीएसएस) के तहत प्रदेश में अब तक लगभग 78 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें करीब 70.5 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर हैं। कॉर्पोरेशन के अनुसार स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली से बिजली सेवाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ी है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 75502.85
निफ्टी 23408.80



सोना 156500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 254325
प्रति किलो



## दिग्गज कंपनियों में लिवाली से सेंसेक्स 939 अंक उछला

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज और बड़ी कंपनियों में लिवाली से सोमवार को बीएसई का सेंसेक्स 938.93 अंक (1.26 प्रतिशत) की बढ़त में 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत ऊपर 23,408.80 अंक पर पहुंच गया। लगातार तीन दिन लुढ़कने के बाद दोनों प्रमुख सूचक. ांक हरे निशान में लौटे हैं।

आज सुबह गिरावट में खुलने के बाद कुछ ही देर में ये बढ़त में चले गए। दोपहर बाद ग्राफ तेजी से ऊपर गया। बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली तथा छोटी कंपनियों पर दबाव जारी रहा और वृहत बाजार में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.17 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.53 प्रतिशत टूट गया। ऑटो, वित्त, बैंकिंग, एफएमसीजी और धातु समूहों की कंपनियों में जहां लिवाली हुई, वहीं तेल एवं गैस, स्वास्थ्य, फार्मा, रियलटी और रसायन समूहों के सूचकांक नीचे बंद हुए। संसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर चार प्रतिशत से अधिक चढ़ा। ट्रेंट में तीन प्रतिशत की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटरनल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी और टाटा स्टील के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक मजबूत हुए। भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, इंडिगो, मारुति सुजुकी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर एक से दो प्रतिशत चढ़े। एशियन पेंट्स, एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनीलि. वर, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयर भी हरे निशान में रहे। बीईएल का शेयर सवा दो प्रतिशत से अधिक गिर गया। सनफार्मा एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। पावरग्रिड, भारती एयरटेल और एनटीपीसी के शेयर भी टूट गए।



## सोने की चमक फीकी चांदी के दाम भी लुढ़के

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने की चमक थोड़ी फीकी पड़ी है और चांदी के दाम भी लुढ़क गए हैं। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ग्लोबल मार्केट में भी आज सोने-चांदी की कीमतों में कमजोरी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एससीएक्स) पर आज ट्रेडिंग के दौरान सोने और चांदी दोनों में लाल निशान देखा गया। सोना 1,966 की गिरावट के साथ 1,56,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है, वहीं चांदी में बड़ी गिरावट आई है और यह 5,110 टूटकर 2,54,325 पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,58,520 प्रति 10 ग्राम चल रहा है। अगर आप गहने बनवाने के लिए 22 कैरेट सोना खरीदना चाहते हैं, तो इसका औसत भाव 1,45,900 प्रति 10 ग्राम के आसपास है। मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,58,800 प्रति 10 ग्राम पर है, जबकि कोलकाता में यह 1,58,580 पर बिक रहा है। सोने की खरीदारी करने वालों के लिए आज का दिन मिला-जुला है। देश के प्रमुख शहरों में सोमवार को 24 कैरेट सोने की कीमत की बात करें, तो चेन्नई में सोना सबसे महंगा 1,59,260 के स्तर पर बिक रहा है, वहीं हैदराबाद में इसकी कीमत 1,59,050 और बेंगलुरु में 1,58,920 प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## चावल, चीनी, दालों में तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ दालों और चीनी में भी तेजी रही। वहीं गेहूं में गिरावट देखी गई, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 69 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं छह रुपये सस्ता हुआ और 2,811 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटा भी 22 रुपये उतर गया। दाल-दलहनों में तेजी रही।

चना दाल औसतन 113 रुपये और तुअर दाल 107 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल में 96 रुपये और मूंग दाल में 55 रुपये की तेजी रही। उड़द दाल दो रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 82 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,654 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.56 प्रतिशत टूटकर 66.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 65 रुपये और वनस्पति की 51 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 185 रुपये और मूंगफली तेल 83 रुपये फिसल गया। सूरजमुखी तेल में 67 रुपये और सोया तेल में 31 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 87 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया।

चीनी भी 16 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7720.80 रुपये, मसूर काली 8073.80 रुपये, मूंग दाल 10141.97 रुपये, उड़द दाल 10731.21 रुपये, तुअर दाल 11197.75 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2811.44 रुपये और चावल 3849.69 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3286.21 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4298.02 रुपये और गुड़ 4994.01 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## डिजिटल कृषि की ओर तेजी से बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री अभियान को तेज गति दी है। इस पहल के जरिए किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ कृषि व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में खरीफ और रबी दोनों सीजन में डिजिटल क्रॉप सर्वे का व्यापक स्तर पर संचालन किया गया है।

इसके तहत राजस्व गांवों में खेतों और फसलों का डिजिटल सर्वे कराया जा रहा है, जिससे फसल संबंधी सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें और योजनाओं का लाभ किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा सके। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के कुल 1,08,935 राजस्व गांवों में से 95,765 गांवों का जियो-रेफरेंसिग कार्य पूरा हो चुका है। इसी आधार पर खरीफ और रबी सीजन में बड़े पैमाने पर खेतों का डिजिटल सर्वे किया गया है। खरीफ सीजन में 5,37,08,511 से अधिक प्लॉट का सर्वे अंतिम रूप से स्वीकृत किया गया, जबकि रबी सीजन में 5,56,44,677 से अधिक प्लॉट का सर्वे पूरा किया जा चुका है। किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री अभियान भी मिशन मोड में चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लगभग 2,88,70,495 लाभार्थी हैं। सत्यापन अभियान के बाद 2,31,36,350 से अधिक किसानों का डेटा उपलब्ध हुआ है। इनमें से अब तक 1,67,01,996 से अधिक पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी फार्मर रजिस्ट्री में शामिल हो चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का करीब 72.19 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त लगभग 28,37,162 ऐसे किसानों को भी फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत किया गया है, जो पीएम किसान योजना के लाभार्थी नहीं हैं।

राज्य सरकार का मानना है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का सटीक डाटाबेस तैयार होगा। इससे फसल बीमा, कृषि अनुदान, आपदा राहत और अन्य योजनाओं का लाभ सही किसानों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। सरकार के अनुसार कृषि क्षेत्र में डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग से उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होता जा रहा है। आने वाले समय में इन पहलों के जरिए किसानों को योजनाओं का लाभ और अधिक प्रभावी ढंग से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## एलपीजी संकट पर कांग्रेस ने केन्द्र सरकार को घेरा

नई दिल्ली, वार्ता

बजट सत्र के दूसरे चरण में संसद में जमकर हंगामा देखने को मिल रहा है। देश में हो रही एलपीजी की किल्लत को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी की कमी से हा-हाकार मचा हुआ है। इस किल्लत का असर आम लोगों पर हो रहा है। वहीं सरकार की तरफ से इन सभी दावों को खारिज किया गया है।

खड़गे ने कहा कि अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात आज इतने नहीं बिगड़ते। इस पर बीजेपी सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका और याद दिलाया कि ये प्रश्नकाल का समय है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मैं इस सदन का ध्यान वेस्ट एशिया में जारी तनाव के कारण देश में एलपीजी संकट की ओर दिलाना चाहता हूं। इस संकट से पूरे देश में इससे हा-हाकार मचा हुआ है।

इसका असर गरीब और कमजोर तबकों, मिडिल क्लास, आम घरों, रेस्टोरेंट, होटल पर ज्यादा पड़ रहा है। खड़गे ने कहा कि जब सरकार को पहले से स्थिति का अंदाजा था, तो समय पर जरूरी इंतजाम क्यों नहीं किए गए? उन्होंने कहा कि भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरतों का करीब करीब 60: प्रतिशत आयात करता है। इसमें भी 90 प्रतिशत आयात स्टेट ऑफ होर्मुज के रास्ते होता है। इस लिहाज से मौजूदा हालात गंभीर चिंता का विषय हैं। देश के करीब हर हिस्सों में इसका असर पड़ रहा है, घरों में लोग परेशान हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अफवाहों से बचने की बात कही है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित करती है।



■ तैयारी में नाकाम, खड़गे ने उठाए सवाल, ऐसे हालात में भी विपक्ष कर रहा राजनीति: नड्डा

## प्याज व आलू की पैदावार में बड़ी वृद्धि, टमाटर भी सुधरा

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के ताजा अनुमानों के अनुसार देश में प्याज और आलू की पैदावार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे घरेलू उपलब्धता मजबूत होने की उम्मीद है। यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्याज के रकबे में बड़ी वृद्धि देखी गई है। यह वर्ष 2023-24 के 15.41 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 2024-25 में 19.68 लाख हेक्टेयर हो गया है। यह 4.27 लाख हेक्टेयर यानी 27.74 प्रतिशत की भारी वृद्धि को दर्शाता है।

पैदावार के मोर्चे पर देखें, तो प्याज की पैदावार वर्ष 2024-25 में 307.67 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 242.67 लाख टन के मुकाबले 65 लाख टन यानी 26.79 प्रतिशत अधिक है। आलू की पैदावार में भी सकारात्मक रुख बना हुआ है। वर्ष 2024-25 में आलू की पैदावार 585.71 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले साल के 570.53 लाख टन से 15.18 लाख टन (2.66 प्रतिशत) अधिक है। आगामी वर्ष 2025-26 में आलू की पैदावार लगभग 584.47 लाख टन रहने की संभावना है। टमाटर की पैदावार में आगामी वर्षों में बड़ी तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2023-24 के 213.23 लाख टन की तुलना में 2024-25 में इसकी पैदावार 205.99 लाख टन अनुमा. नित है। वर्ष 2025-26 में टमाटर की पैदावार तेजी से बढ़कर लगभग 227.02 लाख टन पहुंचने की संभावना जताई गई है। इससे न केवल बाजारों में उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि किसानों की आमदनी को भी मजबूती मिलेगी।

# दरोगा भर्ती : दोषियों पर कसेगा शिकंजा

## बोर्ड करेगा विवादित प्रश्न की जांच, ब्लैक लिस्ट होगी पेपर बनाने वाली कंपनी!

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दरोगा भर्ती परीक्षा में पूछे गए विवादित प्रश्न की जांच करने के लिए पुलिस भर्ती बोर्ड आदेश दिया गया । जांच मैं दोषी पाए जाने पर पेपर बनाने वाली कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर करने के साथ-साथ उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

उत्तर प्रदेश में उप निरीक्षक एवं समकक्ष पदों पर हुई भर्ती परीक्षा के पहले दिन पूछे गए विवादित प्रश्न का मामला रविवार को चर्चा का विषय बन गया है। प्रश्न के साथ-साथ तीन विकल्प जो उत्तर के लिए दिए गए हैं उनमें पंडित शब्द भी अंकित किया गया जिसको लेकर सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज इसका विरोध जाता रहा है ब्राह्मण समाज के द्वारा विरोध जताने का मामला तूल पकड़ता प्रदेश सरकार ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ही मामले की जांच करेगा। जांच में जो जिम्मेदार सामने आएंगे उन पर कार्रवाई होगी। पेपर सेट करने वाली कंपनी ब्लैक लिस्ट भी की जा सकती है। मुकदमा भी दर्ज कराया जा सकता है।पंडित शब्द विकल्प में शामिल किए जाने पर विरोध किया जा रहा है ब्राह्मण वर्ग का कहना है कि यह शब्द अंकित करने से ब्राह्मण समाज को अपमानित किया जा रहा हैं। पहली पाली की परीक्षा में सामान्य हिंदी के सेक्शन में...

### पंडित शब्द विकल्प में शामिल किए जाने का हो रहा भारी विरोध

एक प्रश्न पूछा गया कि अवसर पर बदल जाने वाले के लिए एक शब्द लिखिए। विकल्पों में पंडित, अवसरवादी, निष्कपट और सदाच. ारी दिए गए थे। परीक्षा के बाद प्रश्नपत्र का यह हिस्सा सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। पंडित शब्द को विकल्प के रूप में शामिल किए जाने पर भारी विरोध शुरू हुआ था। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत भाजपा के तमाम विधायकों व नेताओं ने सीएम को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी। प्रकरण में जांच के आदेश दिए गए। प्रश्न पत्र किस कंपनी ने सेट किया? प्रश्न में उस विकल्प को क्यों और किसने दिया? इसके पीछे कोई साजिश रही है या लाप. रवाही? ऐसे तमाम सवालों के जवाब जांच अधिकारी तलाश करेंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। प्रकरण में एफआईआर भी दर्ज हो सकती है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस संबंध में एक पत्र जारी किया है। इसमें कहा कि भर्ती परीक्षा के एक प्रश्न में पंडित शब्द को विकल्प के रूप में शामिल करना बेहद अनुचित और आपत्ति. जनक है। किसी भी जाति, वर्ग या परंपरा से जुड़े शब्दों का इस तरह प्रयोग स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस मामले की जांच कर दोषी की पहचान की जानी चाहिए। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।उत्तर प्रदेश में उप निरीक्षक एवं समकक्ष पदों पर हुई भर्ती परीक्षा के पहले दिन पूछे गए विवादित प्रश्न का मामला रविवार को चर्चा का विषय बना रहा। सोशल मीडिया पर ब्राह्मण वर्ग का विरोध दिख रहा है। प्रदेश सरकार ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ही मामले की जांच करेगा। जांच में जो जिम्मेदार सामने आएंगे उन पर कार्रवाई होगी। पेपर सेट करने वाली कंपनी ब्लैक लिस्ट भी की जा सकती है। मुकदमा भी दर्ज कराया जा सकता है।

# राजनाथ से मिले कर्मचारी नेता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश द्ध बीएनएस ऋ के शिष्टमंडल ने अध्यक्ष आर के वर्मा एवं महामंत्री आर के निगम के नेतृत्व में देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर प्रदेश के कर्मचारियों - शिक्षकों की मांगों व समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।



रक्षा मंत्री से मुख्य रूप से शिक्षकों की टीईटी के बारे में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से उत्पन्न समस्या, मृतक आश्रित नियमावली - 1974 में किये गये अनावश्यक संशोधन, उर्दू बीटीसी - 2004 -05 बैच सहित अन्य शिक्षकों व मृतक आश्रित शिक्षकों/ शिक्षणेत्तर कर्मियों को जिनकी विज्ञप्ति - प्रशिक्षण - रिक्तियां नियुक्ति आदि अप्रैल 2005 के पहले हुई थी परंतु नियुक्ति अप्रैल 2005 के बाद हुई,को केंद्र सरकार की भांति ओपीएस का लाभ दिए जाने, संविदा - मानदेय आदि के कर्मचारियों के समायोजन/ नियमितीकरण, ओपीएस एवं समाप्त किए गए भत्तों की बहाली, कोविड काल में रोके गए डीए एरियर के भुगतान, केंद्र सरकार की राजाज्ञा दिनांक 4 जूलाई 2004 के अनुसार मकान किराया भत्ता दिये जाने पर चर्चा हुई। रक्षा मंत्री ने आश्वस्त किया कि वह इन बिंदुओं पर उ प्र के मुख्यमंत्री से बात कर निराकरण कराएंगे।

# धूमधाम से मनेगी झूले लाल जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भगवान झूलेलाल जयंती लखनऊ में 20 मार्च को बहुत ही हर्ष उल्हास के साथ मनाए जाने की तैयारियों पर चेट्टी चंद मेला कमेटी के पदाधिकारियों में सक्रियता बढ़ गई है।

सिन्धी बाहुल्य क्षेत्रों में शोभा यात्रा पर होगी फूलों की वर्षा , सिन्धी में कहते हैं कि आयोलाल सभाई चओ झूलेलाल जेको चवन्दो झूले लाल ताहिजा थीनंदा बेड़ा पार भगवान झूलेलाल जयंती 20 मार्च को धूम धाम से मनाई जाएगी तैयारियों को लेकर हुई एक होटल सुशांत गोल्फ सिटी में हुई बैठक में यह निर्णय हुआ कि मेला स्थल पर झूलेलाल वाटिका में होने वाले आयोजन में समाज के एक व्यक्ति विशेष को लाइफ टाइम अवार्ड दिया जाएगा साथ ही अच्छे कार्य करने वाले कुछ चुनिंदा समाज के लोगों सम्मानित भी किया जाएगा झूले लाल वाटिका में मेले में बड़ी संख्या में स्वादिस्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए जायेंगे मेले के आयोजन में भोपाल से आए गायक सिन्धी गीतों से माहौल बनायेंगे। चेट्टी चंद मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी अध्यक्ष रतन मेघानी महामंत्री संजय जसवानी कोषाध्यक्ष सतेन्द्र भावनानी श्याम कृषनानी राजू जसवानी सतीश लखमानी हंसराज राजपाल नितेश मध्यान विक्की दयलानी आनंद खत्री सहित सभी ने संयुक्त रूप से कहा कि 20 मार्च को महिलाएं स्कूटर रैली निकाल कर भगवान झूलेलाल जी की शोभा यात्रा में शामिल होंगी। शोभायात्रा शिव शान्ति आश्रम से निकलेगी संत मोहन लाल संत हरीश लाल जी झंडी दिखा कर शोभा यात्रा रवाना करेंगे। जो कि सिन्धी बाहुल्य क्षेत्रों में से सिंगार नगर, चंद्रनगर,आलमबाग ,माविया, चारबाग ,नाका हिंडोला चौराहे गणेश गंज फतह गंज अमीनाबाद, नजीराबाद, कैसर बाग लालबाग होते हुए हजरत गंज में एक घंटा रुकेगी, जहां पर इन्द्रा नगर से आने वाली शोभा यात्रा व समाज को संद. ेश देने वाली झाकियां अपना प्रदर्शन करेंगे जिसमें देश भक्ति पर कुछ कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

सिन्धी समाज डांडिया नित्य करते हुए क्लार्क अवध होते हुए झूले लाल वाटिका पहुंचेंगे, जहां पहले मेले का भव्य आयोजन होना है, 9 बजे सिन्धी समाज द्वारा भगवान झूले लाल जी महाआरती सामूहिक रूप ली जाएगी मेला स्थल पर भगवान झूलेलाल जी की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहेगी।

# जीएसटीएटी अपील पर संवादात्मक सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यू.पी. जीएसटी अपीलीय अधिकरण बार एसोसिएशन द्वारा लखनऊ स्थित होटल क्राउन प्लाज़ा में ऑनलाइन फाइलिंग ऑफ जीएसटीएटी अपील्स में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि एवं चुनौतियों के समाधानह विषय पर एक इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. जस्टिस (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा, अध्यक्ष, जीएसटी अपीलीय अधिकरण, उपस्थित रहे तथा उन्होंने जीएसटी अपीलीय अधिकरण के समक्ष अपील दायर करने में कर पेशेवरों द्वारा सामना की जा रही व्यावहारिक कठिनाइयों एवं जिज्ञासाओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया।इस अवसर पर जीएसटी अपीलीय अधिकरण की लखनऊ, वाराणसी एवं प्रयागराज पीठों से संतोष कुमार श्रीवास्तव न्यायिक सदस्य, नरेंद्र कुमार न्यायिक सदस्य, आलोक चोपड़ा तकनीकी सदस्य द्धकेंद्रऋ,अरविंद कुमार तकनीकी सदस्य (राज्य), महताब अहमद न्यायिक सदस्य, नरेंद्र बहादुर यादव न्यायिक सदस्य, अनंजय कुमार राय तकनीकी सदस्य (राज्य), उपस्थित रहे ।




इसके अतिरिक्त विभिन्न पीठों के रजिस्ट्रारगण, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्धछप्ब्ऋ के वक्तागण तथा जीएसटी विभाग, लखनऊ के अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

यू.पी. जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण बार एसोसिएशन के अध्यक्षकुमार सौरभ ने बताया कि इस सत्र में 150 से अधिक कर एवं विधि क्षेत्र के पेशेवरों ने सहभागिता की, जिनमें चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, अधिवक्ता, कास्ट अकाउंटेंट्स तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधि सम्मिलित थे।प्रतिभागियों ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न नगरों जैसे आगरा, बरेली, अयोध्या, बस्ती, कानपुर, वाराणसी, रायबरेली एवं प्रयागराज से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# भारतीय समाज एवं व्यापारी अपनी पहचान न भूलें: संदीप बंसल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल नेत्रिवेणी नगर इकाई द्वारा भव्य होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन त्रिवेणी नगर में किया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संदीप बंसल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय समाज एवं व्यापारियों को अपनी पहचान को भूलना नहीं चाहिए हमें याद रखना चाहिए कि हम उद्योग, व्यापार और ख्रषि के दम पर विश्व में सोने की चिड़िया कहलाते थे और आज हमें पेट्रोलियम उत्पादों सहित बहुत सी वस्तुओं पर दूसरे देशों पर आश्रित




होना पड़ रहा है। समय एक बार फिर परिवर्तित हो रहा है और इस परिवर्तन का वाहक व्यापारी समाज को ही बनना है। हमें स्वदेशी उत्पादों के बल पर पूरे विश्व में फिर से भारत की धाक जमानी है और उसके लिए हमें स्वयं को पहचानना पड़ेगा। सर्वप्रथम हमें अपनी गणना काल को याद करना पड़ेगा जो कि अभी हम विदेशी गणनाकाल से चल रहे हैं। हमारा गणना काल चौत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत से प्रारम्भ होता है। जो इस वर्ष कैलेंडर की तिथि 19 मार्च से प्रारंभ होगा। संदीप बंसल ने कहा कि किसी युवा के यदि माता पिता अशिक्षित हों, बहुत सुंदर न हो, बहुत योग्य न हो तो वो अपने माता पिता नहीं बदलता।

इस अवसर पर विधायक डा. नीरज बोरा भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी सभी को होली और नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की कवि सम्मेलन करने वाले प्रमुख कवियों में कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।कार्यक्रम का आयोजन त्रिवेणी नगर फैजुल्लागंज व्यापारमंडल के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत जायसवाल और उनकी पूरी टीम ने किया।इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, वरिष्ठ महामंत्री राजीव कक्कड़, अनुज गौतम, शुभम मौर्य, संदीप अग्रवाल, विनय अग्रवाल, संजय निधि अग्रवाल सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

# महानिदेशालय पर प्रदर्शन

**लखनऊ-ब्यूरो।** एक्स-रे टेक्नीशियन के अभ्यर्थियों ने महा. निदेशालय पर प्रदर्शन किया। ज्ञापन सौंप कर तीन वर्ष पूर्व हुई परीक्षा का परिणाम जारी करने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे एक-रे टेक्नीशियन अभ्यर्थियों का कहना था कि 3 वर्ष पहले परीक्षा कराई गई थी और जिसका परिणाम आज तक नहीं आ पाया।

स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियन पद पर चयनित अभ्यर्थियों ने स्वास्थ्य महानिद. ेशालय परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम जारी किया जाए। इस दौरान अभ्यर्थियों ने ज्ञापन भी सौंपा।ज्ञापन में अभ्यर्थियों ने बताया कि वह लोग उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्धन्ैैैब्ऋ द्वारा विज्ञापित एक्स-रे तकनीशियन द्धकुल 382 पदऋ भर्ती के अभ्यर्थी हैं। भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2023 से संचा. लित है। लिखित परीक्षा दिसंबर 2024 एवं दस्तावेज सत्यापन जून 2025 में संपन्न हो चुका है। इसके बावजूद अब तक अंतिम परिणाम घोषित नहीं किया गया है।आयोग के सचिव ने नवम्बर 2025 में कहा था कि भर्ती का अंतिम परिणाम समकक्षता निर्धारण संबंधी पत्र प्राप्त न होने के कारण लंबित है। शासन/स्वास्थ्य विभाग से संबंधित पत्र मिलते ही करीब सात दिन के भीतर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। इसके बाद भी अब तक परिणाम जारी नहीं किया गया है। अभ्यर्थी नवम्बर 2025, फरवरी 2026 में मुख्यमंत्री के जनता दरबार में भी ज्ञापन दे चुके हैं।

# पाल का जोरदार स्वागत किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी ।**समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल जी के जनपद आगमन पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजी. नियर मिर्जा शेखू के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान इमरान रज़ा,अनस अंसारी, राशिद अंसारी ,जावेद एडवोकेट, ज़मीर अहमद अंसारी ,और अधिवक्ता सभा के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया और पार्टी की मजबूती के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इंजीनियर मिर्जा शेखू ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में



समाजवादी पार्टी और समाजवादी पार्टी की नीतियों को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती पहुंचने का कार्य करेंगे।इस दौरान बड़ी संख्या में समाजवादी के समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कर्मचारियों के घर पर गैस भेजने की व्यवस्था की जाए

**लखनऊ।** इंडियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र एवं महासचिव प्रेमचन्द्र ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि कर्मचारियों के आवास पर गैस भेजने की व्यवस्था करे। वर्तमान में कर्मचारी दिन भर लाइन लगा रहे है। वे अपनी सरकारी ड्यटी पर भी नहीं जा पा रहे है। बायोमेट्रिक हाजिरी के कारण उनका वेतन भी कट जायेगा। कर्मचारी परिवार की दयनीय स्थिति हो गयी है। सरकार कर्मचारियों के आवास पर गैस पहुंचाने की व्यवस्था नहीं तो । कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के लिए आन्दोलन करना पड़ेगा। गैस न मिलने से कर्मचारी परिवार को दो जून भोजन नहीं मिल पा रहा है, वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है।

# इलेक्ट्रिसिटी रूल्स 2026 से डिस्काम की वित्तीय स्थिति पर गंभीर खतरा

## विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने चेताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कैप्टिव पावर से संबंधित इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) रूल्स, 2026 पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इन संशोधनों से देश की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्काम) की वित्तीय स्थिति परब अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इन नियमों के माध्यम से कैप्टिव पावर के दायरे को अत्यधिक व्यापक बना दिया गया है, जिससे बड़े औद्योगिक उपभोक्ता बड़ी संख्या में डिस्काम से बिजली खरीदने के बजाय कैप्टिव स्रोतों से बिजली लेना शुरू कर देंगे। इससे डिस्काम की बिजली बिक्री में भारी गिरावट आने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि डिस्काम की आय का प्रमुख स्रोत औद्योगिक उपभोक्ता होते हैं, जो अपेक्षाख्रत अधिक टैरिफ पर बिजली लेते हैं और उसी से घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को क्रास-सब्सिडी प्रदान की जाती है। यदि उद्योग बड़ी संख्या में कैप्टिव पावर की ओर चले जाते हैं तो क्रास-सब्सिडी का पूरा ढांचा कमजोर हो जाएगा और डिस्काम का वित्तीय घाटा तेजी से बढ़ सकता है।संघर्ष समिति ने कहा कि नए नियमों में होल्डिंग कंपनियों, उनकी सहायक कंपनियों तथा अन्य ग्रुप कंपनियों को भी कैप्टिव उपभोक्ता मानने का प्रावधान किया गया है। इससे बड़े कारपोरेट समूह अपने समूह की विभिन्न कंपनियों के माध्यम से कैप्टिव बिजली का व्यापक उपयोग कर सकेंगे और डिस्काम से बिजली खरीद में भारी कमी आएगी।

उन्होंने कहा कि कैप्टिव स्टेटस के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने तक क्रास-सब्सिडी सरचार्ज और एडिशनल सरचार्ज न लगाए जाने का प्रावधान भी डिस्काम के राजस्व प्रवाह को प्रभावित करेगा। इससे वितरण कंपनियों पर अतिरिक्त वित्तीय दबाव पड़ेगा।विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इन नियमों की व्यापक समीक्षा की जाए तथा बिजली वितरण कंपनियों के हितों और उपभोक्ताओं को सस्ती एवं विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आवश्यक संशोधन किए जाएं। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के सुझाव पर ध्यान दें।

# होली मिलन समारोह में उमड़ा जन सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**तिलोई ( अमेठी )।** तिलोई विकास खंड के रजनपुर गांव में समाजसेवी रोहित सिंह द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और होली के रंग में सराबोर नजर आए। समारोह में बालीवुड के कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजक रोहित सिंह ने लक्ष्मी स्वरूपा कन्याओं की मौजूदगी में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पैतृक गांव में होली मिलन समारोह



आयोजित करने का उद्देश्य समाज में सकारात्मक संदेश देना और आपसी सौहार्द व भाईचारे के वातावरण को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने का काम करते हैं।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह मौजूद रहे। इसके साथ ही ब्लाक प्रमुख मुन्ना सिंह, भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी, वैभव मिश्रा, संजय सिंह, जय प्रकाश सिंह, मयंक प्रताप सिंह, अवनींद्र प्रताप सिंह, रामसुख, कृष्ण कुमार सिंह, रोमित सिंह, कुंवर अभिषेक सिंह, राजीव सिंह, दुर्योधन सिंह, अजीत प्रताप सिंह और सुजीत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

होली मिलन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कलाक. ारों की प्रस्तुतियों ने लोगों को देर रात तक बांधे रखा। पूरे कार्यक्रम के दौरान गांव और आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## मां-बेटे की धारदार हथियार से हत्या

**प्रतापगढ़।** जिले के अंतू थाना क्षेत्र में सोमवार को धारदार हथियार से मां और बेटे की हत्या कर दी गई। पारा हमीदपुर गांव में शिवपति (40) और उनके बेटे जयान मौर्य (12) के खून से लथपथ शव घर के एक कमरे में मिले। सोमवार सुबह घर में काम करने आए एक शटरिंग मिस्त्री ने शवों को देख इसकी सूचना पड़ोसियों को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मामले की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।

नोटः इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।

मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## स्कूल में छात्रा की हालत बिगड़ी, बेहोश

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** विकास खंड के गांव कबीरपुर के परिषदीय विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 03 की छात्रा अचानक बेहोश हो गई। स्कूल स्टॉफ ने छात्रा को तुरंत 108 एंबुलैंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। हालत में सुधार होने पर चिकित्सक ने उसे घर भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कबीरपुर के परिषदीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा मंतसा पुत्री अलीम अचानक बेहोश हो गई। यह देखकर

### उपचार के लिए कराया सीएचसी में भर्ती

स्टॉफ ने तुरंत 108 एंबुलैंस के माध्यम से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के बाद छात्रा की हालत सामान्य होने पर उसे घर भेज दिया गया। चिकित्साधीक्षक डॉ0 पल्लवी गंगवार ने बताया कि छात्रा को 108 एंबुलैंस के माध्यम से सीएचसी पर लाया गया था। छात्रा को उपचार दिया गया, हालत में सुधार होने पर उसे परिजनों के साथ घर भेज दिया गया।

# 2175 लाभार्थियों के खाते में भेजे गये एक-एक लाख रूपये



### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भेजी गयी पहली किस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले के 2175 लाभार्थियों के बैंक खातों में एक-एक लाख रूपये की पहली किस्त भेजी गयी। जबकि प्रदेश में 90 हजार परिवारों को 900 करोड़ रुपये की अनुदान राशि का अंतरण किया गया।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लों की अध्यक्षता तथा जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की उपस्थिति में लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए। इस दौरान लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण भी देखा व सुना गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने महिला लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये के प्रतीकात्मक चेक देकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने लाभार्थियों से कहा कि उनके खातों में भेजी गई पहली किस्त का उपयोग केवल मकान निर्माण में ही करें। दूसरी और तीसरी किस्त शासनादेश के अनुसार पहली किस्त के उपयोग के बाद ही जारी की जाएगी। उन्होंने लाभार्थियों से उज्ज्वला, आयुष्मान, राशन और पेंशन जैसी योजनाओं के पात्र होने पर आवेदन करने की भी अपील की। इस अवसर पर चेयरमैन श्रीमति शशि जैन, हसनपुर राजपाल सैनी, धनौरा प्रवीण अग्रवाल, अभिनव कौशिक, एडीएम गरिमा सिंह, मशीहा नजम सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने गैस एजेंसी के दफ्तर पर देखी सिलेंडर वितरण की व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने नगर के चौपला स्थित अनिल भारत गैस एजेंसी पर पहुंचकर गैस वितरण की व्यवस्था का मुआयना किया तो वहीं कई उपभोक्ताओं से बातचीत भी की।

### कई उपभोक्ताओं ने लगाया देर से सिलेंडर देने का आरोप

कुछ उपभोक्ताओं ने कहा कि पांच दिन पूर्व बुकिंग करने के बाद भी उन्हें अभी तक गैस नहीं मिली है।

बता दें कि इन दिनों अमेरिका व इजराइल और ईरान के बीच युद्ध चल रहा है। जिस कारण देश में एलपीजी गैस की किल्लत बढ़ रही है। लोग प्रतिदिन गैस एजेंसियों और ऑफिस के सामने लाइन लगाकर खड़े हो जाते हैं। सोमवार को एसडीएम ने अनिल भारत गैस एजेंसी पर पहुंचकर गैस वितरण की व्यवस्था देखी। संच. ालक अनिल से भी बातचीत की, उन्होंने तो गैस वितरण की व्यवस्था को सही बताया मगर कुछ उपभोक्ताओं ने एसडीएम से मिलकर गैस वितरण में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। आरोप लगाया कि उनकी गैस पांच छह दिन पहले बुक होने के बाद भी नहीं दी गई है जबकि जिन लोगों की जान पहचान है वे दो दिन या तीन दिन में ही बुक करके सिलेंडर भरवा कर ले जा रहे हैं। एसडीएम ने सभी के बयान दर्ज कराए और जांच की बात कही।



## छात्रों को राष्ट्र सेवा व अनुशासन का संदेश

### जेएस कालेज में पांच दिवसीय रोबर्स-रेंजर्स कैम्प शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जेएस हिन्दू डिग्री कालेज में रोवर्स-रेंजर्स के प्रवेश प्रमाण पत्र के लिए आयोजित पांच दिवसीय कैंप का रविवार को शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स प्रकृति प्रेमी होते हैं और विपरीत परिस्थितियों में भी जीवन जीने के आदर्श स्थापित करते हैं। इस दौरान डॉ. नवनीत विश्नोई, डॉ. रश्मि गुप्ता, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. गीतेश अग्रवाल व शरद गुप्ता मौजूद रहे। डॉ. नवनीत विश्नोई ने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण से व्यक्तित्व को बेहतर रूप दिया जा सकता है। श्रेष्ठ प्रशिक्षु अजय कुमार ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया, जबकि रोवर्स डॉ. उमेश कुमार ने अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। रेंजर्स प्रभारी डॉ. नीरज त्यागी ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और लक्ष्य प्राप्ति के बारे में जानकारी दी।



## विधायक ने करोड़ों की सड़क का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के संकल्प को दोहराते हुए हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भव्य शुभारंभ किया। विधायक ने ग्राम तिगरिया नादिरशाह से औगापुर एवं कोकापुर तक होने वाले विकास कार्यों का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए विधायक ने निम्नलिखित कार्यों की आधारशिला रखी। जिसमें ग्राम तिगरिया नादिरशाह से औगारपुर एवं कोकापुर तक 3000 मीटर लंबी नाली का निर्माण। क्षेत्र में सुगम आवागमन हेतु 5 किलोमीटर लंबा इंटरलॉकिंग मार्ग लगभग 2 करोड़ 35 लाख। इस अवसर पर विधायक खड़गवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार श्सबका साथ-सबका विकासश के मंत्र पर कार्य कर रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आदमपुर मंडल अध्यक्ष राजीव गोयल,निवर्तमान मंडल अध्यक्ष हेमराज सैनी व संजय शर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र खड़गवंशी, प्रधान संघ अध्यक्ष यशपाल प्रधान, नेमपाल ठेकेदार और ग्राम प्रधान अरुण कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।



## 80 लोगों को लगी एंटी रैबीज वैक्सीन

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर व देहात में कुत्ते और बंदरो का आंतक बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में सुबह से ही एंटी रैबीज की वैक्सीन लगवाने के लिए लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। अस्पताल बंद होने तक 80 से अधिक लोगों ने एंटी रैबीज की वैक्सीन लगवाई।गजरौला क्षेत्र में बंदर और कुत्तों के बढ़ते आतंक के बीच ऐसा कोई दिन नहीं जाता जिस दिन कुत्ते और बंदर किसी को अपना शिक. ार नहीं बनाते हों। सोमवार को भी नगर के सीएचसी में सुबह से ही एंटी रैबीज

### नगर व देहात में बढ़ा कुत्तों और बंदरो का आतंक

वैक्सीन लगवाने वाले लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। अस्पताल बंद होने तक 80 लोगों ने एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाए। वैक्सीन लगवाने आए लोगों ने बताया कि नगर में जहां कुत्तों ने ज्यादा लोगों को काटा तो वहीं गांवो में बंदरो ने ज्यादा लोगों पर हमला किया। चिकित्साधीक्षक डॉ.पल्लवी गंगवार ने बताया कि सोमवार को 80 लोगों को एंटी रैबीज की वैक्सीन लगवाई गई। सीएचसी में पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध हैं।

## स्कूल में बनी छोटी यूपीएससी, डीएम ने घोषित किये नतीजे



### चारू शर्मा ने मारी बाजी, छात्रों को मिले पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ब्लू बड्र्स इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों के अंदर बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि पैदा करने के लिए अनोखी पहल की गई। स्कूल में यूपीएससी की तर्ज पर बीबीपीएससी परीक्षा कराई गई, जिसमें प्रीलिम्स, मेंस और इंटरव्यू तीनों चरण पूरे नियम और अनुशासन के साथ कराए गए। सोमवार को अमरोहा की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने परीक्षा के अंतिम परिणाम घोषित किए और मेधावी छात्रों को बधाई दी। परीक्षा में चारू शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया और 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार पाया। अंश चौधरी दूसरे स्थान पर रहे, जिन्हें 5100 रुपये का पुरस्कार दिया गया। दक्ष चड्ढा ने तीसरा स्थान प्राप्त कर 3100 रुपये का नकद पुरस्कार जीता। इसके अलावा गोल्डी गहलोत, प्रद्युम्न यादव, विदुषी चौधरी, पियांशी चौधरी, शशांक सिंह, यश आर्य, कृतिका शर्मा हरितास, आर्यन, आराध्या सिरोही, सृष्टि चौधरी और शैफाली अग्रवाल को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए 1100-1100 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की निर्देशिका राखी अग्रवाल ने बताया कि इस तरह की परीक्षा कराने का उद्देश्य बच्चों को सिविल सेवा जैसी बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं के माहौल से परिचित कराना है।

## सुभासपा ने किया पंचायत चुनाव को मंथन



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी और समान अनिवार्य शिक्षा व्यवस्था लागू कराने की पक्षधर है ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सरकारी सेवाओं में स्थान हासिल कर सकें। विधानसभा क्षेत्र के गाँव कटाई व अब्दीपुर में सुभासपा द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि उन्होंने कहा कि पार्टी उत्तर प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी और समान अनिवार्य शिक्षा व्यवस्था लागू कराने की पक्षधर है ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सरकारी सेवाओं में स्थान हासिल कर सकें। इस दौरान मोहम्मद यूनुस सैफी, आदेश अमरोही, नवाजिश खां, छत्रपाल सिंह, आकाश, अमरजीत, गौरव, सतबीर, अनिल, हेम सिंह, हरदान सिंह, कृपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## गैस वितरण व्यवस्था दुरस्त कराई जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** नगर में गहराते घरेलू गैस संकट और वितरण प्रणाली में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद ने कड़ा रुख अपनाया है।

सोमवार को परिषद के पदाधिकारियों ने एसडीएम हिमांशु उपाध्याय से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान की मांग की। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट ने बताया कि क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ता गैस के लिए दर-दर भटक रहे हैं। सरकारी दावों के उलट, गैस की होम डिलीवरी पूरी तरह ठप है। उपभोक्ताओं को घंटों गैस एजेंसी के गोदामों पर लाइन में लगना पड़ रहा है। जिससे वहां भारी भीड़ की स्थिति बनी रहती है। गौरतलब है कि गैस की किल्लत से आक्रोशित उपभोक्ताओं ने बीते रविवार को सड़क जाम कर अपना विरोध भी दर्ज कराया था। ज्ञापन में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया कि एक ओर आम जनता गैस के लिए परेशान है, वहीं दूसरी ओर होटलों और ठेलों पर अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। परिषद ने मांग की है कि गैस का वितरण गोदाम के बजाय सीधे होम डिलीवरी के माध्यम से सुनिश्चित किया जाये। होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर हो रहे घरेलू गैस के अवैध उपयोग की तत्काल जांच हो। परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और होम डिलीवरी सुचारू नहीं की गई तो संगठन व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से पूजा चौधरी, नीरज शर्मा, मनोज गोयल, टेकचंद सिंह एडवोकेट, गिरीश पाल सिंह, नन्हे सिंह सैनी, कविता सैनी, सरफराज एडवोकेट और जाकिर हुसैन एडवोकेट सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



## बिजली पोल से गिरकर लाइनमैंन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** चौधरपुर बिजली घर क्षेत्र में बिजली पोल पर चढ़कर तार जोड़ रहे एक संविदा लाइनमैन को करंट लग गया, जिससे वह पोल से नीचे गिरकर घायल हो गया। साथियों ने उसे तुरंत उपचार के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार गंगवारी थाना पाकबड़ा निवासी संविदा कर्मी लाइनमैन जावेद चौधरपुर बिजली घर क्षेत्र में बिजली के पोल पर चढ़कर तार जोड़ने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट लगने से वह पोल से नीचे गिर पड़े और घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद साथियों ने उन्हें तुरंत चौधरपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद वह अपने घर लौट गए।

## दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत, दो घायल

### हाइवे पर शाम के समय बिजौरा ढाल के पास हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** दो बाइकों की टक्कर में एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई जबकि पीछे बैठे दो युवक घायल हो गए। टक्कर मारने वाला आरोपी युवक बाइक सहित फरार हो गया। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने सीएचसी से शव को पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेजा और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की बात कही।

जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम को करीब छह बजे थाना क्षेत्र के गांव बिजौरा निवासी मुकेश का 25 वर्षीय पुत्र विनोद गांव निवासी अतुल व आशु के साथ भटटे पर घोड़ी को चारा डालने जा रहा था। उसके पिता भी शादी ब्याह की

### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बघ्घियों में घोड़ी चलाते हैं। बताते हैं कि विनोद और उसके दोनों साथी जब गांव से कुछ दूर निकलकर हाइवे पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि विनोद गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अजय व आशु को भी चोट लगीं। हादसे के बाद आरोपी तो बाइक लेकर फरार हो गया, मगर आसपास के लोगों की मदद से घायलों को पास के ही निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर एक घायल को तो भर्ती कर लिया गया जबकि विनोद की हालत गंभीर होने पर उसे तुरंत सीएचसी भेजा गया। सीएचसी में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार की महिलाएं रोती बिलखतीं हुई सीएचसी पहुंच गए। पुलिस ने शोक संतृप्त परिजनों को समझा बुझाकर विनोद के शव को पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेजा। विनोद की मां कौशल देवी का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। बताते हैं कि विनोद अपने परिवार में बड़ा बेटा था, जबकि उसका एक छोटा भाई है। वहीं बताते हैं कि टक्कर मारने वाला आरोपी रखेड़ा गांव का निवासी है और डीजे बजाने का काम करता है। पुलिस ने परिजनों को आश्वस्त किया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## भाईचारे के साथ मनायें त्यौहार

### कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** आगामी ईद, रामनवमी और महावीर जयंती को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को अमरोहा नगर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सदर शैलेश कुमार दुबे ने की। सीओ अभिषेक यादव और प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। एसडीएम शैलेश कुमार दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि अमरोहा शहर आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता के लिए जाना जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से ईद और रामनवमी जैसे त्योहारों को मिल-जुलकर और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन को देने का आग्रह किया। वहीं, सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि त्योहारों के दौरान पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी। उन्होंने कहा कि संवे. दनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सीओ ने लोगों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सभी लोगों को सुरक्षित और आनंदपूर्वक पर्व मनाने में सहायता करना है। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अपुष्ट खबरों से सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी विवाद की स्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें, बल्कि तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। बैठक में उपस्थित खुर्शीद हैदर जैदी, चंदन नकवी, विशाल गोयल, फहीम शाहनवाज, एडवोकेट इरफान अशफाक, व मर नकवी, समीर खान अंसार मलिक, फजले चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे क्षेत्र में आपसी सौहार्द बनाए रखने में पूर्ण सहयोग करेंगे।

## ठगों ने महिला के खाते से 14.35 लाख रुपये निकाले

**शाह टाइम्स संवाददाता नोएडा।** साइबर ठगों ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा-4 स्थित चेरी काउंटी सोसाइटी में रहने वाली महिला के बैंक खाते से 14 लाख 35 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। शिवांगी गोयल ने न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उनका बैंक में बचत खाता है। इसी साल आठ जनवरी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने साइबर फ्रॉड करके उनके खाते से 14 लाख 35 हजार रुपये निकाल लिए। जब उन्हें इसकी जानक. ारी मिली तो उन्होंने तुरंत अपने बैंक से संपर्क किया। बैंक से पता चला कि साइबर ठगी के जरिए उनके खाते से यह रकम ट्रांसफर की गई है।

इसके बाद पीड़िता ने ऑनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कुछ रकम को फ्रीज करा दिया, लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।पीड़िता का कहना है कि उन्होंने इस मामले में पुलिस आयुक्त गौतमबुद्ध नगर को भी लिखित शिकायत दी। इसके बावजूद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। पीड़िता का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। इससे परेशान होकर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर थाना साइबर क्राइम को मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की। न्यायालय के आदेश पर अब पुलिस ने इस मामले में अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, उनकी जांच की जा रही है।

## नशा तस्करी के आरोप में आंध्र प्रदेश पुलिसका छापा, डिडौली से युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** क्षेत्र के डिडौली क्षेत्र से आंध्र प्रदेश पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी तहजीब आलम को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय पुलिस की मदद से की गई कार्रवाई के बाद आरोपी को जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी कर अपने साथ आंध्र प्रदेश ले जाया गया।

जानकारी के अनुसार डिडौली गांव के रहने वाले आरोपी तहजीब आलम के खिलाफ आंध्र प्रदेश में नशीले पदार्थों की तस्करी का मामला दर्ज है। वह काफी समय से पुलिस को चकमा देते हुए फरार चल रहा था। सोमवार शाम करीब चार बजे आंध्र प्रदेश पुलिस की एक टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से डिडौली क्षेत्र में दबिश देकर तहजीब को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी कर आरा. ेपी को अपने साथ आंध्र प्रदेश के ले गई। सीओ सिटी अघभिषेक यादव ने आंध्र प्रदेश पुलिस द्वारा तहजीब को गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि की।

# युवा खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तिष्ठ सेवा संस्थानम, प्रो. शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट, एस एस हास्पिटल, माय भारत तथा काव्योम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में युवा खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, विद्यार्थियों और खेल प्रेमियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में मुकेश शर्मा (सदस्य विधान परिषद), दुर्गेश त्रिपाठी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, युवा एकल अभियान), श्याम त्रिपाठी (पूर्व सदस्य, बाल आयोग), अखिलेश (क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रो. मंजुला उपाध्याय (अध्यक्ष), हेमंत उपाध्याय



(कोषाध्यक्ष, प्रो. शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट), डा. हिमांशु सिंह (निदेशक, एस एस हास्पिटल), प्रो. सीमा पांडेय (कार्यक्रम संयोजिका), डा. रमेश त्रिपाठी (सह संयोजक), योगेश तिवारी (उपाध्यक्ष, उत्तिष्ठ सेवा संस्थानम), विकास सिंह (माय भारत, खेल मंत्रालय भारत सरकार) अशोक त्रिपाठी द्धपूर्व आयकर अधिकारी), डा. अतुल सिन्हा (क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी), अनुज तिवारी द्धप्रांत उपाध्यक्ष, क्रीड़ा भारतीः, अभय उपाध्याय (मीडिया प्रभारी, भाजपा युवा मोर्चा), कौन्तेय जय अनमोल (अध्यक्ष, काव्योम फाउंडेशन), हिमांशु गर्ग द्धप्रधान संपादक, गर्ग टाइम्स), अमन (वसुधैव कुटुंबकम्) तथा मुख्य सहयोगी सुशील तिवारी (मिया बाय तनिष्क) भी मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुई, जिसके बाद खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। महोत्सव के पहले दिन क्रिकेट, रस्साकशी, शतरंज और खो-खो प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं के परिणामों में खो-खो में गांधी क्लब ने प्रथम स्थान और बीकेटी कालेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी बालक वर्ग में श्री राम स्वरूप मेमोरियल कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट प्रथम तथा श्री राम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय उपविजेता रहा। वहीं महिला वर्ग में श्री राम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय प्रथम और शिवाजी एनपीजी कालेज उपविजेता रहा। कुल आठ टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिनमें से चार टीमें सेमीफाइनल के लिए चयनित हुईं। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व और खेल भावना बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। आयोजकों के अनुसार महोत्सव के अगले दिन वालीबाल और बैडमिंटन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गिरीश यादव (युवा कल्याण एवं खेल मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार) उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के अंत में प्रो. मंजुला उपाध्याय ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ प्रथम सत्र का समापन हुआ।कार्यक्रम में लगभग 600 लोगों की उपस्थिति रही, जिनमें डा. ब्रह्म नंद पाठक, हरि ओम, राजाराम तथा वसुधैव कुटुंबकम् टीम के माधवेंद्र, आयुष, अनुभव, आर्यन, आकाश, रुचिर उपाध्याय और शिवाजी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। समारोह का संचालन प्रशांत प्रखर ने किया।

# गीतों पर झूमे कर्मचारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जन लोक कल्याण सफाई नायक संघ नगर निगम प्रयागराज संघ के तत्वावधान में आयोजित होली मिलन समारोह हो हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान होली के गीत संगीत की धूनों पर प्रतिभागी कर्मचारीगण मस्ती से झूमते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर गणेश चन्द्र केसरवानी ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कर्मचारियों की सभी मूलभूत समस्याओं का निस्तारण होगा। उन्हें किसी भी समस्या को लेकर अनावश्यक रूप से परेशान होने की जरूरत नहीं है। तत्पश्चात राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रान्तीय उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष तथा सफाई नायक संघ के संरक्षक अश्वनी कुमार श्रीवास्तव सभागार में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों,



सफाई कर्मियों को एक दूसरे की समस्याओं पर ध्यान रखने का भरोसा देते हुए कहा कि शिक्षित, संगठित और संघर्ष तीन बातों को ध्यान में रखकर कर्तव्य निष्ठा का पालन करने के लिए सभी को तत्पर रहना होगा। कार्यक्रम के दौरान संघ के अध्यक्ष निर्मल कुमार, महामंत्री राजशेखर, सचिव सुरेश कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार, मंत्री मिथलेश कुमार मालवीय, कुन्दन सिंह, कमला कांत, विन्दु कुमार, विरू, विवेक, उमेश शंकर, प्रमोद, अम्बेलाल, सुनील कुमार, गोपाल यादव, राममनोहर, बलराम त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## न्यूरोपैथी पर संगोष्ठी संपन्न



**प्रयागराज।** आइडियल होम्योपैथिक वेलफेयर आर्गेनाईजेशन प्रयागराज के तत्वावधान में एक वैज्ञानिक संगोष्ठी आई.एच डब्ल्यू.ओ. के फाउंडर मेंबर डा. भंवर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संगोष्ठी में आज का मुख्य विषय न्यूरोपैथी रहा। न्यूरोपैथी एक ऐसी स्थिति है जिसमें नसों को नुकसान पहुंचता है, जिससे दर्द, झुनझुनी, और संवेदनशीलता में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

## दरोगा भर्ती के अभ्यर्थी की संदिग्ध दशा में मौत

**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना क्षेत्र के नागवासुकि मंदिर के सामने गंगा में एक युवक का शव मिला। वह अमेठी का रहने वाला था। एक दिन पहले आयोजित हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में उसने हिस्सा लिया था। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। शिवकुटी थाना क्षेत्र के नागवासुकी मंदिर के सामने पीपे के पुल के पास अमेठी के पूरेमिश्र का पुरा निवासी आयुष तिवारी द्ध18ऋ का शव पानी में डूबा मिला है। छात्र गोविंदपुर में किराए का कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। दो दिन पहले आयोजित हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में उसने भाग लिया था। पिता ने बेटे की मौत को संदिग्ध जाहिर करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया।

# चार गुना का लालच देकर करोड़ों रुपये ठगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** शाहगंज थाना पुलिस ने टोगो रिटेल मार्केटिंग के निदेशक डा. पृथ्वी पाल सिंह शेट्टी समेत अन्य चार कंपनियों के सहयोगियों पर एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि कंपनी ने लोगों को 10 साल में चार गुना रुपये देने का लालच देकर करोड़ों रुपये ठगे हैं।

मिर्जापुर के विशेषरपुर निवासी राजीव सिंह ने पुलिस को बताया कि शाहगंज लीडर रोड स्थित टोगो रिटेल मार्केटिंग लिमिटेड कंपनी का निदेशक डा. पृथ्वी पाल सिंह शेट्टी है। आरोप है कि उसकी अन्य कई कंपनियां हैं। इसमें बरेली स्थित वियाल म्यूचुअल बेनिफिट निधि लिमिटेड, सुल्तानपुर स्थित पेट्रान माइंस एंड मेटलस लिमिटेड, लखनऊ स्थित जियोशाइन माइंस एंड मेटल्स लिमिटेड, मिलानी टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड शामिल हैं। आरोप है कि उक्त कंपनियों में राजीव सिंह और उनके साथी जितेंद्र कुमार मौर्य, मुकुंदी मौर्य, धर्मराज कुमार समेत करीब 20 लोग एजेंट के पद पर कार्य करते थे। शाहगंज ब्रांच में लोगों के पैसों का निवेश होता था। कंपनी में सभी एजेंट अपने रिश्तेदार समेत अन्य जानकारों से निवेश कराते थे। इसके एवज में कंपनी उन्हें प्रमाणपत्र देती थी। इसमें लालच दिया जाता था कि 10 साल बाद चार गुना रुपये दिए जाएंगे। समय बीतने पर जब निवेशक अपनी धनराशि प्राप्त करने के लिए निदेशक समेत अन्य कंपनी के लोग के पास पहुंचे तो वह हीलाहवाली करने लगे। इससे परेशान होकर निवेशकों ने राजीव सिंह और उनके सहयोगी एजेंटों के घर पहुंचकर मारपीट की और रुपये लौटाने की धमकी दी। बाद में कंपनी के निदेशक डा. पृथ्वी पाल बोगस के बारे में पता चला कि वह कंपनियां बनाकर लोगों से ठगी करता था। आरोप है कि कंपनी ने हजारों करोड़ रुपये की ठगी की है। कंपनी का नेटवर्क उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार, उत्तराखंड समेत महाराष्ट्र तक फैला है। इन सभी जगहों पर कंपनी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हैं। शाहगंज थाना प्रभारी कपिल कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## कुएं की सफाई के दौरान कर्मचारी की मौत

**प्रयागराज।** करेलाबाग नगर निगम वर्कशाप कार्यालय के अंदर कुऐं की सफाई करने के दौरान एक कर्मचारी की मौत हो गई है बताया जाता है कि कर्मचारी सरकारी विभाग में कार्यरत है और ठेकेदार उनसे काम करवा रहे थे घटना के बाद ठेकेदार मौके से फरार हो गया है अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं परिवार वाले भी पहुंच चुके हैं। करेलाबाग नगर निगम वर्कशाप कार्यालय के अंदर कुऐं की सफाई करने के दौरान एक कर्मचारी की मौत हो गई है बताया जाता है कि कर्मचारी सरकारी विभाग में कार्यरत है और ठेकेदार उनसे काम करवा रहे थे घटना के बाद ठेकेदार मौके से फरार हो गया है अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं परिवार वाले भी पहुंच चुके हैं मृतक कर्मचारियों का नाम है औरंगजेब खान और 55 वर्षीय उम्र है गाजीपुर के रहने वाले हैं बताया जाता है।

## दरोगा भर्ती के अभ्यर्थी की संदिग्ध दशा में मौत

**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना क्षेत्र के नागवासुकि मंदिर के सामने गंगा में एक युवक का शव मिला। वह अमेठी का रहने वाला था। एक दिन पहले आयोजित हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में उसने हिस्सा लिया था। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। शिवकुटी थाना क्षेत्र के नागवासुकी मंदिर के सामने पीपे के पुल के पास अमेठी के पूरेमिश्र का पुरा निवासी आयुष तिवारी द्ध18ऋ का शव पानी में डूबा मिला है। छात्र गोविंदपुर में किराए का कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। दो दिन पहले आयोजित हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में उसने भाग लिया था। पिता ने बेटे की मौत को संदिग्ध जाहिर करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया।

# पत्रकार मो. अशरफ खान का इंतकाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** खीरी निवासी पत्रकारिता जगत और समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखने वाले, खीरी एकता परिषद के अध्यक्ष एवं श्खीरी सत्यश न्यूज चौनल के प्रमुख मोहम्मद अशरफ खान अब हमारे बीच नहीं रहे। लंबी बीमारी से जूझते हुए रविवार, 15 मार्च को लखनऊ के एक अस्पताल में दोपहर लगभग 2 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर जैसे ही कस्बा खीरी पहुंची, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

**संघर्षपूर्ण और सेवाभावी जीवन**

मोहल्ला सैय्यद वाडा के निवासी मोहम्मद अशरफ खान न केवल एक निडर पत्रकार थे, बल्कि वे कौमी एकता और सामाजिक सद्भाव के एक बड़े पैरोकार भी थे। श्खीरी एकता परिषदश के माध्यम से उन्होंने वर्षों तक लोगों को एकजुट करने और मजलूमों की आवाज उठाने का काम किया। उनके डिजिटल प्लेटफार्म श्खीरी सत्यश ने कस्बे की छोटी-बड़ी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

**लखनऊ में ली अंतिम सांस, कस्बे में पसरा सन्नाटा**

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, खान साहब पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका उपचार लखनऊ से चल रहा था। रविवार दोपहर उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके चाहने वाले स्तब्ध रह गए। देर शाम जब उनका पार्थिव शरीर एम्बुलेंस से उनके पैतृक निवास सैय्यद वाडा लाया गया, तो उनके अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। कस्बे के बाजार और गलियों में सन्नाटा पसरा रहा और हर आंख नम नजर आई।

**गमगीन माहौल में सुपुर्दे-खाक**

रात लगभग 9 बजे जनाजे की नमाज ऐतिहासिक दरगाह शरीफ के मैदान में अदा की गई। इसमें हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, पत्रकार साथी और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इसके पश्चात, मीराताल स्थित कब्रिस्तान में उन्हें गमगीन माहौल में सुपुर्दे-खाक कर दिया गया।

जनाजे के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि अशरफ खान साहब की कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती। वे केवल एक पत्रकार नहीं, बल्कि खीरी की गंगा-जमुनी तहजीब के रक्षक थे।शोक संवेदनाओं का तांता

उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रेस क्लबों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। स्थानीय निवासियों ने कहा-

**अशरफ भाई ने हमेशा सच का साथ दिया**

मोहम्मद अशरफ खान अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार और प्रशंसकों की एक लंबी कतार छोड़ गए हैं। उनका जाना जनपद की पत्रकारिता और सामाजिक सक्रियता के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

# होली मिलन: देखने को मिली सौहार्द की मिसाल

**बांगरमऊ।** गंज मुरादाबाद ब्लाक सभागार में आयोजित होली मिलन समारोह में उत्साह और सौहार्द का रंग देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत कटियार ने उपस्थित लोगों को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

समारोह में भाईचारे, प्रेम और उल्लास की झलक साफ नजर आई। सर्वप्रथम एडीओ पंचायत देवेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत कटियार का माल्यार्पण कर स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक श्री कटियार ने उपस्थित नागरिकों , कार्यकर्त्ताओं एवं प्रधानगण को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर विधायक ने कहा कि आज हम सभी यहां प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द के पावन पर्व होली




के उपलक्ष्य में आयोजित होली मिलन समारोह में एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन में खुशियां, उमंग और आपसी प्रेम का संदेश लेकर आती है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें सिखाता है कि हम अपने मन के सारे भेदभाव, मनमुटाव और कटुता को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाएं और प्रेम तथा सौहार्द के रंगों से अपने जीवन को रंगीन बनाएं। रंगों की तरह ही हमारे जीवन में भी विविधता है, और यही विविधता हमारे समाज को सुंदर और मजबूत बनाती है। समारोह में पूर्व क्रय विक्रय अध्यक्ष मोनू सिंह,पूर्व जिला पंचायत सदस्य रावेंद्र सिंह, अतुल मिश्रा, संदीप बाजपेई,समाजसेवी प्रमेश चौधरी गुड्डू भैया , गुड्डू सिंह, सुशील कन्नौजिया, अजय तिवारी, रोहित सिंह आदि सहित प्रधान गण,क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## अभियान चलाकर फरार अपराधी को किया गिरफ्तार

**बांगरमऊ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने वर्षो से फरार चल रहे एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से उसे जेल भेजे जाने की कार्रवाई की गई।पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुढा निवासी झब्बू पुत्र महादेव लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी तलाश लगातार की जा रही थी।

# चार ट्रैक्टर चोर गिरफ्तार किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोंडा।** जिले की नवाबगंज पुलिस ने सोमवार को एक अंतरजनपदीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चोरी के पांच ट्रैक्टर बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इससे पहले इसी गिरोह से बहराइच जिले की पुलिस भी तीन ट्रैक्टर बरामद कर चुकी है।थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि बीते वर्ष 30 मई को थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव निवासी अनीस सिंह, 1 जुलाई को उसी गांव के हृदयराम तथा 28 अगस्त को अमेठी जनपद के



नसीराबाद निवासी प्रभावती ने ट्रैक्टर चोरी के मामले में स्थानीय थाने पर मुकदमे दर्ज कराए थे।मामले के खुलासे के लिए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस को सख्त निर्देश दिए थे। इसके बाद गठित पुलिस टीम ने कई दिनों तक लगातार अभियान चलाया। जांच के दौरान पुलिस ने बाराबंकी जिले से दो तथा सीतापुर से तीन ट्रैक्टर बरामद करने में सफलता हासिल की। सूत्रों के अनुसार जल्द ही दो और ट्रैक्टर बरामद होने की संभावना है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरोह के सदस्य किसानों को विश्वास में लेकर उनके नाम पर ट्रैक्टर फाइनेंस कराते थे और स्वयं डाउन पेमेंट जमा करते थे। इसके बाद वे ट्रैक्टर को 30 हजार रुपये प्रतिमाह किराये पर लेकर अलग-अलग जनपदों में ले जाकर अधिक कीमत पर बेच देते थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का पांच दिवसीय शिविर जारी

**बांगरमऊ ।** इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन ग्राम जमुनिया बंगर मे कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं को अक्षर ज्ञान ,अंकों को जोड़ना ,शब्दों को लिखना ,मात्राएं ,शब्दों को पहचाना अंको को पहचाना, शब्दों को जोड़कर पढ़ना, आदि जानकारी दी गई । इस अवसर पर महाविद्यालय से डा. अभय राजपूत व कन्हैयालाल उपस्थित रहे।

## गैस की किल्लत से उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ रही परेशानी

**बांगरमऊ।** नगर एवं क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत और उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती परेशानियों के बीच आज उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला की अध्यक्षता में गैस एजेंसी संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में एजेंसी संचालकों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ दावा किया कि उनके पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं और अब नेटवर्क की समस्या का भी पूरी तरह समाधान कर लिया गया है। यह सुनकर बैठक में मौजूद अधिकारियों ने राहत की सांस ली होगी, हालांकि बाहर खड़ी जनता शायद अब भी उसी नेटवर्क का इंतजार कर रही थी जो एजेंसी के भीतर ही मिलता है।दिलचस्प बात यह है कि जिन एजेंसियों के अनुसार सब कुछ हसामान्यह है, वहीं सुबह से शाम तक उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहती हैं। महिलाएं, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग के लोग घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद जब काउंटर तक पहुंचते हैं तो उन्हें बड़े अदब से बताया जाता है कि पहले केवाईसी कराइए, फिर कभी कहा जाता है कि नेटवर्क नहीं आ रहा, और कभी सिस्टम को ही अचानक बुखार चढ़ जाता है। नतीजा यह कि गैस कम और बहाने ज्यादा वितरित हो रहे हैं।बैठक में एसडीएम व पूर्ति निरीक्षक ने एजेंसी संचालकों को उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशान न करने तथा सुचारु रूप से गैस वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अब देखना यह है कि इस बैठक के बाद उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर आसानी से मिलेगा या फिर अगली बार किसी नई समस्या जैसे हसर्वर ध्यानमग्न हैहख्रका सामना करना पड़ेगा। फिलहाल जनता को यही तसल्ली है कि कागजों में गैस भरपूर है।

## शादी का झांसा देकर नाबालिक से दुष्कर्म, केस दर्ज

**गोण्डा।** जिले के वजीरगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासिनी महिला ने वजीरगंज पुलिस को तहरीर देकर अपने रिश्तेदार पर अपनी नाबालिग पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।जिसपर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच-पड़ताल कर रही है। पीड़ित मां ने बताया कि,कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत ताजपुर गांव के रहने वाले उसके दामाद के भाई के लड़के का रिश्तेदारी होने के चलते उसके वजीरगंज स्थित घर पर आना-जाना था।इस दौरान आरोपी शिवम का उसकी पुत्री के साथ बातचीत होने लगी तथा बीते 10 मार्च को उसने उसकी नाबालिग पुत्री को बाग में बुलाया और उसे बरगलाते हुये शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया।जब परिजनो को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने रिश्तेदारी होने के चलते विवाह की बात की लेकिन पीड़िता का कहना है कि,आरोपी कह रहा है कि बिना दहेज के वह उससे शादी नहीं करेगा।

# इनहौना में रोजा इफ्तार का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिंहपुर-अमेठी।** रमजान के पवित्र महीना पच्चीसवे रोजा पर रविवार को इन्हौना कस्बा में कांग्रेसी वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधान महबूब खां बुग्गी द्वारा रोजा इफ्तार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समुदाय के हज़ारों लोंगों के साथ ही क्षेत्र के सभी समुदाय वर्ग के लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत किया।

रोजेदारो ने देर शाम खजूर और पानी से अपना रोजा खोला। कार्यक्रम में पहुचें अमेठी कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि ऐसे पुन्य आयोजन समाज के सभी समुदायों,वर्गों को आपस में



प्रेम भावना, सामाजिक सौहार्द,एकता का संदेश देने का कार्य करते है। हमारी साझा विरासत गंगा जमुनी तहजीब आपसी भाईचारे की भावना को और अधिक मजबूती प्रदान करता है। रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल सभी लोंगों का आयोजक महबूब खां बुग्गी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेश त्रिवेदी,सर्वेश सिंह,बृजेश त्रिपाठी,अजहरूलहक बबलू,चन्द्रमोहन तिवारी,मोव वसीम, मेराज अहमद,कमाल अहमद,हरिनाम सिंह,देवेन्द्र शुक्ला,रवि बाजपेयी,राम प्रसाद गुप्ता,विनय सरोज,नसीर अहमद सहित तमाम गणमान्य मौजूद रहे।

## चूल्हे पर पकने लगीं रोटियां

**बाजार शुक्ल अमेठी।** रसोई गैस के संकट का असर अब गांवों में भी दिख रहा है। महिलाएं गैस की किल्लत को चुनौती देते हुए पुराने ढर्रे पर लौटती देखी जा रही हैं।घर-आंगनों में चूल्हे सुलगने लगे हैं चूल्हों की लिपाई के बाद रोटी बनाई जा रही है।

कुछ नवविवाहिताओं को इनपर रोटी बानने से परेशानी हो रही है। रसोई गैस सिलिंडर की कमी को भांपते हुए ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने इस संकट से निकलने की पहल शुरू कर दी है। महिलाओं का कहना है कि पहले की अपेक्षा चूल्हे पर खाना बनाना कम हो गया है। घर के सभी लोग गैस पर खाना पकाने के साथ अन्य कार्य करने के आदि हो गए हैं लेकिन जब गैस की कमी है तो उन्होंने चूल्हों पर कार्य करना शुरू कर दिया।वहीं बदलते दौर में नवविवाहिताएं चूल्हे पर खाना पकाना नहीं जानती उनके लिए यह समय काफी चुनौती भरा है। पर गैस की मारामारी को देखते हुए ऐसी महिलाओं ने भी अपने घरों में कंडे और लकड़ी से चूल्हा सुलगाकर खाना पकाना शुरू कर दिया है।कंडे व जलाऊ लकड़ी के भाव उक्त संबंध में स्थानीय ग्रामीण गृहस्थी महिलाओं से बात साझा की गई बताया गैस आए ना आए कोई फर्क नहीं पड़ता गांवों में अभी बहुत से घरों में जहां पशु है अपने घर के बनाए कंडों का इस्तेमाल कर रहे हैं लेकिन कुछ लोग घरों और बाजार से लकड़ी और कंडे खरीद रहे हैं। वह बताती हैं कि एक बोरी कंडे 150 रूपये में मिल रहे हैं, जिसमें करीब 50 किलो कंडे होते हैं।

# सुंदर भाटी गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस और अपराध शाखा गौतमबुद्धनगर की संयुक्त कार्रवाई में सुंदर भाटी गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार तड़के यमुना पुस्ता, ग्राम घरबरा के पास हुई मुठभेड़ के बाद इन्हें पकड़ा गया। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि शासन द्वारा चिन्हित सुंदर भाटी गिरोह के दो सदस्य किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस सूचना पर थाना ईकोटेक प्रथम पुलिस और अपराध शाखा की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए फायरिंग शुरू कर दी।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने धर्मेंद्र उर्फ डीके (निवासी कमबक्शपुर, थाना नॉलेजपार्क, गौतमबुद्धनगर) और अर्जुन (निवासी पटपड़गंज, वाल्मीकि कॉलोनी, थाना पांडवनगर, दिल्ली) को गिरफ्तार कर लिया।

इनके पास से एक .32 बोर की अवैध पिस्टल, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस (.32 बोर) तथा एक .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस (.315 बोर) बरामद हुए हैं। बरामद खोखा कारतूस पुलिस पार्टी पर चलाए गए थे।

यह दोनों बड़े ही शातिर किस्म के बदमाश है और इस गिरोह के सक्रिय सदस्य है।दोनों पर मुकदमे भी दर्ज है। पुलिस अभी यह पता लगाने में जुटी है कि यह किस वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे।

### अधिवक्ता भट्ट को अदालत से नहीं मिली अग्रिम जमानत

**नोएडा।** सेक्टर-70 में संचा. लित फर्जी 'इंटरनेशनल पुलिस एंड क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो' के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले में नामजद अधिवक्ता आरोपी आरिफ नासिर भट्ट को अदालत ने अग्रिम जमानत देने से मना कर दिया। अदालत ने कहा कि प्रकरण में लगाए गए आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। मामला थाना फेस-3 नोएडा में साल 2025 में दर्ज किया गया था। 10 अगस्त 2025 को पुलिस को सेक्टर-70 स्थित बीएस-136 में संचालित इस फर्जी ब्यूरो के बारे में सूचना मिली थी। तब पुलिस ने छह आरोपियों विभाष चंद अधिकारी, अराग्य अधिकारी, बाबूल चंद मंडल, पिंटू पाल, समापद मल और आशीष कुमार को गिरफ्तार किया था। ये आरोपी फर्जी संगठन के जरिए खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर की जांच एजेंसी से जुड़ा बताते थे और संस्था के नाम पर लोगों से दान और सदस्यता शुल्क के रूप में पैसा वसूलते थे।

# हीट वेव, कोल्ड वेव, एक्यूआई के कारण स्कूल में न हो प्रभावितः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के लिए प्रभावी हीट वेव एक्शन प्लान तैयार किए जाने के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान संभावित लू (हीट वेव) की स्थिति से जनसामान्य को सुरक्षित रखने हेतु समन्वित एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना रहा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में तापमान में लगातार वृद्धि एवं शहरीकरण के कारण हीट वेव की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे जनस्वास्थ्य, श्रमिक वर्ग, वृद्धजन, बच्चों एवं खुले में कार्य करने वाले व्यक्तियों पर विशेष प्रभाव पड़ता है। इसलिए जनपद स्तर पर एक सुदृढ़,



समयबद्ध एवं बहु-विभागीय हीट वेव एक्शन प्लान तैयार करना अत्यंत आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के लिए तैयार किए जाने वाले सिटी हीट वेव एक्शन प्लान को 20 मार्च 2026 तक अंतिम रूप देकर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्रेषित किया जाए। इसके लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिसमें अधिकतम तीन विषय विशेषज्ञ अथवा प्रतिष्ठित संस्थानों का चयन कर उनकी तकनीकी सहायता भी ली जा रही है। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करें।

# यमुना सिटी में एक वर्ष में 24 नए उद्योग शुरू हुए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी में एक वर्ष में 24 नए उद्योग शुरू हुए हैं। साथ ही करीब 795 नए आवंटियों को भूखंडों पर कब्जा दिया गया है। वहीं, अब दिसंबर 2026 तक यमुना सिटी में करीब 180 से ज्यादा उद्योग शुरू करने का लक्ष्य है, जिस दिशा में कंपनियों को भूमि दी जा रही है।यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) अधिकारी ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। व्यावसायिक उड़ान के लिए एयरोड्रम लाइसेंस भी प्राप्त हो चुका है। क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट होने से यहां देश विदेश के निवेशकों की रुचि बढ़ रही है।

कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनी अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए भूमि प्राप्त कर चुकी और कई के प्रस्ताव आ चुके हैं। शहर में सेक्टर-24, 28, 29, 32 व 33 औद्योगिक सेक्टर हैं। इन सेक्टरों में अबतक 3113 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन हो चुका है। साथ ही अभीतक 60 औद्योगिक इकाइयों को कंप्लीशन जारी किया जा चुका है, यानी इनका निर्माण कार्य पूरा हो गया है। वहीं, 33 इकाइयों में उत्पादन भी शुरू हो गया है। खास बात यह है कि ये सभी सेक्टर एयरपोर्ट के बिल्कुल नजदीक है। ऐसे में यीडा का लक्ष्य है कि एयरपोर्ट के शुरू होने से पहले अधिकतम औद्योगिक इकाइयों को उत्पादन के लिए तैयार कर लिया जाए, ताकि यमुना सिटी को एक मजबूत औद्योगिक क्लस्टर के रूप में विकसित किया जा सके।

**एक वर्ष में बढ़ी औद्योगिक गतिविधियां:** यमुना सिटी में पिछले एक वर्ष में औद्योगिक गति. विधियों में तेजी आई है। पहले के मुकाबले पिछले एक वर्ष में करीब तीन गुना कंपनियों में उत्पादन शुरू हुआ है, वहीं, करीब साढ़े तीन गुना से ज्यादा कंपनियों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। यीडा की सबसे बड़ी सफलता अटकी जमीन को खरीदकर लंबे समय से भूखंडों का इंतजार कर रहे आवंटियों को कब्जा देना रही है। पिछले एक वर्ष में करीब 795 आवंटियों को कब्जा दिया गया है।

716 **कंपनियों का नक्शा मंजूर:** क्षेत्र में अबतक कुल 716 कंपनियां अपनी औद्योगिक इकाइयों का नक्शा पास करा चुकी है। यीडा ने नक्शा पास कराने की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए बिल्डिंग प्लान मैनेजमेंट सिस्टम के तहत ऑनलाइन कर दिया है। आवंटी घर बैठे अपना नक्शा पास करा सकते हैं, ताकि निवेशकों को समय पर निर्माण शुरू करने में सुविधा मिल सके। नक्शा पास करा चुकी करीब 50 प्रतिशत ने यूनिट का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है।

1785 **निवेशकों का भूखंडों पर कब्जा:** यीडा तेजी से शहर में भूमि खरीद रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में भूमि खरीद समेत विकास कार्यों पर करीब साढ़े पांच हजार करोड़ से अधिक खर्च किए गए हैं। साथ ही कोर्ट में पैरवी कर भी वर्षों से फंसी जमीन की राह आसान बना रहा है। औद्योगिक सेक्टरों में निवेशकों को 1785 भूखंडों पर कब्जा दे दिया गया है। जिन निवेशकों ने कब्जे के बावजूद अभी तक नक्शा पास नहीं कराया है, उन्हें नोटिस भेजे जा रहे हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में आइजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की प्रगति एवं फीडबैक की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने असंतुष्ट फीडबैक एवं डिफॉल्टर श्रेणी में आने वाले प्रकरणों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार को निर्देशित किया कि जिन विभागों में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुए हैं, उनके संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन की जाती है और उसी के आधार पर जनपद की



रैंकिंग निर्धारित होती है। वर्तमान में जनपद की रैंकिंग प्रदेश में 20वें स्थान पर है, सभी अधिकारीगण इसमें और सुधार करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिकायतकर्ता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी अधिकारी शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता करें तथा निर्धारित समयावधि में शिकायतों का निस्तारण करें।

## कंपनी परिसर में शॉर्ट सर्किट से कबाड़ में आग लगी

**नोएडा।** फेज-2 क्षेत्र में विशेष आर्थिक जोन (एनएसईजेड) स्थित एक कंपनी परिसर के कबाड़ में रविवार रात आग लग गई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। दमकलकर्मियों ने तीन गाड़ियों की मदद से आग को पूरी तरह से बुझाया। गनीमत रही कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस के मुताबिक एनएसईजेड में हिन्दुस्तान डाक फार्ट कंपनी परिसर है। रविवार रात करीब नौ बजे परिसर में लगे बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट हो गया। इससे निकली चिंगारी पास में पड़े कबाड़ पर जा गिरी। देखते ही देखते आग भड़क गई। कबाड़ में ज्वलनशील सामग्री होने के चलते आग फैलती चली गई।

# अधिवक्ता को पीटने पर चार पुलिसकर्मी सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बिसरख थाना पुलिस पर एक अधिवक्ता को हिरासत में लेकर मारपीट करने का आरोप लगा है। पुलिस एक युवक की तलाश में उसके घर पहुंची थी, लेकिन वह नहीं मिला तो उसके अधिवक्ता भाई को ही थाने ले आई। अधिवक्ता का आरोप है कि उन्हें पूरी रात थाने में बंद रखकर पीटा गया। इस मामले में चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है।

यह घटना शनिवार रात की है। फेस टू क्षेत्र निवासी अधिवक्ता फरीद अहमद, जो सूरजपुर जिला न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं, अपने घर पर परिवार के साथ थे। तभी बिसरख कोतवाली के कुछ पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे। पुलिस उनके भाई की तलाश में आई थी, जो किसी अन्य मामले में वांछित था।

अधिवक्ता फरीद अहमद का आरोप है कि जब पुलिस को उनका भाई नहीं मिला, तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें जबरन घर से उठा लिया। परिवार के सदस्यों ने इसका विरोध किया, लेकिन पुलिसकर्मी उन्हें पकड़कर थाने ले गए।पीड़ित अधिवक्ता के अनुसार, बिसरख कोतवाली ले जाने के बाद उन्हें पूरी रात थाने में बंद रखा गया और उनके साथ मारपीट की गई। मारपीट के कारण उनके शरीर पर कई जगह चोट के निशान पड़ गए हैं। इस घटना की जानकारी मिलने पर अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश फैल गया।

रविवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज भाटी सहित कई अधिवक्ता बिसरख कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस की इस कार्रवाई को अवैध हिरासत बताते हुए विरोध दर्ज कराया और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

अधिवक्ताओं के विरोध के बाद अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई की। बिसरख कोतवाली में तैनात दो उपनि. रीक्षक श्रीपाल गिरी, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार और दो अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित अधिवक्ता की शिकायत के आधार पर पूरे मामले की विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

सेंट्रल जोन के एडिशनल डीसीपी आरके गौतम ने बताया कि अधिवक्ता के भाई पर मारपीट के संबंध में थाने पर मुकदमा दर्ज है पुलिस उसकी तलाश में उसके घर पहुंची थी। अधिवक्ता द्वारा दिए गए शिकायत पत्र में लगाए गए आरोपों की विभागीय जांच कराई जा रही है जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा।

## एक नजर

### पांच महीने में चौथी बार कटी महागुन मायवुड्स सोसाइटी की बिजली

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड ने सोमवार सुबह बिजली बिल जमा न करने पर ग्रेनो वेस्ट की महागुन मायवुड्स सोसाइटी की बिजली काट दी। पांच महीने में चौथी बार सोसाइटी की बिजली काटी गई है। सोसाइटी पर करीब 72 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है। आरोप है कि बार-बार नोटिस देने के बाद भी बिल्डर ने बिल जमा नहीं किया। वहीं निवा. सियों ने आरोप लगाया है कि समय से बिल जमा करने के बाद भी कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज कुमार झा ने बताया कि 18 फरवरी 2026 को 84.33 लाख रुपये का सोसाइटी का बिल जनरेट हुआ था। इसे 28 फरवरी तक जमा करना था। जमा न करने पर 15 मार्च को कनेक्शन काट दिया जाता। लेकिन बिल्डर ने 12 से 14 मार्च के बीच13 लाख रुपये जमा किए। जबकि अब भी 71.40 लाख रुपये बकाया है। ऐसे में कार्रवाई करते हुए बिजली काट दी गई। बता दें कि कनेक्शन काटे जाने से यहां रहने वाले 5000 से अधिक परिवार प्रभावित हैं। निवासियों ने बताया कि कनेक्शन कटने से जनरेटर की महंगी बिजली इस्तेमाल करने को मजबूर हैं। वहीं बिल्डर समय से पैसा जमा नहीं कर रहा, जबकि अगर निवासी मीटर रिचार्ज करने में देरी कर दें तो उसे आधे घंटे की भी मोहलत नहीं दी जाती है। इससे पहले 14 और 21 नवंबर व 15 दिसंबर को कनेक्शन काटे गए थे।

### ढाबे पर खाने के बिल के लिए मारपीट, वीडियो वायरल

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में खाने के बिल को लेकर हुए विवाद में ढाबे के कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। घटना रेलवे रोड स्थित प्रिंस ढाबे पर हुई, जहां 8 से 10 दबंगों ने कर्मचारियों को पीटा और धमकी देकर फरार हो गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, शिव वाटिका निवासी रमेश का रेलवे रोड पर प्रिंस ढाबा है। 12 मार्च की रात करीब 11 बजे कुछ लोग ढाबे से खाना पैक करवाकर जा रहे थे। उनका बिल 900 रुपए बना था।

जब कर्मचारियों ने उनसे खाने के पैसे मांगे, तो इन लोगों ने विवाद शुरू कर दिया और गाली-गलौज की। कुछ ही देर में उन्होंने कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। दबंगों ने लोहे की रॉड से भी हमला किया।मारपीट के बाद, दबंग कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

यह पूरी घटना ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि किस तरह दबंग ढाबे के कर्मचारियों को पीट रहे हैं।

मामले की शिकायत मिलने के बाद दादरी पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### नोएडा एयरपोर्ट पर रोजगार के लिए युवाओं की भूख हड़ताल

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले प्रभावित परिवारों के युवाओं ने सोमवार को एयरपोर्ट पर स्थाई नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही कई युवा भूख हड़ताल पर बैठ गए। इनका आरोप है कि उन्हें थर्ड पार्टी कंपनी के ऑफर लेटर मिल रहे हैं, जबकि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) ने अपनी सफाई में कहा कि युवाओं को नौकरी की पूरी गारंटी दी जा रही है।नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले 14 गांवों के 335 युवा हैं। उन्होंने 2019 में पांच लाख रुपये लेने की बजाय नौकरी का विकल्प चुना था। उनका कहना है कि अब जो नौकरियां दी जा रही हैं, वे किसी थर्ड पार्टी के कॉन्ट्रैक्ट पर हैं। इससे उन्हें किसी भी समय नौकरी खत्म होने का डर है, जो पुराने वादों के खिलाफ है। इसी वजह से उन्होंने पिछले वर्ष 11 सितंबर और दो दिसंबर की भर्ती प्रक्रिया का बहिष्कार भी किया था। वह लंबे समय से स्थाई नौकरी की मांग को लेकर विभिन्न विभागों और जेवर विधायक को पत्र दे रहे हैं, लेकिन उनकी मांग नहीं मानी जा रही। इसके बाद सोमवार को एयरपोर्ट साइट के बाहर गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। कई युवाओं ने स्थाई नौकरी की मांग को लेकर भूख हड़ताल भी शुरू कर दी है। धूप में भूख हड़ताल के चलते दो युवकों को स्वास्थ्य भी बिगड़ा। उन्हें मौके पर भी ओआरएस घोल पिलाया गया।

# नोएडा भंगेल एलिवेटेड पर बनेंगे चार लूप

- सात सेक्टर , सात सोसाइटी के एक लाख लोगों को फायदा, आईआईटी से अप्रूवल के बाद होगा टेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में एक लाख से ज्यादा लोगों को यातायात सुविधा देने के लिए भंगेल एलिवेटेड पर 4 लूप बनाए जाने है। इनका डिजाइन तैयार किया गया है। ये डिजाइन आईआईटी दिल्ली भेजा गया है। जीएम एके आरोड़ा ने बताया कि 14 दिन के अंदर आईआईटी से अप्रूव के बाद निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। करीब 4.5 किलो मीटर लंबी एलिवेटेड को नवंबर में खोला गया था। इस पर चढ़ने और उतरने के लिए सेक्टर-49-107 चौराहे पर



दोनों ओर दो-दो लूप बनाए जाएंगे। सेक्टर-37 से आकर सेवन एक्स सेक्टर की ओर जाने के लिए हनुमान मूर्ति के पास लूप उतरेगा।

इसी तरह सेवन एक्स से फेज टू की ओर से सूरजपुर की ओर जाने वालों के लिए लूप चढ़ाया जाएगा। इसके दूसरी तरफ सेक्टर-107 की ओर चढ़ने-उतरने के लिए लूप बनेगा। प्राधिकरण खुद बनाएगा लूप भंगेल एलिवेटेड ब्रिज कारपोरेशन ने बनाया। एग्रीमेंट के अनुसार उसके नीचे करीब 5 किमी लंबी सड़का भी वहीं बना रहा है। जिसे तीन महीने में पूरा किया जाएगा। लूप बनाने का काम प्राधिकरण खुद करेगा। एके अरोड़ा ने बताया कि आईआईटी से अप्रूवल आने के बाद टेंडर जारी किया जाएगा। चारों लूप का निर्माण एक ही कंपनी करेगी। समय से पूरा होने पर ये काफी फायदा देगी।

45 **करोड़ आएगा खर्च:** इन लूप को बनाने में करीब 45 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके बनने से एलिवेटेड रोड की वायबिलिटी काफी बढ़ जाएगी। क्योंकि सेवन एक्स सेक्टर में अधिकांश सोसाइटी है। अभी एलिवेटेड पर चढ़ने और उतरने के लिए यहां कोई लूप नहीं है।

इसलिए एलिवेटेड की वायबलिटी कम है। बनने से इस पर यातायात लोड बढ़ेगा। इसका असर एक्सप्रेस वे पर दिखेगा। वहां यातायात कम होगा।

# नवरात्र से पहले बदलेगा मौसम, तीन दिन बारिश की संभावना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों में मौसम का मिजाज बदलने के संकेत मिल रहे हैं। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार फिलहाल अगले तीन दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है, लेकिन इसके बाद बादल छाने और बारिश होने के आसार बन रहे हैं।

नोएडा में सोमवार धूप खिली रही, अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक 19 मार्च से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इसी दिन से चौत्र नवरात्र की शुरुआत भी हो रही है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन यानी 17-18 मार्च को आसमान में बादल मंडराते रह सकते हैं। जिससे तापमान में गिरावट के साथ गर्मी से कुछ राहत के आसार हैं।

**कब-कब होगी बारिश?:** पूर्वानुमान के अनुसार इस दिन न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस से ऊपर और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की संभावना है। 19 और 20 मार्च को आसमान में बादल छाने के साथ बारिश होने के आसार हैं।

**पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बदलेगा मौसम:** वहीं 21 मार्च को भी आंशिक बादल और हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से यह बदलाव देखने को मिल सकता है। बारिश होने से मौसम में हल्की ठंडक लौट सकती है, जबकि दिन के समय तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक बना रह सकता है।

# आईजीएल कर्मचारी बनकर बुजुर्ग महिला से साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक बुजुर्ग महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई हैं। साइबर ठगों ने गैस कनेक्शन काटने की धमकी देकर उनके बैंक खाते से 11 बार में करीब 21 लाख रुपये निकाल लिए। यह रकम 11 अलग-अलग ट्रांजैक्शन में निकाली गई।

पुलिस के अनुसार, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसायटी में रहने वाली गुजीब कालरा के मोबाइल फोन पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को आईजीएल गैस कंपनी का कर्मचारी बताया। उसने महिला को बताया कि उनका गैस बिल बकाया है और यदि तुरंत भुगतान नहीं किया गया तो कनेक्शन काट दिया जाएगा। देश में गैस सिलेंडर की किल्लत का हवाला देकर उसने महिला को डराया, जिससे महिला ने उस पर भरोसा कर लिया।

आरोपी ने महिला को एक लिंक भेजा और तत्काल बिल का भुगतान करने को कहा। महिला ने लिंक खोलकर उसमें बैंक खाते से संबंधित जानकारी भर दी। इस तरह साइबर ठगों को महिला के बैंक खाते की सारी जानकारी मिल गई। उन्होंने तुरंत गुजीब कालरा के खाते से अलग-अलग 11 ट्रांजैक्शन में कुल 21 लाख रुपये निकाल लिए। कुछ देर बाद महिला को बैंक से पैसे कटने के लगातार मैसेज आने लगे, तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ।

ठगी का पता चलते ही गुजीब कालरा ने तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन और स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने साइबर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। साइबर पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण शुरू

**नोएडा।** जिला अस्पताल में सोमवार से किशोरियों (14 से अधिक और 15 वर्ष से कम उम्र) को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाना शुरू हो गया। यह टीका प्रतिदिन सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक लगाया जाएगा। मार्च अंतिम सप्ताह या अप्रैल से आठ अन्य चिकित्सकीय संस्थानों में यह सेवा शुरू होगी। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने सेक्टर-39 नोएडा से एचपीवी वैक्सीन अभियान का उद्घाटन किया। जिला अस्पताल के अलावा छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिम्स और बाल चिकित्सालय में भी टीकाकरण शुरू किया जाएगा। जिले में 21,193 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया जाएगा।

# वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का ग्रेनो में कैंपस इसी साल होगा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का पहला कैंपस इसी साल ग्रेटर नोएडा में शुरू होने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण परिसर स्थित टावर टू में तीन मंजिल (6, 7 व 8वें तल) पर कैंपस बनने जा रहा है। यूनिवर्सिटी की प्रॉपर्टी एंड कमर्शियल ऑफिसर मैरियन जॉन्स व अन्य प्रतिनिधियों की तरफ से शीघ्र ही कार्य शुरू करने के संकेत दिए गए हैं। सोमवार को वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रति. निधियों ने नोएडा के सेक्टर 16बी स्थित मैक्स टावर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को परफॉरमेंस गारंटी दस्तावेज सौंपे। प्राधिकरण के इस कदम से ग्रेटर नोएडा को ग्लोबल एजुकेशन और इनोवेशन हब के तौर पर स्थापित करने में मदद मिलेगी और



उत्तर प्रदेश को इंटरनेशनल संस्थानों के लिए एक लीडिंग डेस्टिनेशन बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को और मजबूती भी मिलेगी। सीईओ एनजी रवि कुमार के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा में इस कैंपस को जल्द शुरू करने के लिए प्राधिकरण की तरफ से हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान यूनिवर्सिटी की प्रॉपर्टी एंड कमर्शियल ऑफिसर मैरियन जॉन्स के अलावा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओएसडी गुंजा सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक अजित भाई पटेल आदि मौजूद रहे। यूनिवर्सिटी प्रति. निधियों ने बताया कि यह कैंपस सस्टेनेबिलिटी, वॉटर मैनेजमेंट, एग्रीकल्चर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिजनेस इनोवेशन जैसे फील्ड में ग्लोबल टीचिंग, रिसर्च और इंडस्ट्री से जुड़े अध्ययन को मजबूती प्रदान करेगा। इस कैंपस के पहले चरण में बिजनेस एनालिटिक्स, मार्केटिंग, डेटा साइंस, सस्टेनेबल वॉटर फ्यूचर्स और एग्रीकल्चर में प्रोग्राम में शिक्षा प्रदान करने की योजना है।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# हाईटेंशन लाइन टूटकर बस पर गिरी, बस में लगी आग

■ करंट की चपेट में आकर सो रहा हेल्पर झुलसा
■ हालत नाजुक होने पर बरेली रेफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में रविवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज हवा के चलते 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन अचानक टूटकर रोडवेज के पास खड़ी एक बस पर गिर गई। तार गिरते ही बस में चिंगारी के साथ आग लग गई, और बस के अंदर सो रहा हेल्पर करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार, पीलीभीत-बहेड़ी मार्ग पर चलने वाली बसें रविवार रात रोडवेज के पास खड़ी थीं। इसी दौरान तेज हवा के कारण 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन अचानक टूटकर बस संख्या यूपी 26 टी 9897 पर गिर गई। तार गिरते ही बस में तेज चिंगारी के साथ आग भड़क उठी। उस समय बस के अंदर सो रहा हेल्पर अन्नू निवासी माधोटांडा, जिला पीलीभीत करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी के मुताबिक, पास में स्थित एक चाय की दुकान के संचालक ने हालात को भांपते हुए तुरंत बिजली विभाग को फोन कर लाइन बंद करवाई और दमकल विभाग को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

हालांकि तब तक बस का काफी हिस्सा जल चुका था। करंट से झुलसे हेल्पर को आनन-फानन में स्थानीय निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली की लाइन बंद न कराई जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि आसपास कई बसें और दुकानें मौजूद थीं। घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# बरेली में पंचायत बनी कत्लगाह

## दिन दहाड़े दामाद ने सास-साले को चाकू से गोद डाला

■ पत्नी से विवाद सुलझाने के लिए बुलाई गई थी पंचायत, ताबड़तोड़ हमले में पत्नी भी घायल, आरोपी फरार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव रहपुरा चौधरी में सोमवार को उस समय खूनखराबा हो गया, जब पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए बुलाई गई पंचायत अचानक कत्लगाह में बदल गई। दामाद ने गुस्से में आकर अपनी सास और साले पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उनकी निर्मम हत्या कर दी, जबकि बीच-बचाव में आई पत्नी को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी अफसर खान का अपनी पत्नी साइमा से काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद को सुलझाने के लिए सोमवार को गांव में राशिद के घर दोनों पक्षों की पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत के दौरान कहासुनी बढ़ गई और माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। इसी बीच अफसर ने जेब से चाकू निकाल लिया और अपनी सास आसमां (54) और साले आदिल (20) पर ताबड़तोड़ वार करने लगा। अचानक हुए इस खूनी हमले से वहां मौजूद लोग दहशत में आ गए। गंभीर रूप से घायल आसमां और आदिल को परिजन आनन-फानन में निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बीच-बचाव में आई आरोपी की पत्नी साइमा भी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिनदहाड़े हुए इस दोहरे हत्याकांड से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही



थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ ही देर में एडीजी जोन रमित शर्मा, एसएसपी अनुराग आर्य और एसपी सिटी मानुष पारीक भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद के चलते घटना होना सामने आया है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर कब्जे में ले लिया गया है, और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आकर दो गायों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** रविवार देर रात करीब 12:22 बजे सिंधौली फाटक के पास ग्राम नगरिया कल्यानपुर के निकट रेलवे ट्रैक पर दो गायों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रामपुर की ओर से बरेली की तरफ आ रही एक्सप्रेस ट्रेनों की चपेट में आकर दोनों गायों की मौत हुई।

दोनों घटनाएं रेलवे की डाउन लाइन पर हुई हैं।सबसे पहले 22420 एक्सप्रेस ट्रेन के चालक ने स्टेशन को सूचना दी कि पोल संख्या 1337 के 8/6 के बीच एक गाय ट्रेन से कट गई है। इसके कुछ देर बाद 14206 एक्सप्रेस ट्रेन के चालक ने भी सूचना दी कि पोल संख्या 1338 के 4/6 के बीच दूसरी गाय ट्रेन से कटने की जानकारी दी।सूचना मिलते ही रेलवे कर्मचारी रात में ही मौके पर पहुंच गए और ट्रैक पर पड़े अवशेषों को हटाकर लाइन को साफ कराया गया।स्टेशन मास्टर सोनिया रानी ने बताया कि दोनों घटनाओं की सूचना संबंधित ट्रेन चालकों द्वारा स्टेशन को दी गई थी। इसके बाद तुरंत रेलवे कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने ट्रैक से अवशेष हटाकर लाइन को साफ कर दिया, जिससे ट्रेनों का आवागमन सामान्य बना रहा।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली बिजली पोल से टकराकर पलटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** सोमवार दोपहर धनेटा-शीशगढ़ मार्ग पर बीथम बिजली घर जुन्हाई के पास परतापुर भट्टा से ईंट भरकर धनेटा की ओर जा रहा ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन बिजली पोल से टकरा गया। टक्कर लगते ही पोल टूट गया और ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खाई में पलट गई।

पोल टूटने से बिजली के तार सड़क पर फैल गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क के दोनों ओर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर चालक सोहनलाल शीशगढ़ की ओर से धनेटा की तरफ ट्रैक्टर को लहराते हुए चला रहा था। इसी कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बिजली पोल से जा टकराया। टक्कर लगते ही चालक ट्रैक्टर से कूद गया, जिससे उसे हल्की चोटें आईं। घटना स्थल के पास कुछ परिवार भी रहते हैं, लेकिन गनीमत रही कि हादसे के समय किसी को गंभीर नुकसान नहीं हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क से लोगों को हटाकर आवागमन सुचारु कराया। पुलिस के पहुंचने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

### इंस्पायर अवार्ड में योगेश का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** कस्बे के एसएसटी इण्टर कॉलेज के कक्षा 11 के मेधावी छात्र योगेश कुमार का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन किया गया है।

विद्यालय के प्रबंधक टीआर गंगवार ने बताया कि छात्र को 10 हजार की धनराशि सरकार द्वारा सीधे उसके खाते में ट्रांसफर कर दी गई है। उन्होंने बताया कि छात्र की मेहनत और लगन को देखते हुए इसका चयन इस अवॉर्ड के लिए किया गया है। छात्र के चयन होने पर सोमवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र गंगवार, फूला देवी आदि ने छात्र का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्र ने अवार्ड हेतु विषय अपने अध्यापक प्रवक्ता (रसायन विज्ञान) कमलेश कुमार के मार्ग दर्शन में किया, उन्होंने छात्र को इसके लिए प्रोत्साहित किया था।

### क्योलड़िया सीएचसी में 18 मार्च से एचपीवी टीकाकरण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**क्योलड़िया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र क्योलड़िया में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. मुगीश ने बताया कि यह टीका महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में काफी प्रभावी माना जाता है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा इस टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ 17 मार्च 2026 को किया जा रहा है, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र क्योलड़िया में यह टीका 18 मार्च से निशुल्क लगाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण में 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को यह टीका लगाया जाएगा। डा. मुगीश ने बताया कि टीकाकरण के लिए लाभार्थी के पास आधार कार्ड के साथ अपना मोबाइल नंबर या पिता का मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विकासखंड भदपुरा क्षेत्र की पात्र किशोरियां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र क्योलड़िया में ओपीडी समय के दौरान आकर निशुल्क टीका लगवा सकती हैं। उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों और लोगों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान का लाभ उठाएं, और अपनी बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं।

# मीरगंज बार चुनाव को लेकर युवा वकीलों का विरोध



■ चुनाव प्रक्रिया निरस्त करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मीरगंज बार एसोसिएशन की चुनावी प्रक्रिया इन दिनों जारी है और विभिन्न पदों के लिए नामांकन हो चुके हैं। बार एसोसिएशन के पदों के लिए 23 मार्च को मतदान होना प्रस्तावित है। चुनाव मॉडल वायलॉज के प्रावधानों के अनुसार कराए जा रहे हैं।

वायलॉज के अनुसार अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के लिए 25 वर्ष तथा सचिव पद के लिए 15 वर्ष की प्रैक्टिस का अनुभव अनिवार्य है।

इन शर्तों के कारण कई युवा अधिवक्ता चाहकर भी चुनावी मैदान में अपनी दावेदारी पेश नहीं कर सके। इसी को लेकर सोमवार को युवा वकीलों ने चुनावी प्रक्रिया के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। युवा अधिवक्ताओं ने चुनाव अधिकारी देवेश कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपकर वर्तमान चुनाव प्रक्रिया को निरस्त कर जनरल बॉडी के माध्यम से चुनाव कराए जाने की मांग की।

युवा वकीलों द्वारा दिए गए ज्ञापन पर कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी हस्ताक्षर कर समर्थन जताया है। ज्ञापन देने वालों में संजीव कुमार, अरुण गंगवार समेत कई अधिवक्ता शामिल रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

■ गन्ना भुगतान, जर्जर पुल और जाम की समस्या उठाई, समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** क्षेत्र की किसानों और आम जनता से जुड़ी समस्याओं को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के पदाधिकारियों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के नेताओं ने गन्ना किसानों के बकाया भुगतान समेत कई जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम छितोनिया से अलीगंज होते हुए देव. रेनिया नदी तक जाने वाले मार्ग पर बना छोटा पुल काफी समय से जर्जर हालत में है। बरसात के दिनों में नदी का पानी पुल के ऊपर से गुजरने लगता है, जिससे आसपास के कई गांवों का संपर्क कट जाता है। इससे किसानों को खेतों तक पहुंचने और बच्चों को स्कूल जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। किसानों ने प्रशासन से पुल और सड़क का शीघ्र निर्माण कराने की मांग की। इसके अलावा किसानों ने बहेड़ी स्थित केसर चीनी मिल पर गन्ना किसानों के बकाया भुगतान का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया। किसानों का कहना है कि पिछले सत्र का करीब 146 करोड़ रुपये का भुगतान अभी तक लंबित है, जिससे किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। कई बार आश्वासन मिलने के बावजूद भुगतान नहीं होने से किसानों में नाराजगी बढ़ रही है। ज्ञापन में नगर की अन्य समस्याओं का भी जिक्र किया गया। इसमें रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने, मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाने, नकटिया रोड पर अवैध बस स्टैंड और ई-रिक्शा स्टैंड के कारण लगने वाले जाम को खत्म कराने, नैनीताल हाईवे स्थित टोल प्लाजा पर कर्मचारियों के व्यवहार में सुधार, खराब सड़कों की मरम्मत, नालों की नियमित सफाई और नगर में समुचित पार्किंग व्यवस्था की मांग की गई।

प्रदेश सचिव दानिश बाबा (उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड) ने कहा कि किसानों और आम जनता की समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन किसानों के हित में आंदोलन करने को मजबूर होगा।

वहीं प्रदेश मीडिया प्रभारी चौधरी अजीत सिंह (उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड) ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन आज वही किसान अपने हक के लिए भटकने को मजबूर है। उन्होंने प्रशासन से गन्ना किसानों का बकाया भुगतान जल्द कराने और क्षेत्र की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने की मांग की। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# अकीदत के साथ मनाया गया एक रोजा उर्स-ए-मंजूरी

■ दरगाह पर रोजा इफ्तार में उमड़ी अकीदतमंदों की भारी भीड़, देश में अमन-चैन की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मोहल्ला शेखूपुर स्थित खानकाह-ए-आलिया मंजूरिया शाहिदिया जामिया गौसिया बशीरूल उलूम में हजरत शाह सय्यद मंजूर अली छोटे मियां साहब रहमतुल्लाह अलैह का सालाना एक रोजा उर्स-ए-मंजूरी सोमवार को बड़ी अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर दूर-दराज से बड़ी संख्या में अकीदतमंद दरगाह शरीफ पहुंचे।

उर्स की शुरुआत नमाज-ए-असर के बाद हुई, जिसमें नात व मनकबत पेश की गई, और उलेमा-ए-इकराम ने तकरीर करते हुए हजरत शाह सय्यद मंजूर अली छोटे मियां साहब की जिंदगी और उनकी तालीमात पर रोशनी डाली। इसके बाद सलातो-सलाम पेश किया गया, और फातिहा ख्वानी के साथ विसाली कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। कार्यक्रम में देश में अमन-चैन और खुशहाली के लिए विशेष दुआ भी की गई। इसके बाद दरगाह शरीफ पर सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इफ्तार का इंतजाम हजरत मौलाना सय्यद नूरी मियां बहेड़ी, मौलाना सय्यद हसनैन मियां, सय्यद सिब्तैन मियां और सय्यद फैजी मियां की ओर से किया गया। इस अवसर पर हाजी अलीम अहमद, रिजवान शानू, शकील अंसारी, एलआईयू इंस्पेक्टर अनुज चौधरी, कांग्रेस नेता सलीम अख्तर, सपा नेता नसीम अहमद, नगर पालिका परिषद के इंस्पेक्टर अहमद हसन, क्राइम इंस्पेक्टर मनोज कुमार, भाजपा नेता राहुल गुप्ता, हाजी आदिल शम्सी, सभासद नसीम अहमद, सभासद ताहिर पप्पू, रफत खान, हाफिज अब्दुल वाहिद खान, फरयाद हुसैन, हाजी रिजवान गुड्डू बशीरी, मुमताज शाहिदी, हाजी फहीम शेरी, इकबाल अंसारी, अली आजम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में मौलाना सय्यद नूरी मियां, मौलाना सय्यद हसनैन मियां, सय्यद सिब्तैन मियां और सय्यद फैजी मियां ने सभी मेहमानों और अकीदतमंदों का शुक्रिया अदा किया।

# तहसील में वकील-लेखपाल विवाद पर विराम



■ प्रशासन की मध्यस्थता में हुआ समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** वारिसान प्रमाण पत्र के आवेदन पर रिपोर्ट लगाने को लेकर शुक्रवार को अधिवक्ता मोर सिंह कोरी और लेखपाल उमाशंकर राना के बीच विवाद हो गया था। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की थी। विवाद बढ़ने पर मामले को निपटाने के लिए एसडीएम ने तहसील में वकीलों की बैठक बुलाई थी। बैठक के दौरान लेखपालों के पहुंचने पर दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक भी हो गई थी।

सोमवार को लेखपालों ने कार्य बहिष्कार कर वकील के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर तहसील परिसर में धरना देकर नारेबाजी की। इसके विरोध में वकीलों ने भी तहसील में प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी की। मामला तूल पकड़ने पर एसडीएम आलोक कुमार और एसओ अंजना दहिया ने दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल को सीओ कार्यालय में बुलाकर वार्ता कराई। अधिकारियों की मध्यस्थता में दोनों पक्षों के बीच लंबी बातचीत के बाद लिखित समझौता हो गया। दोनों पक्षों ने समझौते की प्रति पुलिस को सौंप दी। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुनील गंगवार ने बताया कि समझौते के बाद विवाद समाप्त हो गया है और कोई भी पक्ष आगे कार्रवाई नहीं करेगा। एसडीएम आलोक कुमार ने भी बताया कि वार्ता में दोनों पक्ष किसी प्रकार की कार्रवाई न करने पर सहमत हो गए हैं। वार्ता में बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामस्वरूप, सुनील गंगवार, भगवान सिंह, यशपाल यादव, मोर सिंह तथा लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह, गिरेंद्र और उमाशंकर राना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )

संख्या- 2977 /न०पा०प०ब०/कर/2025-26 दिनांक- 13.02.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तर्गत आराजी-686 वार्ड-1 जो मोहल्ला पंजाबी कालोनी कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्रीमती सीमा देवी पत्नी श्री आसेराम गंगवार के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-21.05.2025 के द्वारा श्रीमती सीमा देवी पत्नी श्री आसेराम गंगवार निवासी ग्राम अजीतपुर किच्छा उधमसिंहनगर ने श्रीमती शहाना पत्नी इकरार अहमद निवासी मोहल्ला शाहगढ़ कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्रीमती शहाना पत्नी इकरार अहमद निवासी मोहल्ला शाहगढ़ कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )

संख्या- 3177 /न०पा०प०ब०/कर/2025-26 दिनांक- 10.03.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तर्गत आराजी-398 वार्ड-11 जो मोहल्ला रामलीला कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री नरायण पुत्र श्री चोखे के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-23.04.1997 के द्वारा श्री तुलाराम पुत्र श्री रामभरोसे लाल पुत्रगण श्री नरायण दास निवासी मोहल्ला कानूनगोयान कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्रीमती रंजना शर्मा पत्नी हरिओम शर्मा निवासी महादेवपुरम शेरगढ़ रोड कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। इसके उपरान्त उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-27.09.2006 के द्वारा श्रीमती रंजना शर्मा पत्नी हरिओम शर्मा निवासी महादेवपुरम शेरगढ़ रोड कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्रीमती नन्ही देवी पत्नी श्री रामदास गुप्ता निवासी मोहल्ला रामलीला कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र दिनांक-1931 दिनांक-09.01.2026 के द्वारा नन्ही देवी की मृत्यु दिनांक-18.01.2017 को हो चुकी है। पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र दिनांक-1082 दिनांक-13.03.2023 के द्वारा नन्ही देवी के पति श्री रामदास पुत्र श्री छेदालाल की मृत्यु दिनांक-06.12.2008 को हो चुकी है। इसके उपरान्त उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-04.02.2026 के द्वारा श्री विनोद कुमार व अशोक कुमार व महेन्द्र कुमार व राकेश कुमार व संजीव कुमार व अवधेश कुमार पुत्रगण रामदास निवास. ीगण मोहल्ला रामलीला कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री मुकेश कुमार पुत्र सतीश व रीता देवी पत्नी श्री मुकेश कुमार निवासी मोहल्ला कानूनगोयान कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्री मुकेश कुमार पुत्र सतीश व रीता देवी पत्नी श्री मुकेश कुमार निवासी मोहल्ला कानूनगोयान कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

# सपा नेता के होली मिलन समारोह में जुटी भारी भीड़, आयोजक गदगद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** सपा नेता और भदपुरा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार द्वारा आयोजित किए गए होली मिलन समारोह में जहां पार्टी के दिग्गज नेताओं ने शिरकत की, वहीं क्षेत्र से जुटी भारी भीड़ से आयोजक गदगद नजर आए।

नवाबगंज से विधानसभा का चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार ने सोमवार को कस्बे के अर्बन बारात घर में पीडीए सद्भावना का होली मिलन समारोह का आयोजन किया था, इस आयोजन में सपा के दिग्गज नेताओं, क्षेत्र के सभी सपाइयों के साथ ही अपने समर्थकों को आमंत्रित किया गया था। आयोजन में शामिल हुए सपा के प्रदेशीय महासचिव और बहेड़ी विधायक अताउर्रहमान, पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, पूर्व जिला अध्यक्ष अगम मौर्य, शिवचरन कश्यप, महिला सभा की जिला अध्यक्ष सविता यादव, शुभलेश यादव ने भाग लिया। समारोह के आयोजक पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार के साथ ही एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सेंथल नगर पंचायत के अध्यक्ष कंवर एजाज शानू, पार्टी के विधानसभा अनिल गंगवार ने सभा नेताओं को फूल मालाएं पहनाकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंग. वार ने आयोजन की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि आज के समय में भाईचारा कम होता जा रहा है, उन्होंने इसके लिए गंदी राजनीति को जिम्मेदार ठहराया। समारोह में जिला पंचायत सदस्य तेजपाल गंगवार, छेदालाल दिवाकर, हाजी मुख्तियार अहमद अंसारी, सपा अल्प संख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव नजाकत खां, अधिवक्ता सुरेश पटेल, हृदय नारायन गंगवार, भगवान दास उर्फ मुन्ना गंग. वार, तसव्वर हुसैन अंसारी, रामकिशन गंगवार, द्वारिका प्रसाद, शहंशाह वली, वीरपाल गंगवार, प्रवीन गंगवार टीटू, मोबीन खां सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान वीडीसी सदस्यों ने भाग लिया। संचालन पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार ने किया।

# अब ऐप से भी गैस बुक होना मुश्किल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** रसोई गैस की बुकिंग को लेकर उपभोक्ताओं को अब भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि गैस एजेंसी के ऐप के माध्यम से भी सिलेंडर बुक नहीं हो पा रहा है। सुबह से लेकर रात तक लोग बार-बार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बुकिंग नहीं होने से उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से गैस बुकिंग करने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन गैस बुक नहीं हो पा रही है। अब ऐप पर लॉगिन करने के बाद भी बुकिंग का विकल्प सही तरीके से काम नहीं कर रहा है। कई बार कोशिश करने के बावजूद बुकिंग नहीं हो पा रही है। इससे उन लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# 41 लाख रुपये की लागत से बनेगा शीशगढ़ का मुख्य मार्ग

■ टेंडर प्रक्रिया पूरी, एक सप्ताह में शुरू होगा निर्माण कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे का डेढ़ किलोमीटर का जर्जर मुख्य मार्ग 41 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा। धनराशि स्वीकृत होने के बाद टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। इसी सप्ताह निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

बताते चलें कि शीशगढ़ कस्बे के बरेली बस अड्डा से लेकर बिलासपुर बस अड्डे तक करीब डेढ़ किलोमीटर की सड़क लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई थी, जो मरम्मत के अभाव में काफी समय से जर्जर हालत में थी। सड़क पर गहरे गड्ढे हो जाने से रास्ता निकलना भी मुश्किल हो गया था।

ग्रामीणों की शिकायत पर लोक निर्माण विभाग ने पेइचिंग कार्य शुरू कराया, लेकिन सड़क पर गहरे गड्ढों के कारण पेइचिंग कार्य भी नहीं हो सका, ठेकेदार अधूरा कार्य छोड़कर भाग गया था।

कस्बे की इस मुख्य सड़क से होकर पर्यटक उत्तराखंड के नैनीताल, भीमताल, अल्मोड़ा आदि स्थानों को जाते हैं, इसलिए यह सड़क और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। सड़क पर गहरे गड्ढे हो जाने से पर्यटकों को भी परेशानी होती थी।

### चेयरमैन नीलोफर ने प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर की थी सड़क निर्माण की मांग

कस्बे की जर्जर मुख्य सड़क के निर्माण के लिए चेयरमैन नीलोफर ने लोकनिर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को दिनांक 30 सितंबर 2025 को पत्र भेजकर जनहित में सड़क निर्माण की मांग की थी। चेयरमैन नीलोफर के पत्र को गंभीरता पूर्वक विचार कर प्रमुख सचिव द्वारा जर्जर सड़क के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई लोक निर्माण विभाग के खाते में 41 लाख रुपये की धनराशि भी पहुंच गई, टेंडर भी हो चुके हैं, अब इसी सप्ताह में निर्माण भी शुरू हो जाएगा। चेयरमैन नीलोफर का प्रयास सफल हुआ। अब कस्बे के लोगों को जर्जर सड़क के गड्ढों से निजात मिलेगी। कस्बे के लोगों ने चेयरमैन के इस प्रयास की सराहना की है।

शीशगढ़ कस्बे के मुख्य मार्ग की जर्जर सड़क के निर्माण के लिए 41 लाख रुपये की धनराशि शासन से स्वीकृत होकर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। इसी सप्ताह में निर्माण शुरू करा दिया जाएगा।

**भगत सिंह, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग बरेली**

## एक नजर

### क्वालिटी कंट्रोल विषय पर गोष्ठी




**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सेमिनार हाल में माइक्रो बायोलॉजी विभाग द्वारा शुगर इंडस्ट्री में माइक्रो बायोलॉजीकल क्वालिटी कंट्रोल विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, विवेक सिंह यादव, एचआर धामपुर शुगर मिल द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में सतवीर सिंह ने शुगर उद्योग में माइक्रो बायोलॉजीकल गुणवत्ता नियंत्रण की भूमिका, उत्पादन प्रकिया में सूक्ष्मजीवों के प्रभाव तथा गुणवत्ता बनाए रखने के विभिान्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दीं। वहीं विवेक सिंह द्वारा उद्योग में मानव संसाधन प्रबंधन, रोजगार के अवसरों तथा छात्रों के लिए आवश्यक कौशलों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में दौरान छात्रों ने अतिथियों से उद्योग से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने विस्तार से उत्तर दिया। यह व्याख्यान छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ। इस अवसर पर रजिस्टार राजीव कुमार, अमित बिश्नोई, प्राचार्य डा. दुष्यंत जैन, प्राचार्य फार्मेसी डा. विमल कुमार भारती, डा. समीर अहमद, प्रीति विश्नोई, विभाग की फैकल्टी मानसी, गौरव मलिक, डा. एकता मलिक, वैष्णवी अग्रवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन जौली चौहान द्वारा किया गया।

### शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक किया



**धामपुर।** आरएसएम डिग्री कॉलेज के रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथ दिन ग्राम सरकड़ा में फिट इंडिया मूवमेंट थीम पर उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस दिवस का उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करने तथा नियमित व्यायाम और खेलकूद को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. अमित कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव होता है। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और अनुशासित दिनचर्या से ही व्यक्ति शारीरिक एवं मान. सिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिनमें वॉलीबॉल, कबड्डी, रस्साकशी और कुर्सी दौड़ शामिल रहे। जिसमें स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह, ऊर्जा और टीम भावना के साथ भाग लिया। इस दौरान डा. जितेंद्र चौधरी, डा. रवि धनकड़, आदि उपस्थित रहे।

### हाईटेंशन लाइन से गन्ना जला



**नहटौर।** हाई वोल्टेज बिजली की लाइनों से निकली चिंगारी के कारण गन्ने के खेत में भीषण आग लग गई। आग से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पपसरा निवासी जितेंद्र पुत्र जसराम के गन्ने के खेत के ऊपर से हाई टेंशन बिजली की लाइनें गुजर रही हैं। चश्मदीदों और पीड़ित किसान जितेंद्र के मुताबिक आज शाम इन्हीं जर्जर तारों से अचानक चिंगारी निकली। चिंगारी ने सूखी पत्तियों और खड़ी गन्ने की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे खेत में आग फैल गई। किसान जितेंद्र ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्होंने पहले भी विभाग को इन जर्जर तारों की शिकायत की थी और उन्हें बदलने या मरम्मत करने का अनुरोध किया था। हालांकि, विभाग ने इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अपनी फसल का नुकसान उठाना पड़ा। इस आगजनी में गन्ने की तैयार खड़ी फसल जलकर राख हो गई, जिससे किसान को भारी आर्थिक क्षति हुई है। घटना के बाद से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी है। किसान अब प्रशासन से अपनी फसल के नुकसान के लिए उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत



**चांदपुर।** किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर भाकियू (टिकैत) मासिक पंचायत का आयोजन किया। डाक बंगले पर आयोजित पंचायत की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष नितिन राणा ने की। पंचायत में 21 मार्च की शाम पांच बजे जनपद के सभी तहसील व ब्लॉक से सिसौली किसान भवन तीन दिवसीय प्राकृतिक खेती शिविर में पहुंचने की अपील की गई। सिसौली में आयोजित तीन दिवसीय शिविर में किसानों को ऑर्गेनिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी, कृषि विज्ञानिकों द्वारा कराई जाएगी। यूनियन के मिर्जापुरबरी मौहम्मद हनीफ ने किसान भाइयों से जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में ग्राम सिसोली पहुंचने की अपील की है। पंचायत में तहसील सचिव चौधरी हरीराज सिंह, चौधरी अमरपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह, नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, सुनील चौधरी, नगराध्यक्ष बब्बू शेख, मौहम्मद याकूब, मैराजू प्रधान, चौधरी महिपाल सिंह, नेपाल प्रधान, राजीव कुमार, रोहतास प्रधान, सलमान शेख, लवीशेख, सुधांशु चौधरी व संगठन के लोग उपस्थित रहे। संचालन राजीव चौधरी ने किया।

# गुलदार की दहशत बरकरार

## वन विभाग की टीम ने गुलदार पकड़ने के लिए लगाया पिंजरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** ग्राम मुकर्रमपुर में गुलदार के हमले में दस वर्षीय बच्ची की मौत के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीमें चौबीस घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी गुलदार को पकड़ने में नाकाम रही हैं।

गौरतलब है कि रविवार की सुबह करीब दस बजे मुकर्रमपुर निवासी अतुल कुमार के खेतों में गन्ने की बुवाई का काम चल रहा था। अतुल की पत्नी पिंकी अपनी 10 वर्षीय बेटी अदिति के साथ जंगल से घर लौट रही थीं। इसी दौरान, घात लगाकर बैठे गुलदार ने अचानक अदिति पर हमला कर दिया। गुलदार के हमले में अदिति की मौत हो गई।



घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गुलदार को पकड़ने के लिए इलाके में पिंजरा लगाया। हालांकि, घटना के चौबीस घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी गुलदार पिंजरे में नहीं फंसा है और वह अभी भी आजाद घूम रहा है। वन विभाग की टीमें इलाके में निगरानी कर रही हैं। इस घटना से स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में गुलदार की सक्रियता लगातार बढ़ रही है, लेकिन प्रशासन के पास इससे निपटने के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। उन्होंने वन विभाग से जल्द से जल्द गुलदार को पकड़ने और क्षेत्र को सुरक्षित बनाने की मांग की है।

# अलग-अलग हादसों में दो घायल

## गंभीर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** बीती रात धनौरा मार्ग पर ग्राम हरपुर दरबाड़ा के पास दो अलग-अलग बाइक सवारों को अज्ञात वाहन चालकों द्वारा जोरदार टक्कर मार दी गई। जिसमें वे बुरी तरह जख्मी हो गए।

बीती रात लगभग नौ बजे हरीप्रिया त्यागी निवासी ग्राम करोंधा चौधर बाइक पर जा रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन चालक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बिट्टू उर्फ आशीष व अरुण सैनी ने घायल को तुरंत प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया। इस घटना के एक घंटे बाद उसी स्थान के पास दूसरा हादसा हो गया। जिसमें शाहिद पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम चुचेला कलां (अमरोहा) की बाइक को भी किसी अज्ञात वाहन चालक द्वारा टक्कर मार दी गई। घटना की सूचना पर शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह अपनी गाड़ी के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायल को अपनी गाड़ी में उठाकर चुचेला कला पहुंचवाया जहां से घायल के परिजनों को सूचना दी।



सूचना पाकर घायल के परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह का धन्यवाद अदा करते हुए घायल को अपने साथ ले गए।

### आंधी-तूफान के चलते कई घंटे रही बिजली आपूर्ति ठप्प

**नांगल सोती।** आंधी तूफान और बारिश के चलते कई गांवों की बिजली आपूर्ति बंद हो जाने से ग्रामीण खासे परेशान रहे। बिजली कर्मचारियों ने 14 घंटे बाद बिजली आपूर्ति को सुचारू किया।

क्षेत्र के सौफतपुर बिजली घर से हरचंदपुर, मायापुरी, नांगल, जीतपुर, शहजादपुर, खानपुर, चमरौला, लाल. पुर मान सहित दस गांव जुड़े हैं। बीती रात करीब 12 बजे तेज़ आंधी-तूफान में कई जगह खंबे टूटने और पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। बिजली आपूर्ति बाधित होने से हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। आज दोपहर करीब दो बजे बिजली कर्मियों के द्वारा बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। बिजली आपूर्ति बहाल होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी

## लाभार्थियों के चेहरे खिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**स्योहारा।** पीएम आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत नगर के लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपए की पहली किस्त प्रदान की गई। इस योजना का शुभारंभ सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा बटन दबाकर किया गया। जिसके माध्यम से प्रदेश भर के लगभग 90 हजार लाभार्थियों के खातों में सीधे धनराशि ट्रांसफर की गई। जैसे ही लाभार्थियों के खातों में राशि पहुंची उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी और लोगों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजना की सराहना की।

इस मौके पर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। पीएम आवास योजना (शहरी) भाजपा की उन महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है, जिसके माध्यम से देश और प्रदेश के लाखों गरीब परिवारों को पक्का घर मिलने का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा लाभार्थियों के खातों में भेजी गई धनराशि से नगर के कई जरूरतमंद परिवारों को अपने घर का निर्माण शुरू करने में बड़ी मदद मिलेगी। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि पहले 247 के पीएम आए थे, इस बार 124 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिला है। पालिका की ओर से कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत करते हुए घर-घर जाकर पात्र लाभार्थियों की जानकारी एकत्र की और उनका सत्यापन किया। इस दौरान यह विशेष ध्यान रखा गया कि नगर का कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे उन्होंने कहा कि पालिका लगातार प्रयास कर रही है कि सरकार की हर योजना का लाभ नगरवासियों तक समय पर और पारदर्शिता के साथ पहुंचे। वहीं अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पालिका प्रशासन द्वारा पात्र लाभार्थियों का चयन नियमों के अनुसार किया गया है और यह सुनिश्चित किया गया है कि वास्तव में जरूरतमंद लोगों को ही इस योजना का लाभ मिले उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर गरीब परिवार को पक्का घर मिले और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस पूरे कार्य को सफल बनाने में अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल, पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी सभी वार्ड सभासदों और पालिका कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा सभी ने मिलकर यह प्रयास किया कि नगर के अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को सरकार की इस योजना का लाभ मिल सके और कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति इससे वंचित न रहे।



इस मौके पर सभासद पति वसीम उर्फ बबली कुरैशी, भाजपा सदस्य मौहम्मद अकरम, विनोद तोमर, दिलशाद अंसारी, सभापति कफील अहमद, पालिका कर्मचारी हरीओम, पंकज कुमार, रामगोपाल, ओम प्रकाश, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों ने सरकार और पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से उनके पक्के घर का सपना अब साकार होने जा रहा है और उन्हें एक नई उम्मीद मिली है।

# राजकीय आईटीआई बिजनौर में वृहद रोजगार मेला आज

**बिजनौर।** जिला सेवायोजन अधिकारी बिजनौर विशाल राठी एवं राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद के हर बेरोजगार युवा को उसकी योग्यता अनुसार रोजगार दिलाने के उद्देश्य से आज प्रात: 10:00 बजे से राजकीय आईटीआई बिजनौर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे इस मेले में लगभग 40 कंपनियां प्रतिभाग कर जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी, जिसमें स्थानीय स्तर की कंपनियां भी उपलब्ध रहेगी। महिला अभ्यर्थियों के लिए विशेष काउंटर की व्यवस्था की गई है, जिसमें हीरो मोटर कॉर्प हरिद्वार एवं दिव्य ज्योति नर्सिंग होम बिजनौर उपलब्ध रहेगी। सभी युवाओं से अपेक्षा है कि वह आज प्रात: 10:00 बजे अपने समस्त प्रमाण पत्रों के साथ राजकीय आईटीआई बिजनौर में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

# नहर पर पुल का निर्माण करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोतवाली देहात।** ग्राम बरुकी में सर्विस रोड पर नहर पर पुल बनाकर मार्ग चालू करने की मांग ग्रामीण पिछले काफी समय से कर रहे हैं। अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एनएचएआई के बिजनौर मार्ग स्थित प्लांट पर धरना शुरू कर दिया। एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त न होने के कारण काम रुका हुआ है।अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा।

ग्राम बरुकी में ओवर ब्रिज शुरू हुए काफी समय बीत गया है। बिजनौर मार्ग पर सर्विस रोड पर नहर निकल रही है। नहर पर बना पुराना पुल तोड़ दिया गया है। जिसके चलते मार्ग बंद हो गया है। ग्रामीण पिछले काफी समय से नहर पर पुल के निर्माण की मांग कर रहे हैं लेकिन नहर पर पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर धनकड़ के नेतृत्व में नगीना बिजनौर मार्ग स्थित कार्यालय पर पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर धर्मवीर धनकड़ ने कहा कि एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा लगातार वादाखिलाफी की जा रही है। वह कई बार पुल के निर्माण का वादा कर चुके हैं लेकिन अभी तक पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। पुल का निर्माण न होने के कारण सभी लोगों को ओवरब्रिज से होकर जाना पड़ रहा है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। उन्होंने अति शीघ्र नहर का पुल के निर्माण की मांग की। इसके बाद भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए।



इस संबंध में एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया है कि नहर पर पुल के निर्माण के लिए सिंचाई विभाग को पत्र भेजा गया है। सिंचाई विभाग से अभी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष डा. विजय सिंह, ब्रजेश काकरान, तिलकराम खोवे, जय सिंह, पंकज सहरावत, मोंटी, चमन सिंह, रवि कुमार, अमरदीप आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**झालू।** मौहल्ला मौलवियान निवासी अरशद पुत्र मौहम्मद असलम ने थाना हल्दौर में दी गई तहरीर में बताया कि 12 मार्च की रात उसका छोटा भाई असद घर से बाजार में सामान लेने गया था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद नवेद, अजीम, आवेश और शावेज पुत्रगण हसीनुद्दीन निवासी मौहल्ला मौलवियान ने उसके भाई के साथ कहासुनी की। बताया गया कि बाद में असद ने बाजार में पहुंचकर एक परिचित के फोन से अरशद को सूचना दी। सूचना मिलने पर जब अरशद मौके पर पहुंचा, तो वहां मौजूद लोगों ने उसकी स्कूटी को बाइक से टक्कर मार दी। इसके बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। इस दौरान अरशद को चोटें आईं। मौके पर पहुंचे झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार आरोपियों द्वारा घटना स्थल पर छोड़ी गई एक बाइक को अपने साथ चौकी ले गए। घायल पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने नवेद, अजीम, आवेश और शावेज पुत्रगण हसीनुद्दीन निवासी मौहल्ला मौलवियान कस्बा झालू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**धामपुर।** के.एम.एस. पब्लिक स्कूल कश्मीरी में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम स्कूल प्रबंधन समिति के मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार तथा जिला अध्यक्ष कुंवर पाल सिंह तथा स्कूल के प्रबंधक अतुल कुमार चौहान ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की छात्रा माही चौहान ने किया। छात्र-छात्राओं मे अभिलाषा, दक्ष, नीतिका, नव्या, दीपाली, ईशानी द्वारा स्वागत गीत गा गया। कार्यक्रम में गौरव, प्रिंस, विराट, मिस्टी, प्रांजल, माहिरा, यश देव, यश लक्षण, अक्षर, यशिका, परी, अभिलाष, तपस्वी तथा हार्दिक ने अच्छी परफॉर्मेंस दी। अंत में मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष तथा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल के प्रबंधक अतुल कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की प्रधानाचार्या ललिता चौहान, कोऑर्डिनेटर मुकुल चौहान एवं समस्त स्टाफ ने सहयोग किया।

### पत्रकार के खाते से रकम उड़ाई

**बिजनौर।** पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद साइबर ठगी की घटनायें रुकने का नाम नहीं ले रहीं। हैकरों ने एक मीडियाकर्मी को मोबाइल हैक कर भीम ऐप से जुड़े विभिन्न बैंक खातों से 7 लाख 90 हजार रुपए से अधिक की धनराशि उड़ा ली। नगर के नई बस्ती, गुरूद्वारा रोड निवासी पत्रकार अतुल गर्ग के पर्सनल तथा उनकी फर्मों के नाम से उनके बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक व आईडीबीआई फर्स्ट बैंक में चार अकाउंट हैं। अतुल गर्ग का कहना है कि हैकरों ने उनका मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद उनके मोबाइल में मौजूद भीम ऐप से जुड़े चार बैंक खातों से अलग-अलग डेट में रकम निकाल ली गई। इतना ही नहीं, हैकरों ने उनका फेसबुक आईडी और मोबाइल नंबर भी क्लोन कर लिया। हालांकि बाद में मोबाइल सिम को रिकवर कर लिया गया, लेकिन फेसबुक आईडी में पासवर्ड और ई-मेल बदल दिए जाने के कारण अभी तक उसकी रिकवरी नहीं हो सकी है। फ्रॉड की जानकारी मिलते ही अतुल गर्ग ने साइबर थाने में सूचना दी। पुलिस ने 12 मार्च को मामला दर्ज कर साइबर सेल के माध्यम से जांच शुरू कर दी है। एएसपी सिटी डा. केजी सिंह का कहना है कि ट्रांजैक्शन से जुड़े खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

### मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बने अमित रस्तोगी



**धामपुर।** श्री साईं पैथोलॉजी लैब खारी कुआं पर श्री गौरी शंकर मंदिर कमेटी 2026 की एक मीटिंग का आयोजन हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से अमित रस्तोगी ग्लोबल ग्राफिक्स वालों को अध्यक्ष, संजय जैन किताबों वालो को महामंत्री, राहुल गुप्ता एडवोकेट कोषाध्यक्ष, शिवांश शर्मा शिवा को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल कटका, सुशील महेश्वरी, सौरभ मालपानी, शरद कौशिक, डॉ. ईश्वर चंद्र शर्मा, दिव्या, आलोक शर्मा और जितेंद्र वर्मा, आशुतोष वर्मा, आशीष शर्मा बिट्टू, अभिषेक गुप्ता फार्म हाउस वाले, यतेंद्र शर्मा एडवोकेट, रोहित माहेश्वरी, सुगम जैन आदि शामिल रहे।

### बुकिंग के बाद ही मिलेगा सिलेंडर

**अफजलगढ़।** ईरान व इजरायल-अमेरिका युद्ध के दौरान घरेलू गैस की किल्लत के बीच अफजलगढ़ इंडेन गैस एजेंसी, अफजलगढ़ के संचालक अखिलेश कौशिक ने उपभोक्ताओं को आश्वास्त करते हुए कहा कि उनके यहां घरेलू कुकिंग गैस की कोई कमी नहीं है, मगर शर्त है कि उपभोक्ता को गैस सिलेंडर बुकिंग के बाद ही मिलेगा। अखिलेश कौशिक ने कहा कि उनके यहां गैस लेने वालों की कोई भीड़ अथवा लाइन नहीं लगी है। उन्होंने कहा कि वे लोग जरूर भीड़ लगा रहे हैं, जिनकी बुकिंग नहीं हो पा रही है, क्योंकि 25 दिन के बाद ही गैस बुकिंग हो पाएगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता निर्धारित समयानुसार गैस बुक कर और बुकिंग उपरांत प्राप्त मैसेज दिखाकर तुरंत गैस प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि वह किसी भी प्रकार की अफवाहों पर कतई ध्यान न दें, हड़बड़ाएं नहीं। बुकिंग उपरांहत हर उपभोक्ता को गैस उपलब्ध कराई जाएगी। बता दें कि गैस की किल्लत की खबरों से लोग चिंतित है, साथ ही ईद के मद्देनजर लोगों में गैस सिलेंडर लेने की होड़ लगी हुई है।

### विद्यालय की भूमि पर कब्जे की शिकायत

**हल्दौर।** सीडी इंटर कॉलेज के पास स्थित खसरा नंबर 630 में दर्ज भूमि संस्थान की भूमि है। जहां शीशम और सिंबल सहित कई हरे-भरे पेड़ खड़े थे। आरोप है कि करीब तीन दिन पूर्व एक व्यक्ति ने उक्त भूमि पर खड़े पेड़ों को कटवा दिया और वहां निर्माण की तैयारी शुरू कर दी। बताया जाता है कि रात के समय जेसीबी मशीन से नींव खुदवाकर निर्माण कार्य तथा पिलर गाड़कर तारबंदी कर दी। मामले की जानकारी मिलने पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सौरव एरन और प्रबंधक सुशांत एरन सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और विरोध जताया। प्रबंधन पक्ष का आरोप है कि विरोध करने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। यह भी आरोप है कि कटवाए गए शीशम और सिंबल के पेड़ मौके से हटा लिए गए। विद्यालय प्रबंधन ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी सदर रितु चौधरी को पत्र देकर मामले की शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद सोमवार को एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार व राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। नायब तहसीलदार फजल कमर ने बताया कि मामले की जांच कर आख्या उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# मस्जिद में बच्चों को डांटने पर दो पक्षों में संघर्ष

## महिला समेत चार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा में रविवार दोपहर मस्जिद में बच्चों के शोर मचाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद बड़ों में विवाद हो गया। देखते ही देखते मस्जिद से बाहर जमा हुए दोनों पक्ष के लोग बीच सड़क आपस में भिड़ पड़े, दोनों तरफ से जमकर लाठी डंडे चले, झगड़े से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बेकाबू होते हालात पर बमुश्किल काबू पाया। वहीं, मारपीट में एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए, जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों पक्ष से मिली तहरीर पर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

घटना दोपहर में करीब डेढ़ से दो बजे के बीच की है। गांव में स्थित मस्जिद में जमात से नमाज हो रही थी। रमजान की वजह से अन्य दिनों के मुकाबले मस्जिद में नमाजियों की भीड़ ज्यादा थी, जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे भी थे। बताया जा रहा है कि कुछ बच्चे आपस में शोर मचा रहे थे, लिहाजा लोगों ने उन्हें डांटकर खामा.श करा दिया। बस इसी बात पर गांव के रहने वाले रफीक और नूरूद्दीन के बीच ठन गई। दोनों में विवाद बढ़ता हुआ देख लोगों ने उस समय समझाते हुए बीच-बचाव करा दिया। इसके बाद रफीक नमाज पढ़कर घर लौट रहा था। रास्ते में खड़े मिले नूरूउद्दीन ने परिजनों के साथ मिलकर गाली-गलौज शुरू कर दी, रफीक ने जब गालियां देने का विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ डटे, लाठी-डंडे निकल आए। एक-दूसरे पर किए गए हमले में रफीक के अलावा नूरूद्दीन, उसकी मां शायरून व पिता रियाजउद्दीन घायल हो गए। पीआरवी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया तथा कोतवाली में सूचना देते हुए घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि दोनों ओर से तहरीर दी गई है। घटना की जांच की जा रही है, जांच रिपोर्ट के आधार पर ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रायल के बहाने शोरूम से स्कूटी लेकर फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शातिर ठग फिल्मी अंदाज में शोरूम कर्मचारियों को बेवकूफ बना ट्रायल के बहाने स्कूटी लेकर फरार हो गया। सीसीटीवी कैमरे में उसकी तस्वीर कैद हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

घटना अतरासी रोड स्थित एच एच ऑटोमोबाइल्स की है। बीते दिन एक युवक शोरूम पर स्कूटी खरीदने के लिए आया, कुछ देर बाद उसने रेड कलर की एक स्कूटी पसंद की। शोरूम कर्मचारियों को शक न हो इसलिए उसने स्कूटी को तैयार करा

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ ठग



उसके साथ फोटो भी खिंचवाए। जब उसने कर्मचारियों को पूरी तरह विश्वास मे ले लिया कि उसने स्कूटी खरीद ली है और वह थोड़ी दूर तक स्कूटी को ट्राई करके देखना चाहता है। कर्मचारी उसके झांसे में फंस गए और उस पर भरोसा कर उसे इजाजत दे दी। काफी देर बाद भी जब युवक नहीं लौटा तो कर्मचारी घबरा गए और उन्होंने उसका उसका मोबा. इल नंबर मिलाया जो स्विच ऑफ बता रहा था। शोरूम कर्मियों को अंदाजा हों गया कि उनके साथ ठगी हो चुकी है। शोरूम स्वामी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बारात के दौरान वीडियो ग्राफी को लेकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** बारात के दौरान वीडियोग्राफी को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। घटना में एक युवक गंभीर घायल हो गया। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ **तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

क्षेत्र के गांव रामपुर जुन्नारदार निवासी दिनेश कुमार द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुता. बिक घटना 12 मार्च को चहौड़ा उर्फ मथुरा नगर की है। वह अपने परिवार के साथ एक परिचित की बारात में गए थे। रात में करीब 1:30 बजे वीडियोग्राफी को लेकर उनके बेटे उज्जवल के साथ वहां मौजूद धर्मेंद्र, कृष्ण कुमार उर्फ गुड्डू और विपिन ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। हमले में उज्जवल को गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर जब अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# आन्तरिक परीक्षक बनाने को महबूब से मिले शिक्षक

## प्रमुख सचिव से बात कर दिलाया भरोसा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विश्वविद्यालय की प्रयोगात्मक परीक्षा में स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों को आंतरिक परीक्षक एवं उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में परीक्षक न बनाये जाने को लेकर लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली से मुलाकात कर परीक्षक बनाये जाने की मांग की।

सोमवार को शिक्षक लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली के आवास पहुंचे उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन और प्रयोगात्मक परीक्षाओं में आंतरिक व बाह्य परीक्षक नहीं बनाए जा रहे हैं। उनका कहना था कि गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद द्वारा स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों को उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में आन्तरिक परीक्षक नहीं नहीं बनाया जा रहा है। जिससे शिक्षकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर विधायक महबूब अली ने शिक्षकों की समस्या के समाधान के लिए प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा और उच्च शिक्षा निदेशक से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने अधिकारियों से गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के अंतर्गत आने वाले स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों से ही मूल्यांकन कार्य कराने की मांग रखी। अधिकारियों ने विधायक को आश्वस्त किया कि शिक्षकों की समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. महताब अमरोही, डॉ. अनुराग यादव, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. आसिफ अली, डॉ. पंकज रानी, डॉ. सुनीता देवी, डॉ. मंगल सिंह और डॉ. अनुप सिंह सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# शराब सेल्समैन पर जानलेवा हमला करने वाले दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शराब सेल्समैन के साथ मारपीट कर घायल करने का दावा करने वाली पुलिस ने अब चार युवकों को लूट के मामले में अरेस्ट करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस ने लूट में गई नगदी को भी बरामद करने का दावा किया है।

नगर के पूठ मार्ग से 10 मार्च की रात को शराब सेल्समैन भरत कुमार पुत्र भूकन सरन निवासी मोहल्ला होलीवाला पर जानलेवा हमला कर बुरी तरह से मारपीट कर उसे घायल अवस्था में छोड़कर आरोपी फरार हो गये थे। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया ने घटना स्थल का निरीक्षण किया था। अज्ञात के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस मामले की तह तक पहुंचने में जुट गई थी। पुलिस का कहना है कि घायल को जब होश आया तो उसने 20000 छीनने के बारे में बताया था। पुलिस ने इस मामले में अल्फेज पुत्र असलम निवासी मोहल्ला कायस्थान बरबडो वाली गली, राहुल पुत्र बाबू पुत्र राशिद निवासी मोहल्ला चामुंडा रोड कायस्थान, शहबाज उर्फ मोनू पुत्र मोहम्मद हारुन निवासी मोहल्ला पूठ अड्डा मोहल्ला काला शहीद, व बाल अपचारी अजय उर्फ दीपक पुत्र पप्पू उर्फ गेंदालाल मोहल्ला कायस्थान चामुंडा रोड को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 16000 रुपये एक बैग वह लकड़ी के दो डंडे बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। वहां से उनको कोर्ट ने जेल भेज दिया।

# बैंक प्रबंधक की कार चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मुरादाबाद के एक निजी बैंक में तैनात प्रबंधक की कार घर के सामने से चोरी हो गई। सुबह कार चोरी होने की जानकारी मिलने पर बैंक प्रबंधक ने 112 डॉयल पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौका मुआयना कर लिया है। बता दें कि नगर के बुध बाजार निवासी जयवीर सिंह शनिवार के अवकाश में घर पर आए हुए थे। वह मुरादाबाद की एक निजी बैंक की शाखा में रिलेशन मैनेजर के पद पर कार्य करते हैं। बीती शाम वह अमरोहा अपने साले की लगन में सम्मिलित होने

■ **नगर के बुध बाजार में रात में वक्त हुई घटना**

अमरोहा गए थे। वहां से आने के बाद उन्होंने अपनी कार को दुकान के बाहर खड़ी कर दिया और सोने चले गए। सुबह के समय यहां पर कार नहीं थीं। कार गायब होने की जानकारी मिलने पर बैंक प्रबंधक भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने डॉयल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। पुलिस ने बैंक प्रबंधक को शीघ्र ही कार बरामद कराने का भरोसा दिया है।

## फल विक्रेता के बेटे का कान काटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** कोतवाली डिडौली क्षेत्र के गांव मुंडाइम्मा में फल के दाम को लेकर हुए विवाद में एक नाबालिग फल विक्रेता के बेटे के साथ मारपीट कर उसका कान काट लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मुंडाइम्मा निवासी मुनन गांव में फल का ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। बताया गया कि 12 मार्च को मुनन किसी काम से गांव में गया हुआ था और अपने नाबालिग बेटे हरसलान को फल के ठेले पर बैठाकर चला गया था। इसी दौरान गांव का ही नाबा. लिग लड़का बकर फल लेने के लिए ठेले पर पहुंचा और केले का दाम पूछा। हरसलान ने केले का दाम 70 रुपये बताया, जिस पर वह नाराज हो गया।

# यूकेजी के छात्र की दीवार के नीचे दबकर मौत



## परिजनों का रो रोकर बुरा हाल



**हसनपुर।** घर के पास खेल रहे 8 वर्षीय मासूम छात्र की दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर मौत हो गई। इस हादसे के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर है। मौत होने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली इलाके के गांव रुद्रपुर निवासी राहुल राणा का 8 वर्षीय पुत्र अश्वनी रविवार देर शाम अपने घर के पास ही खेल रहा था। इसी दौरान अचानक एक दीवार भरभरा कर मासूम के ऊपर गिर गई। अश्वनी दीवार के मलबे में बुरी तरह दब गया। शोर सुनकर आस-पास के लोग और परिजन मौके पर दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद उसे मलबे से बाहर निकाला। परिजन गंभीर रूप से घायल अश्वनी को तुरंत हसनपुर के एक निजी अस्पताल ले गये। प्राथमिक उपचार के बाद छात्र की नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेरठ रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर मेरठ जा ही रहे थे कि रास्ते में ही मासूम ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि अश्वनी एक निजी विद्यालय में यूकेजी का छात्र था और अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत से छोटे भाई तनिष और मां लज्जावती का बुरा हाल है। देर रात गमगीन माहौल में बिना किसी कानूनी कार्रवाई परिजनों द्वारा मासूम का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# रोजगार सेवकों ने की बीडीओ कार्यालय में तालाबंदी

## आठ माह से मानदेय न मिलने पर दिया धरना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मानदेय का भुगतान न होने से खफा रोजगार सेवकों ने बीडीओ कार्यालय में तालाबंदी कर हंगामा किया। खंड विकास अधिकारी पर अनदेखी का आरोप लगाते जमकर नारेबाजी की और मानदेय व ईपीएफ का भुगतान जल्द ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

सोमवार को ग्राम रोजगार सेवक संघ ने ब्लॉक परिसर में धरना दिया। खंड विकास अधिकारी नीरज गर्ग के खिलाफ हाय हाय के नारे लगाए और उनके दफ्तर में ताला जड़ दिया। धरने को संबोधित करते प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव यादव ने कहा कि रोजगार सेवकों के लंबित मानदेय व ईपीएफ का भुगतान न होने से परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो गया है। जल्द उनकी समस्या का समाधान किया जाए। जिलाध्यक्ष कुबेर सिंह ने कहा कि आठ महीने से लंबित मानदेय का भुगतान न होने से रोजगार सेवकों मे आक्रोश पनप रहा है, मानदेय व ईपीएफ का भुगतान जल्द कराया जाए। जिला कोषाध्यक्ष मुमताज अली कहा कि मानदेय न मिलने से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। परिवार चलाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। महामंत्री मनोज चौधरी ने कहा कि बीडीओ उनकी मांगो को लेकर गंभीर नहीं है और समस्या के निदान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। संघ ने चेतावनी दी अगर लंबित मानदेय व ईपीएफ का भुगतान नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। धरना देने वालों मे विजेंद्र राणा, जितेंद्र, सुशील, देवेंद्र कपिल, गोविंद, पंकज, प्रमोद, इरशाद, सुरेंद्र कुमार, ज्ञानेश कुमार, ताहिर, अरविंद, सतेंद्र, पदम सिंह, मोहम्मद सरताज, कामिल खां, पुखराम, मोहि. हत आदि शामिल रहे।

## जीएमएस कालेज का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** अमरोहा। जी.एम.एस. कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सोमवार को परिणाम घोषित होने के बाद कॉलेज परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन शाहनवाज अली, ग्रुप निदेशक डॉ. हरीश कुमार तथा नर्सिंग प्रधानाचार्य साहिल चौधरी मौजूद रहे। परिणाम घोषित होने के बाद छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर चेयरमैन शाहनवाज अली ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और अनुशासन से ही जीवन में सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शालिनी, समरीन, प्रमोद, नेहा, वैष्णवी, शिवाली, स्वाति सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



























# लाइब्रेरी संचालक के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** लाइब्रेरी में बैठकर मोबाइल चलाने के लिए टोकने पर छात्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाइब्रेरी के संचालक के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार हसनपुर थाना क्षेत्र के अवधीपुर निवासी तुषार पाल पुत्र चन्द्रपाल सिंह ने नगर के नवादा रोड पर लाइब्रेरी खोल रखी है। करीब 10 दिन पूर्व तुषार ने थाना क्षेत्र गजरौला के गांव नवादा निवासी बबी पुत्र महीपाल

■ **आरोपी छात्र को मोबाइल चलाने के लिए टोका था**

को लाइब्रेरी के भीतर व्यर्थ में मोबा. इल चलाने पर टोक दिया था। जिसके बाद बीते दिन कटाई गांव में बबी ने अपने भाई राजा व भूपेन्द्र और जानू के साथ मिलकर तुषार को रास्ते में रोककर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त खेला समाचार

### पीटी उषा ने एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस की मांग की

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पीटी उषा ने एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय खेलों के भविष्य में एथलीटों की तैयारी, भलाई और विकास को सभी फैसले लेने के सेंटर में रखना चाहिए। इंडिया हैबिटेट सेंटर में एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन के तीसरे दिन बोलते हुए, उषा ने कहा कि पिछले एक दशक में बेहतर इंफास्ट्रक्चर, साइंटिफिक ट्रेनिंग और इंस्टीट्यूशनल सपोर्ट के साथ भारत का स्पोर्टिंग इकोसिस्टम बेहतर हुआ है। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय खेलों की असली ताकत जमीनी लेवल पर, गांवों, कस्बों और स्कूलों में है, जहां युवा टैलेंट उभरता रहता है। उषा ने कहा कि एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस को भारतीय खेलों के भविष्य को गाइड करना चाहिए।

### हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के पूल आज घोषित होंगे

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर में दो हफ्तों की जोरदार और रोमांचक हॉकी के बाद-जिसमें कम से कम 14 टीमों ने इस प्रतिष्ठित इवेंट में अपनी जगह पक्की की-आने वाले वर्ल्ड कप की राह में अगला बड़ा पड़ाव बस आने ही वाला है। दरअसल, आधिकारिक ड्रॉ सेरेमनी-जिसमें सभी 32 क्वालिफाई की हुई टीमों को ग्रुप स्टेज के लिए अपने विरोधी टीमों के बारे में पता चलेगा-कल, 17 मार्च को दोपहर 3 बजे एम्स्टर्डम, नीदरलैंड्स के मशहूर वैगेनर स्टेडियम में होनी है। यह उन दो जगहों में से एक है जहांवर्ल्ड कप होगा( दूसरी जगह वेव्रे, बेल्जियम में एकदम नया बेलफियस हॉकी एरिना है।

# आर्यना सबालेंका-जैनिक सिनर ने जीता इंडियन वेल्स



### सबालेंका ने फाइनल में कजाख खिलाड़ी पर 3-6, 6-3, 7-6, (8-6) से जीत हासिल की

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** एक पपी लेना, सगाई करना, चैंपियनशिप पॉइंट बचाना और लंबे समय से इंतजार किए जा रहे इंडियन वेल्स का खिताब जीतना – यह एक ऐसा हफ्ता रहा जिसे दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका पूरी जिंदगी याद रखेंगी। सबालेंका ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में एलेना रायबाकिना के हाथों मिली हार के बुरे अनुभवों को पीछे छोड़ते हुए, कजाख खिलाड़ी पर 3-6 6-3 7-6 (8-6) से जीत हासिल की। कैलिफोर्निया की चिलचिलाती धूप में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को अपनी पूरी ताकत लगाने पर मजबूर कर दिया, जब तक कि सबालेंका ने टाई-ब्रेक में बाजी नहीं मार ली, जिसमें एक जोरदार बैकहैंड विनर के साथ चैंपियनशिप पॉइंट बचाना भी शामिल था।

सर्विस विनर के साथ जीत पक्की करने के बाद, सबालेंका ने अपना सिर बर्फ से भरे कूलर में डुबोकर जीत का जश्न मनाया। बेलारूस की सबालेंका ने कहा कि क्या हफ्ता रहा। एक पपी मिला, सगाई हुई और एक खिताब जीता। मैं इसे निश्चित रूप से अपनी पूरी जदिगी याद रखूंगी। यह सचमुच टेनिस का स्वर्ग है और मुझे यहांआकर हमेशा खुशी होती है।

## जीत के साथ जानिक सिनर ने फेडरर व जोकोविच की बराबरी की

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** इंडियन वेल्स फाइनल में दानिल मेदवेदेव पर जीत के साथ हार्ड-कोर्ट ट्रॉफियों का पूरा सेट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बनने के बाद जानिक सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने कैलिफोर्निया की तेज गर्मी में, दो घंटे से कुछ कम समय तक चले मैच में, शानदार वापसी करने वाले रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव को 7-6 (8-6), 7-6 (7-4) से हराया। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, सिनर ने दोनों हार्ड कोर्ट ग्रैंड स्लैम जीते हैं – 2024 और 2025 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2024 में यूएस ओपन में जीत हासिल की है। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हार्ड कोर्ट पर सभी छह मास्टर्स 1,000 खिताब भी जीते हैं – मियामी, टोरंटो, सिनसिनाटी, शंघाई और पेरिस में मिली जीत के साथ इंडियन वेल्स का खिताब भी अपने नाम किया है – और साथ ही सीजन के आखिर में होने वाले एटीपी फाइनल्स भी जीते हैं। यह उपलब्धि केवल नोवाक जोको. विच और रोजर फेडरर ने ही हासिल की है। सिनर ने कहा,ष्मुझे पता था कि यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसे मैंने अभी तक नहीं जीता है, इसलिए मैं इसकी तैयारी सबसे अच्छे तरीके से करना चाहता था, जितना हो सके पेशेवर तरीके से। सिनर ने कहा कि अब यह उपलब्धि हासिल करना मेरे लिए



बहुत मायने रखता है। अब मेरे पास आराम करने के लिए कुछ दिन हैं, यहांऔर मियामी के बीच ज्यादा समय नहीं है। मियामी में भी यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है, लेकिन हम वहांभी अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने की को. शिश करेंगे। आंद्रे अगासी ने अपने करियर में हार्ड कोर्ट पर खेले गए पांचों मास्टर्स 1,000 इवेंट जीते, साथ ही दोनों मेजर और एटीपी फाइनल्स भी जीते। सिनर, जिनका ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब बचाने का सफर जनवरी में एक रोमांचक पांच-सेट वाले सेमी-फाइनल में जोकोविच के हाथों समाप्त हो गया था, ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड को भी बेहतर किया है।

# चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल 2026 का फाइनल होस्ट करने के लिए मंजूरी मिली

● **कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर द्वारा नियुक्त एक कमेटी ने स्टेडियम परिसर का बारीकी से जायजा लिया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु के एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल 2026 होस्ट करने की मंजूरी मिल गई है। सोमवार को सरकार द्वारा नियुक्त एक एक्सपर्ट कमेटी ने इस स्टेडियम को इस्तेमाल के लिए मंजूरी दे दी।

इसका सीधा मतलब यह है कि चिन्नास्वामी स्टेडियम – जहां28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच सीजन का पहला मैच होना है – वहा एक प्लेऑफ मैच और फाइनल भी खेला जाएगा।

यह परंपरा रही है कि मौजूदा चैंपियन टीम ही टाइटल मैच होस्ट करती है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी- परमेश्वर द्वारा नियुक्त एक कमेटी ने शुक्रवार को स्टेडियम परिसर का बारीकी से जायजा लिया। दिन भर चले इस ऑडिट में स्टेडियम की बनावट से जुड़े नियमों के पालन की कई जांचें की गईं, साथ ही स्टेडियम के आस-पास भीड़ को कंट्रोल करने के लिए उठाए गए कदमों का भी जायजा लिया गया। सोमवार को, कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अधिकारियों, आरसीबी के आला अधिकारियों और जी- महेश्वर राव की अध्यक्षता वाली एक्सपर्ट कमेटी के सदस्यों के बीच हुई एक बैठक के बाद, आखिरी मंजूरी दे दी गई। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरस. ीबी के पांच घरेलू मैच खेले जाएंगे, जबकि दो अन्य मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में खेले जाएंगे।

यह फ्रेंचाइजी और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच पहले से हुए एक समझौते के तहत तय किया गया है। आरसीबी ने केएससीए के साथ मिलकर डिजिटल क्यूआर कोड वाले टिकट जारी करने का वादा किया है। यह स्टेडियम के आस-पास भीड़भाड़ की समस्या से निपटने के लिए उठाए गए कई कदमों में से एक है। उन्होंने बिना किसी परेशानी के सफर सुनिश्चित करने के लिए बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के साथ भी साझेदारी की है। मैच के दिनों में मेट्रो सेवाएंरात 1 बजे तक जारी रहेंगी, जबकि टिकट से जुड़ी औपचारिकताओं पर अभी काम चल रहा है। पूरी संभावना है कि जिन लोगों के पास मैच के टिकट होंगे, वे मुफ्त में सफर कर पाएंगे।

बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन भीड़भाड़ रोकने के लिए सभी रूटों पर ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने की भी सोच रहा है। जहांतक ढांचागत उपायों की बात है, केएससीए ने चिन्नास्वामी के चारों ओर छह नए गेट बनाकर एंट्री पॉइंट्स की संख्या बढ़ा दी है, साथ ही मौजूदा एंट्री गेट्स को भी चौड़ा किया है।

# अरुंधति रेड्डी फरवरी के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ नामित



● **अरंधति रेड्डी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा आठ विकेट लेने वाली खिलाड़ी रही**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय गें. दबाज अरुंधति रेड्डी को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। रेड्डी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी 20 सीरीज में सबसे ज्यादा आठ विकेट लेने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने यह टी-20 सीरीज 2-1 के अंतर से जीती।

उन्होंने तीन मैचों में 22 रन देकर चार विकेट, 30 रन देकर दो विकेट और 35 रन देकर दो विकेट लिए, और 10-87 की औसत तथा 7-25 की इकॉनमी रेट के साथ सीरीज खत्म की। पाकिस्तान के ओपनर साहिबजादा फरहान, इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स और अमेरिका के तेज गेंदबाज शैडली वैन शैल्कविक को पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है, जबकि श्रीलंका की बैटर हर्षिता समरविक्रमा, पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना और भारत की सीम गेंदबाज अरुंधति रेड्डी महिलाओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं।

साहिबजादा ने पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड 383 का कुल स्कोर बनाकर दूसरे बैटर्स को पीछे छोड़ दिया, जबकि विल जैक्स और शैल्कविक भी बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में शामिल थे। ए तीनों टूर्नामेंट के आखिर में घोषित आईसीसी टीम ऑफ द टूर्नामेंट में शामिल थे।

# सोढी चोट के चलते सीरीज से बाहर



● **ईश सोढी को शनिवार को एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान बॉलिंग करते समय चोट लग गई थी**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के लेग-स्पिनर ईश सोढी अंगूठे की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। सोढी को शनिवार, 14 मार्च को बे ओवल में एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान गेंदबाजी करते समय यह चोट लगी थी। स्कैन से पुष्टि हुई कि सोढी का अंगूठा टूट गया है, जिसके कारण उन्हें सीरीज से बाहर होना पड़ा। उन्हें कम से कम चार हफ्ते के आराम की जरूरत होगी। वह पहले टी-20 मैच में नहीं खेले थे, न्यूजीलैंड की सात विकेट की हार में स्पिन गेंदबाजी के लिए मिचेल सैंटनर ने कोल मैककॉन्ची के साथ जोड़ी बनाई थी। न्यूजीलैंड ने सोढी की जगह किसी और खिलाड़ी को टीम में न बुलाने का फैसला किया है। लॉकी फर्ग्यूसन, जो दूसरे और तीसरे मैच में खेलने वाले थे, टीम के साथ जुड़ गए हैं, इसलिए मेजबान टीम को लगता है कि उनके पास पर्याप्त विकल्प मौजूद हैं।

सीरीज के बाद के मैचों में शामिल होने वाले अन्य खिलाड़ी हैं: कैटेन क्लार्क (मैच 4, 5), विकेटकीपर डेन क्लीवर (मैच 4-5) और जेडन लेनोक्स (मैच 4-5)( वहीं, सैंटनर की गैरमौजूदगी में टॉम लैथम आखिरी दो मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे। कोच रॉब वाल्टर ने कहा, ष्ईश न्यूजीलैंड के लिए खेलने को लेकर बहुत जुनूनी हैं और हम जानते हैं कि (2026 टी-20) वर्ल्ड कप कैंपेन के बाद वह अपने घरेलू फैंस के सामने खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। टी-20 फॉर्मेट में उन्हें बहुत ज्यादा अनुभव है, इसलिए सीरीज के बाकी मैचों में उनकी कमी बहुत खलेगी। पुरुषों के टी-20 में चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज सोढी ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप के तीन मैचों में हिस्सा लिया था( उन्होंने दो बार गें. दबाजी की, लेकिन दोनों ही बार उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। न्यूजीलैंड अपनी पांच मैचों की सीरीज का दूसरा मैच मंगलवार, 17 मार्च को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगा। न्यूजीलैंड की अपडेटेड टीम: मिशेल सेंटनर (कप्तान) (मैच 1-3), कैटेन क्लार्क (मैच 4, 5), जोश, डेन(विकेटकीपर, मैच 4-5), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर) (मैच 1-3), लॉकी फर्ग्यूसन (मैच 2-3), जैक फोक्स, बेवन जैकब्स, काइल जैमीसन, निक केली, टॉम लैथम (विकेटकीपर, मैच 4, 5 के लिए कप्तान), जेडन लेनोक्स (मैच 4-5), कोल मैककॉन्ची, जिमी नीशम, टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ।

## आईपीएल 2026 के लिए डिजिटल हुई गुजरात टाइटंस

**अहमदाबाद, वार्ता।** प्रशंसकों को सबसे पहले रखते हुए और टिकट उनकी उंगलियों पर उपलब्ध कराते हुए, गुजरात टाइटन्स ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के सभी घरेलू मैचों के लिए एक डिजिटल टिकटिंग मॉडल पेश किया है। टिकटों की बिक्री अब विशेष रूप से बुक माई शो (जो फेंचाइजी का आधिकारिक टिकलटग पार्टनर है, और टाइटंस एफएएम ऐप पर शुरू हो गई है। यह कदम, जो परिचालन की दूरदर्शिता और प्रशंसकों के बदलते व्यवहार को दर्शाता है, सुरक्षित क्यूआर-आधारित एम -टिकट्स पेश करके फिजिकल टिकटों की आवश्यकता को कम करेगा, ये टिकट सीधे प्रशंसकों के स्मार्टफोन पर भेजे जाएंगे। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में, जहाँ अक्सर दर्शकों की संख्या लाखों में पहुँच जाती है, इस बदलाव से दर्शकों के लिए एक अधिक सुगम और कुशल अनुभव सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

# बांग्लादेश के रिव्यू को पाक ने शिकायत दर्ज कराई



● **उनका मानना है कि बांग्लादेश ने रिव्यू तब लिया, जब उस गेंद का रिप्ले पहली ही बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जा चुका था**

**मीरपुर, वार्ता।** पाकिस्तान ने मैच रेफरी नियामुर राशिद से शिकायत की है कि मैदानी अंपायर कुमार धर्मसेना ने बांग्लादेश को मीरपुर में खेले गए तीसरे वनडे की आखिरी से पहले वाली गेंद पर पगबाधा के लिए रिव्यू लेने की अनुमति तब दी, जब उसका रिप्ले दिखाया जा चुका था। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि पाकिस्तानी टीम प्रबंधन ने यह शिकायत इस आधार पर दर्ज कराई कि उनका मानना है कि बांग्लादेश ने रिव्यू तब लिया, जब उस गेंद का रिप्ले पहले ही बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जा चुका था। उस रिव्यू के फैसले ने मैच में बांग्लादेश को निर्णायक बढ़त दिला दी।

उस गेंद से पहले पाकिस्तान को जीत के लिए दो गेंदों में 12 रन चाहिए थे। रिशाद हुसैन ने लेग स्टंप पर फ्लाइटेड गेंद डाली, जो घूमकर लेग साइड की ओर निकल गई और शाहीन अफरीदी से दूर चली गई। अंपायर ने उसे वाइड दिया क्योंकि गेंद लेग साइड से बाहर चली गई थी। थोड़ी चर्चा के बाद बांग्लादेश ने एलबीडब्ल्यू के लिए रिव्यू लेने का फैसला किया, जबकि सामान्य तौर पर देखने पर गेंद अफरीदी के पैरों या शरीर के किसी हिस्से के पास भी नहीं लग रही थी। आम तौर पर नियम यह कहते हैं कि रिव्यू लेने का फैसला तब तक कर लेना चाहिए, जब तक खिलाड़ी किसी भी तरह का रिप्ले न देख लें, ताकि रिप्ले देखकर फैसला प्रभावित न हो। लेकिन पाकिस्तान का तर्क है कि चूंकि गेंद को शुरू में वाइड दिया गया था, इसलिए रिव्यू की संभावना नहीं मानी जा रही थी। इसी दौरान स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर गेंद को बल्ले के पास से गुजरते हुए दिखाया गया, जिससे संभव है कि बांग्लादेश को यह संकेत मिल गया हो कि गेंद बल्ले को छू सकती है। पाकिस्तान इस बात से भी नाराज है कि शायद बांग्लादेश को 15 सेकंड की तय समयसीमा से ज्यादा समय मिलने के बाद भी रिव्यू लेने की अनुमति दी गई। ब्रॉडकास्ट पर कोई टाइमर नहीं दिखा, इसलिए यह स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी कि रिव्यू समय के भीतर लिया गया था या नहीं। हालांकि जैसे ही डीआरएस का फैसला हॉक-आई पर गया, अफरीदी की नाराजगी की वजह साफ हो गई। गेंद जब उनके बल्ले के निचले हिस्से के पास से गुजरी, तो उस समय स्पाइक दिखाई दी, जिससे संकेत मिला कि गेंद बल्ले को छूकर गई थी और इसलिए उसे वाइड नहीं दिया जा सकता था। बांग्लादेश ने रिव्यू तो खो दिया, लेकिन वाइड का फैसला बदल गया। अब पाकिस्तान को दो की बजाय एक गेंद में 12 रन चाहिए थे। आखिरी गेंद पर अफरीदी स्टंप आउट हो गए और गुस्से में उन्होंने अपना बल्ला स्टंप्स पर दे मारा। इससे बांग्लादेश को 11 रन से जीत मिली और उन्होंने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है।

# भारतीय खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की जरूरत : शाह



● **शाह ने स्टेकहोल्डर्स से 2030-2036 के ग्लोबल स्पोर्टिंग साइकिल की तैयारी शुरू करने की अपील की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की अपील करते हुए, आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने रविवार को स्टेकहोल्डर्स से 2030-2036 के ग्लोबल स्पोर्टिंग साइकिल की तैयारी शुरू करने की अपील की, और फेडरेशन, कॉर्पोरेट्स, एथलीट्स और मीडिया के बीच मिलकर कोशिश करने की अहमियत पर जोर दिया। शाह इंडिया हैबिटेट सेंटर में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन के तीसरे दिन ग्रैंड स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। कॉन्क्लेव को दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) ने होस्ट किया था। शाह ने कहा कि जब हम अभी के कॉम्पिटिशन पर फोकस करते हैं, तो हमें भविष्य के साइकिल के लिए भी तैयारी करनी चाहिए – 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स, 2032 ब्रिस्बेन ओलंपिक्स और 2036 ओलंपिक्स। अगर भारत अपनी ग्लोबल स्पोर्टिंग पहचान मजबूत करना चाहता है, तो इन इवेंट्स की प्लानिंग काफी पहले शुरू कर देनी चाहिए।

भारतीय क्रिकेट की हालिया सफलता पर बात करते हुए, शाह ने 2019-2026 के समय को खेल के लिए एक सुनहरा दौर बताया। उन्होंने कहा कि 2019 से 2026 तक का समय भारतीय क्रिकेट के लिए एक सुनहरा दौर रहा है। हमने अंडर19 टूर्नामेंट से लेकर बड़े आईसीसी कॉम्पिटिशन तक, सभी फॉर्मेट और एज ग्रुप में सफलता हासिल की है। उन्होंने भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत को भी एक ऐतिहासिक पल बताया और इस ऐतिहासिक उपलब्धि को डॉक्यूमेंट करने का क्रेडिट स्पोर्ट्स मीडिया को दिया। शाह ने कहा कि जब भारत ने वर्ल्ड कप जीता, तो यह पूरे देश के लिए गर्व का पल था।

आप में से कई लोगों ने टीम के साथ ट्रैवल किया और लाखों फैंस के लिए उन यादों को कैद किया। भारत के स्पोर्टिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने में मिलकर कोशिश करने की अहमियत पर जोर देते हुए, शाह ने एडमिनिस्ट्रेटर्स, कॉर्पोरेट्स, एथलीट्स और मीडिया के बीच ज्यादा सहयोग की भी अपील की। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स की ग्रोथ स्टेकहोल्डर्स के बीच सहयोग पर निर्भर करती है। फेडरेशन, कॉर्पोरेट्स, एथलीट्स और मीडिया को मिलकर एक मजबूत इकोसिस्टम बनाना चाहिए जो हर लेवल पर भारतीय स्पोर्ट को सपोर्ट कर सके। हीरो मोटोकॉर्प के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट संजय भान ने भारतीय स्पोर्टिंग इकोसिस्टम को बदलने में कॉर्पोरेट्स की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया। भान ने कहा कि पिछले एक दशक में हमने भारतीय स्पोर्ट में एक बड़ा बदलाव देखा है। क्रिकेट अभी भी हावी है, लेकिन फुटबॉल, हॉकी और गोल्फ जैसे स्पोर्ट्स को इंटरनेशनल पहचान मिल रही है।

# वाशी-वरुण ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन से मुलाकात की



**चेन्नई, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे मुख्य स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर और वरुण चक्रवर्ती ने सोमवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम-के- स्टालिन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस स्पिन जोड़ी को भविष्य में और भी कई मैच जिताने वाले प्रदर्शन और गर्व के पल हासिल करने की शुभकामनाएं दीं। इस स्पिन जोड़ी ने मुख्यमंत्री स्टालिन के आवास पर उनसे मुलाकात की, शिष्टाचार भेंट की और अपने क्रिकेट सफर के बारे में उनसे बातचीत की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन भी मौजूद थे। बाद में एक्स पर एक पोस्ट में, मुख्यमंत्री स्टालिन ने लिखा कि तमिलनाडु से हमारी स्पिन जोड़ी, वॉशिंगटन सुंदर और वरुण चक्रवर्ती के साथ यादगार पल। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके सफर के बारे में उनके साथ एक शानदार बातचीत हुई, जो उनकी लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास से बना है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# और कितनी किल्लत

होर्मुज जलमार्ग पार करके एक भारतीय जहाज 'शिवालिक' 16 मार्च, सोमवार, को 'मुंडा पोर्ट' (गुजरात) पर पहुंचेगा। एक और जहाज 'नंदा देवी' 17 मार्च, मंगलवार, को 'कांडला बंदरगाह' (गुजरात) पर पहुंच सकता है। दोनों घरेलू गैस एलपीजी से लदे हुए हैं। दोनों जहाजों में 1.08 लाख मीट्रिक टन एलपीजी बताई गई है। यह भारत में मात्र एक दिन की गैस है। हमारी मासिक खपत 30 लाख टन है। एलपीजी के 11 अन्य जहाज भी होर्मुज पार करके भारत आने की उम्मीद में हैं। उनमें 4,15,000 टन एलपीजी बताई जा रही है। कच्चे तेल के 8 जहाज और एलएनजी के 3 जहाज भी प्रतीक्षारत हैं कि कब ईरान इजाजत देगा और वे भारत की तरफ प्रस्थान करेंगे। होर्मुज को लेकर भारत-ईरान का कोई नया करार नहीं हुआ है। भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। भारत 2019 तक ईरान से कच्चा तेल आयात करता था। उसकी आपूर्ति में परिवहन और बीमा निःशुल्क होते थे। 'रुपए' की मुद्रा में तेल की आपूर्ति होती थी और ईरान के करीब 60,000 करोड़ रुपए भारतीय बैंकों में जमा थे। अमरीका ने ईरान पर पाबंदियां थोपीं, तो भारत पर भी दबाव बनाया गया कि वह ईरान से तेल न खरीदे। हमने अमरीका का आदेश मान लिया और ईरान से तेल का आयात बंद कर दिया। उसी तरह रूस के तेल को काफी कम किया गया। अब संकट के दौर में ईरान और रूस दोनों को 'पुरानी दोस्ती' की दुहाई दी जा रही है। वे दोस्ती निभा भी रहे हैं। आभार ईरान और रूस! अब सरकार बार-बार दावे कर रही है कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, तो कुछ सवाल मौजू लगते हैं। जिनके घरों में पाइपलाइन से पीएनजी सप्लाई की जाती है, उन्हें एलपीजी कनेक्शन से वंचित क्यों किया जा रहा है? ऐसे कनेक्शन 1।62 करोड़ हैं। देश की आबादी में चुटकी भर संख्या! बीती 13 मार्च को 88।8 लाख बुकिंग कराई गई, जबकि एक दिन की औसत बुकिंग 55 लाख रही है। क्या पूरी 'दहशतपूर्ण बुकिंग' है? राजधानी दिल्ली में ही होटल, रेस्तरां और ढाबों में इंडक्शन चूल्हों और डीजल की भट्टियों पर खाना क्यों बनने लगा है? सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के जरिए वैकल्पिक ईंधन की इजाजत क्यों दी है? लोगों ने घरों की छतों पर चूल्हा रख कर लकड़ी और कोयले पर खाना पकाना क्यों शुरू कर दिया है? जहरीले प्रदूषण को आमंत्रण और पर्यावरण का छिलना शुरू! एक पेशेवर सवाल यह है कि यदि एलपीजी का कोई संकट नहीं है, तो गैस डीलरों ने फोन क्यों बंद कर रखे हैं? हॉकर के फोन भी बंद हैं, क्यों? प्रधानमंत्री मोदी आजकल चुनावी जनसभाओं में व्यस्त हैं। वह बार-बार देश का आह्वान कर रहे हैं कि अफवाहों में मत आएं और अफवाहें फैलाएं भी नहीं। देश करीब 12 साल पहले कांग्रेस और विपक्ष को खारिज कर चुका है। लगातार तीन बार संसदीय जनादेश भाजपा-एनडीए को मिला है।

## उप्र में ऐसा क्यों नहीं किया जाता



जब भी किसी राज्य में चुनाव होता है और वहां भाजपा की सरकार नहीं होती, तो सबसे पहले वहां के चीफ सेक्रेटरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को हटा दिया जाता है, उप्र में ऐसा क्यों नहीं किया जाता, प्रदेश में चुनाव के दौरान कभी भी डीजीपी को नहीं हटाया गया, जबकि कई बार चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की गई थी, जिन अधिकारियों के परिवार के लोग खुद चुनाव लड़ रहे थे, क्या उन्हें पद से हटाया गया, चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है, पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और उसकी कार्रवाई भी उसी के अनुरूप दिखाई देती है।

**-अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# गैस की कतारों से उठते सवाल : कितनी सुरक्षित है भारत की ऊर्जा व्यवस्था





योगेश कुमार गोयल

मध्य-पूर्व में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़े संघर्ष ने दुनिया को एक बार फिर यह याद दिला दिया है कि आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था की नसों में बहने वाली ऊर्जा कितनी असुरक्षित है। होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव और समुद्री आवागमन के ठप होने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में गहरा व्यवधान पैदा हुआ है, जिसका सबसे तीखा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर दिखाई दे रहा है। भारत में रसोई गैस अर्थात एलपीजी का संकट संसद से लेकर सड़क तक चर्चा का विषय बन गया है। देश के अनेक शहरों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं, कमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत के कारण होटल-रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं और कालाबाजारी के समाचार निरंतर सामने आ रहे हैं। यह स्थिति केवल अस्थाई आपूर्ति बाधा का मामला नहीं है बल्कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा की संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर करने वाला गंभीर संकेत है। वैश्विक ऊर्जा मानचित्र में होर्मुज जलडमरूमध्य की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला यह लगभग 21 मील चौड़ा समुद्री मार्ग दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा 'चोकपॉइंट' माना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत इसी संकरे मार्ग से होकर गुजरता है। सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे बड़े ऊर्जा निर्यातक देश अपने तेल और गैस के विशाल भंडार को दुनिया के बाजारों तक पहुंचाने के लिए इसी मार्ग पर निर्भर हैं। ऐसे में जब इस क्षेत्र में युद्ध या सैन्य तनाव बढ़ता है तो पूरी दुनिया की ऊर्जा व्यवस्था अस्थिर हो जाती है। वर्तमान संघर्ष ने भी यही किया है। ईरान द्वारा होर्मुज क्षेत्र में समुद्री गतिविधियों को सीमित करने और जहाजों पर संभावित हमलों की चेतावनी ने कई टैंकरों को रोक दिया है, जिससे एलपीजी और एलएनजी के जहाज समुद्र में फंस गए हैं और आयात पर निर्भर देशों को बड़ा झटका लगा है।

भारत के लिए यह संकट इसलिए अधिक गंभीर है क्योंकि देश की ऊर्जा संरचना में एलपीजी की भूमिका पिछले एक दशक में अत्यधिक बढ़ गई है। भारत आज हर वर्ष लगभग 3 करोड़ टन से अधिक एलपीजी का उपभोग करता है लेकिन घरेलू उत्पादन इस मांग का आधा हिस्सा भी पूरा नहीं कर पाता। शेष आवश्यकता खाड़ी देशों से आयात करके पूरी की जाती है। अनुमान है कि भारत में आने वाली एलपीजी का 80 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यही कारण है कि जैसे ही इस मार्ग में व्यवधान आया, उसका सबसे पहला और सबसे तेज असर भारत की रसोई पर दिखाई देने लगा। यह एक कठोर सच्चाई है कि भारतीय परिवारों की ऊर्जा सुरक्षा काफी हद तक एक संकरे समुद्री मार्ग पर निर्भर है। इसी संकट के दौरान पैट्रोल और डीजल की उपलब्धता अपेक्षाकृत सामान्य बनी हुई है। पैट्रोल पंपों पर न तो लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं और न ही कीमतों में अचानक उछाल आया है। इसका कारण यह है कि भारत ने पिछले वर्षों में कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर अपेक्षाकृत अधिक लचीला ढांचा विकसित किया है। आज भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात करता है और रूस, अमेरिका तथा अफ्रीका के कई देशों से आने वाला तेल ऐसे मार्गों से भारत पहुंचता है, जो होर्मुज पर निर्भर नहीं हैं। इसके अतिरिक्त भारत के पास रणनीतिक पैट्रोलियम भंडार भी मौजूद हैं, जिनमें आपातकालीन परिस्थितियों के लिए लाखों बैरल कच्चा तेल संग्रहीत किया जाता है। इन भंडारों और विविध आपूर्ति स्रोतों के कारण पैट्रोल और डीजल की उपलब्धता तुरंत प्रभावित नहीं होती। इसके विपरीत एलपीजी के मामले में स्थिति बिल्कुल अलग है। एलपीजी को तरल रूप में सुरक्षित रखने के लिए अत्यधिक दबाव और विशेष टैंकों की आवश्यकता होती है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर इसका भंडारण करना महंगा और तकनीकी रूप से जटिल होता है। यही कारण है कि भारत के पास एलपीजी का कोई बड़ा साम. रिक भंडार नहीं है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश में एलपीजी का जो सीमित भंडार है, वह मुश्किल से दो-तीन दिन की खपत के बराबर ही है। परिणामस्वरूप जैसे ही आयात में थोड़ी भी बाधा आती है, उसका असर तुरंत बाजार और घरेलू उपभोक्ताओं पर दिखाई देने लगता है। यही वह संरचनात्मक कमजोरी है, जिसने मौजूदा संकट को गहरा बना दिया है। इस संकट का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पिछले दशक में 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों तक रसोई गैस पहुंचाई गई है। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2014 में जहां देश में एलपीजी कनैक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, वहीं आज यह बढ़कर 33 करोड़ से अधिक हो चुकी है। यह सामाजिक दृष्टि से अत्यंत सकारात्मक परिवर्तन है किंतु इसका अर्थ यह भी है कि भारत की घरेलू ऊर्जा व्यवस्था अब एलपीजी के निरंतर प्रवाह पर पहले से कहीं अधिक निर्भर हो गई है। जब इस प्रवाह में व्यवधान आता है तो उसका प्रभाव करोड़ों परिवारों के दैनिक जीवन पर पड़ता है। संकट का असर केवल घरेलू रसोई तक सीमित नहीं है। उद्योग, होटल, रेस्टोरेंट, छोटे व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां भी बड़े पैमाने पर एलपीजी और प्राकृतिक गैस पर निर्भर हैं। जब आपूर्ति सीमित होती है तो सबसे पहले इन्हीं क्षेत्रों की गैस आपूर्ति घटाई जाती है ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा सके। परिणामस्वरूप औद्योगिक उत्पादन प्रभावित होता है, छोटे कारोबारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ता है और कई स्थानों पर रोजगार प्रभावित होते हैं। स्टील और धातु उद्योगों से लेकर ढाबों और छोटे भोजनालयों तक, अनेक क्षेत्र इस संकट की मार झेल रहे हैं। हालांकि सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए कुछ आपातकालीन कदम उठाए हैं। रिफाइनरियों को निर्देश दिया गया है कि वे कच्चे तेल के प्रसंस्करण के दौरान एलपीजी की रिकवरी को अधिकतम करें। कुछ पैट्रोकेमिकल उत्पादों को अस्थाई रूप से रसोई गैस उत्पादन की दिशा में मोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही अमेरिका और पश्चिम अफीका जैसे क्षेत्रों से अतिरिक्त एलपीजी कार्गो मंगाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति पर अस्थाई नियंत्रण लगाकर घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय भी इसी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि ए सभी कदम तात्कालिक राहत प्रदान कर सकते हैं लेकिन दीर्घकालिक समाधान के लिए इससे कहीं अधिक व्यापक नीति की आवश्यकता है। दरअसल यह संकट केवल एक युद्ध का परिणाम नहीं है बल्कि यह भारत की ऊर्जा नीति के उस खालीपन की ओर संकेत करता है, जिस पर लंबे समय से पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एसिडिटी से पाना चाहते हैं छुटकारा, तो ये अपनाएं टिप्स

**नींबू में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण और विटामिन सी पाया जाता है। जो पेट में मौजूद बैक्टीरिया से लड़ते हैं। हल्के गर्म पानी में नींबू का रस मिला लें। फिर उसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इसको पी लें। इस तरह से यह ड्रिंक भी आपको एसिडिटी की समस्या से राहत देने का काम करेगा।**



इस फेस्टिव सीजन में लोगों के घरों में तरह तरह के तले भुने व्यंजन बनते हैं। जिसको खाने से ना सिर्फ बदहजमी बल्कि पेट में गैस बनने की परेशानी भी शुरू हो जाती है। पेट दर्द होने के कारण त्योहार का सारा मजा किरकिरा हो जाता है। ऐसे में अगर इस फेस्टिव सीजन आप भी एसिडिटी की समस्या से खुद को बचाए रखना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। तैलीय और मसालेदार खाना, नींद की कमी और असमय भोजन आदि के कारण भी गैस व पेट में जलन की समस्या हो जाती है। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए आप इन ड्रिंक्स का सेवन कर सकते हैं।

**जीरा पानी**

आपको बता दें जीरा में फाइबर की मात्रा पाई जाती है। जो आपके पाचन को दुरुस्त रखने में सहायक होती है। जीरा पानी के सेवन से आप एसिडिटी की समस्या से राहत पा सकते हैं। जीरा पानी बनाने के लिए एक पैन में पानी और जीरा डालकर इसको उबाल लें। इसके बाद इसे छान लें और हल्का गुनगुना रहने पर इसको पी लें।

**नींबू और शहद का ड्रिंक**

नींबू में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण और विटामिन सी पाया जाता है। जो पेट में मौजूद बैक्टीरिया से लड़ते हैं। हल्के गर्म पानी में नींबू का रस मिला लें। फिर उसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इसको पी लें। इस तरह से यह ड्रिंक भी आपको एसिडिटी की समस्या से राहत देने का काम करेगा।

**सौंफ का पानी**

पाचन तंत्र के लिए सौंफ बेहद फायदेमंद मानी जाती है। वहीं सौंफ का पानी पीने से गैस और पेट में जलन की समस्या दूर हो सकती है। सौंफ का पानी पीने के लिए सबसे पहले पानी में सौंफ को उबाल लें। फिर गुनगुने पानी का सेवन कर लें। इसके अलावा रात भर के लिए सौंफ को पानी में भिगोकर भी रख सकते हैं और अगले दिन सुबह उस पानी को पी लें।

**हींग का पानी**

हींग खाने का स्वाद और सुगंध बढ़ाने के साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। हींग का पानी गैस की समस्या से राहत दिलाने में मदद करता है। इसके लिए एक गिलास गुनगुना पानी में आधा चम्मच हींग पाउडर मिलाएं। इस ड्रिंक का सेवन करने से एसिडिटी की समस्या से राहत पा सकते हैं।

**अदरक का पानी**

बता दें कि अदरक में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इस ड्रिंक को बनाने के लिए अदरक को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। फिर इन टुकड़ों को पानी में उबाल लें। जब यह गुनगुना हो तो इस पानी का सेवन करें। इससे पेट की जलन और गैस से राहत मिलेगी।

# कैसी दिखती है रोमांस वाली दोस्ती, बिना ड्रामा किए इसे बनाएं कामयाब

फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप तब शुरू होता है, जब दो दोस्त, जिन्हें साथ में घूमना या समय गुजारना पसंद होता है, अपनी दोस्ती को नए स्तर पर लेकर जाने का फैसला करते हैं। नए स्तर पर लोग एक-दूसरे के साथ शारीरिक रूप से जुड़ते हैं। श्फेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिपश में आमतौर पर लोग बिना किसी प्रतिबद्धता के सेक्स, किस और कडलिंग कर सकते हैं।

दोस्ती में रोमांस अब अजीब नहीं लगता। वास्तव में, यह एक लोकप्रिय चलन बन गया है। बहुत से लोग दोस्ती को रोमांस के साथ मिलाने के विचार का आनंद ले रहे हैं, जिसे हम फ्रेंड्स विद बेनेफिट्स कहते हैं। यह सेटअप उन लोगों के लिए नया सामान्य बन गया है, जो रिश्ते में होने की जिम्मेदारियों या प्रतिबद्धताओं के बिना डेटिंग के मजे और उत्साह का आनंद लेना चाहते हैं। दोस्ती में रोमांस अब अजीब नहीं लगता। वास्तव में, यह एक लोकप्रिय चलन बन गया है। बहुत से लोग दोस्ती को रोमांस के साथ मिलाने के विचार का आनंद ले रहे हैं, जिसे हम फ्रेंड्स विद बेनेफिट्स कहते हैं। यह सेटअप उन लोगों के लिए नया सामान्य बन गया है, जो रिश्ते में होने की जिम्मेदारियों या प्रतिबद्धताओं के बिना डेटिंग के मजे और उत्साह का आनंद लेना चाहते हैं।

**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कैसा दिखता है?**

फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप तब शुरू होता है, जब दो दोस्त, जिन्हें साथ में घूमना या समय गुजारना पसंद होता है, अपनी दोस्ती को नए स्तर पर लेकर जाने का फैसला करते हैं। नए स्तर पर लोग एक-दूसरे के साथ शारीरिक रूप से जुड़ते हैं। फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप में आमतौर पर लोग बिना किसी प्रतिबद्धता के सेक्स, किस और कडलिंग कर सकते हैं। बिना प्रतिबद्धताओं के इस रिश्ते में दोनों लोग किसी और को डेट कर सकते हैं। ऐसे रिश्ते हमेशा के लिए नहीं चलते हैं, शारीरिक जुड़ाव खत्म करने के बाद लोग वापस दोस्त बन जाते हैं या फिर एक-दूसरे के साथ सारे कांटेक्ट खत्म कर देते हैं। हालांकि, फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप हर किसी के लिए नहीं है, क्योंकि अगर दोनों में से एक व्यक्ति की भी फीलिंग में बदलाव होता है तो दोस्ती भी खराब हो जाती है।

**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता आपके लिए सही है?**

अगर आप बिना किसी प्रतिबद्धता के शारीरिक रिश्ते की तलाश कर रहे हैं तो फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप आपके लिए ठीक है। एक्सपर्ट के अनुसार, यह रिश्ता उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है जिनके पास प्रतिबद्ध रिश्ते के लिए समय, ऊर्जा या इच्छा नहीं है लेकिन फिर भी वे किसी के साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहते हैं। इसके अलावा अगर आप किसी रिश्ते में आकर अपनी आजादी या जरूरतों को त्यागना नहीं चाहते हैं तो आपके लिए फेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कारगर हो सकता है। एक्सपर्ट कहते हैं कि अगर आप किसी रिश्ते की जटिलताओं से बचना चाहते हैं तो यह व्यवस्था आपके लिए कारगर हो सकती है। एक्सपर्ट ने बताया कि अगर दो दोस्त एक दूसरे की ओर खुद को आकर्षित पाते हैं उनके लिए फेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कारगर है।



**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स बनना अच्छा विचार कब नहीं है?**

एक्सपर्ट के अनुसार, अगर किसी को भावनात्मक रूप से जुड़ जाने की आदत है तो उनके लिए फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सहज बनाए रखने में परेशानी हो सकती है। इसके अलावा अगर कोई अपेक्षाएं विक. सित करने लगता है और अगर ये पूरी नहीं होती तो उस व्यक्ति की भावनाएं आहत हो सकती है। प्यार की उम्मीद करने वाले लोगों के लिए यह रिश्ते नहीं बने हैं।

**कैसे फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सफल बनाएं?**

एक्सपर्ट ने फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सफल बनाने के कुछ टिप्स साझा किए। उन्होंने बताया कि इन रिश्तों को सफल बनाने के लिए संवाद महत्वपूर्ण है। रिश्ते को परिभाषित करना और सीमाओं पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है ताकि कोई गलतफहमी न हो। एक्सपर्ट ने कहा कि ऐसे रिश्तों में ईमानदारी जरूरी है। दूसरे व्यक्ति के साथ-साथ खुद के साथ भी ईमानदार होना बहुत जरूरी है। आप क्या चाहते हैं और क्या नहीं और रिश्ते में कैसा महसूस कर रहे हैं, अपनी भावनाओं के प्रति ईमानदार रहे हैं और कुछ भी गलत महसूस होने पर पार्टनर से बात करें।

एक्सपर्ट ने लोगों को सीमाएं स्थापित करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि आप कितनी बार मिलेंगे, कौन सी गतिविधियां अनुमत हैं और कौन सी वर्जित हैं, आप अन्य लोगों से मिलेंगे या नहीं और अपने डेटिंग जीवन के बारे में क्या साझा करेंगे या नहीं, आप कौन से गर्भनिरोधक का उपयोग करेंगे और आप अपनी व्यवस्था के बारे में दूसरों को क्या बताएंगे या नहीं, जैसी चीजों के बारे में आधार नियम स्थापित करना सहायक हो सकता है।

# होर्मुज संकट पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी

## बढ़ते सैन्य तनाव से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया



■ यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है: लिन जियान

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट के बीच चीन ने सभी देशों से तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन सहित कई देशों से अपील की है कि वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए अपने युद्धपोत तैनात करें।

ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच बढ़ते टकराव के कारण दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। चीन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते सैन्य तनाव से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी पक्षों को तुरंत सैन्य अभियान रोकना चाहिए, ताकि हालात और ज्यादा खराब न हों।

उन्होंने कहा कि यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है। यहां से दुनिया के बड़े हिस्से तक तेल और गैस की आपूर्ति होती है। हाल ही में अमेरिका और इजरायल के हवाई हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कदम के तौर पर इस जलमार्ग को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है। इसके कारण तेल की वैश्विक आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा सकता है। चीन ने यह भी बताया कि इस महीने के अंत में प्रस्तावित डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। ट्रम्प ने संकेत दिया था कि अगर चीन होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रखने के प्रयासों में सहयोग नहीं करता है तो उनकी बीजिंग यात्रा टाली जा सकती है। हालांकि चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच संपर्क बना हुआ है और शीर्ष नेताओं के बीच कूटनीतिक बातचीत द्विपक्षीय संबंधों में अहम भूमिका निभाती है। चीन ईरान का करीबी साझेदार माना जाता है और वह ईरान से बड़ी मात्रा में तेल खरीदता है। अक्सर चीन को ईरानी तेल अपेक्षाकृत सस्ते दामों पर मिलता है। चीन ने अमेरिका और इजरायल के ईरान पर किए गए हमलों की आलोचना भी की है। साथ ही अमेरिकी हवाई हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला खामेनेई की मौत को लेकर भी चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ऐसे में होर्मुज संकट के बीच चीन की भूमिका को वैश्विक राजनीति में बेहद अहम माना जा रहा है।

## ईरान में अमेरिका-इजरायल के हमले, 5 लोगों की मौत, 7 घायल

**तेहरान।** ईरान के मार्कजी प्रांत में अमेरिका और इजराइल के हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ये हमले अलग-अलग स्थानों पर किए गए। पहले हमले में मार्कजी प्रांत के अराक शहर के आसपास स्थित एक रिहायशी इलाके को निशाना बनाया गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। दूसरे हमले में मार्कजी प्रांत के महल्लत शहर में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया गया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार हमले के दौरान शहीद खोमैनी बालक विद्यालय को भी निशाना बनाया गया, जिससे स्कूल भवन को काफी नुकसान पहुंचा।



हिमाचल प्रदेश। कुल्लू जिले की सोलांग घाटी में बर्फबारी के दौरान जाम में फंसे वाहन।

## खाड़ी में जहाज पर हमले के बाद 20 थाई क्रू स्वदेश लौटे, तीन अब भी लापता

**बैंकॉक।** होर्मुज जलडमरूमध्य में हमले का शिकार थाईलैंड के मालवाहक जहाज के चालक दल के 20 सदस्य सोमवार को थाईलैंड पहुंच गए, जबकि तीन अब भी लापता हैं। थाई-पंजीकृत जहाज 'मयूरी नारी' की स्वामित्व वाली कंपनी 'प्रेशियस शिपिंग पब्लिक कंपनी लिमिटेड' ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि चालक दल के स्वागत के लिए कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी सुवर्णभूमि हवाई अड्डे पर मौजूद थे और उनकी वापसी में आसानी के लिए संबंधित अधिकारियों से गहरा तालमेल बिठाया गया। कंपनी ने इस बात की भी पुष्टि की कि इस समय उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता उन तीन चालक दल के सदस्यों का पता लगाने की हैं, जो अब भी लापता हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्मेनिया ने 550 से अधिक भारतीयों को ईरान से निकालने में मदद की

**नई दिल्ली।** आर्मेनिया ने ईरान में फंसे 550 से अधिक भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में भारत की मदद की है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोमवार को ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में सहयोग के लिए आर्मेनिया सरकार और वहां के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी की सुविधा प्रदान करने के लिए आर्मेनिया की सरकार और लोगों को धन्यवाद।

### रूसी वायु रक्षा ने मार गिराए 145 यूक्रेनी ड्रोन: रक्षा मंत्रालय

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में देश के विभिन्न क्षेत्रों में यूक्रेन के 145 ड्रोन मार गिराए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पिछली रात के दौरान ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने विमान-प्रकार के 145 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में मॉस्को क्षेत्र के ऊपर 53 ड्रोन रोके और नष्ट किए, जिनमें मॉस्को की ओर उड़ रहे 46 ड्रोन भी शामिल थे।

### अफगान: सीमा पार से हुए हमलों में दो की मौत, पांच घायल

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में रविवार रात सीमा पार से किए गए हमलों में दो लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता मुस्तगफर गुरबाज ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी तोपखाने ने रविवार रात गुरबाज और जाजी मैदान जिलों के कुछ इलाकों को निशाना बनाया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग जख्मी हो गए।

# ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिरे ट्रम्प

## सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी जनता का व्यापक समर्थन नहीं मिला, बढ़ती महंगाई बनी बड़ी चुनौती



■ ट्रम्प ने युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी जनता के सामने कोई स्पष्ट और ठोस सार्वजनिक मामला पेश नहीं किया
■ ट्रम्प को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने की अपनी रणनीतिक सफलता से भी हौसला मिला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर ऐसे समय में घिरे हुए नजर आ रहे हैं, जब इस सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी जनता का व्यापक समर्थन नहीं मिला है। विश्लेषकों का मानना है कि हाल के इतिहास में शायद ही कोई अमेरिकी राष्ट्रपति इतने कम सार्वजनिक समर्थन के साथ किसी बड़े युद्ध में उतरा हो।

उपलब्ध सर्वेक्षणों में कहीं भी ऐसा संकेत नहीं मिलता कि ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर अमेरिकी जनता का बहुमत ट्रम्प के साथ खड़ा है। इसके उलट, कई जनमत सर्वेक्षणों में साफ तौर पर इस युद्ध के खिलाफ राय सामने आई है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि आम तौर पर युद्ध जैसे-जैसे लंबा खिंचता है, जनता का समर्थन और घटता जाता है, जिससे ट्रम्प के सामने आगे और बड़ी राजनीतिक मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी जनता के सामने कोई स्पष्ट और ठोस सार्वजनिक मामला पेश नहीं किया। उन्होंने फारस की खाड़ी में सैन्य जमावड़े को ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाने और बातचीत के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति के रूप में पेश किया था।

लेकिन बहुत कम समय में यह कूटनीतिक दबाव सीधे सैन्य कार्रवाई में बदल गया। कहा जा रहा है कि ट्रम्प तेज, चौंकाने वाले और नाटकीय अंदाज में सैन्य कार्रवाई को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उन्होंने युद्ध से पहले व्यापक जनसमर्थन जुटाने की कोशिश नहीं की। यह भी माना जा रहा है कि ट्रम्प को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने की अपनी रणनीतिक सफलता से भी हौसला मिला। हालांकि वह कदम भी अमेरिकी जनता के बीच बहुत लोकप्रिय नहीं था। इसके बावजूद ट्रम्प प्रशासन ने ईरान के मामले में सार्वजनिक राय की अनदेखी की और अब उसी का राजनीतिक असर उन्हें झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी युद्ध के समर्थन का सवाल केवल इस पर निर्भर नहीं करता कि लड़ाई कैसे चल रही है, बल्कि इस पर भी निर्भर करता है कि जनता उस युद्ध का उद्देश्य क्या समझती है। राजनीतिक वैज्ञानिक ब्रूस जेंटलसन का तर्क है कि अमेरिकी जनता उन युद्धों का ज्यादा समर्थन करती है, जिनका उद्देश्य किसी आक्रामक शक्ति पर लगाम लगाना हो। इसके विपरीत, जब युद्ध का मकसद किसी दूसरे देश की राजनीतिक व्यवस्था बदलना या सत्ता परिवर्तन करना होता है, तो समर्थन काफी कमजोर पड़ जाता है।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के 'झूठ' फैलाने के लिए मीडिया पर साधा निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया है और कुछ मीडिया संस्थानों पर ईरान युद्ध को लेकर झूठी खबरें फैलाने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि ईरान झूठी सूचनाएं फैलाने में माहिर है और वह एआई का उपयोग कर भ्रामक सामग्री तैयार कर रहा है, जिसे कुछ मीडिया संस्थान प्रसारित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान सैन्य रूप से कमजोर है, लेकिन जनसंपर्क और मीडिया प्रबंधन के जरिए गलत सूचनाएं फैलाने में कुशल है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मीडिया संस्थान गलत रिपोर्टिंग कर रहे हैं और अमेरिकी प्रसारण माध्यमों का उपयोग देश के खिलाफ प्रचार के लिए कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि ऐसी संस्थाओं के खिलाफ देशद्रोह जैसे आरोपों में कार्रवाई की जानी चाहिए। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान द्वारा जारी किए जा रहे कई वीडियो और तस्वीरें एआई से तैयार की गई हैं, जिनमें समुद्र में जहाजों पर हमले या आग लगने जैसे दृश्य दिखाए जा रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन अमेरिकी ईंधन आपूर्ति विमानों के क्षतिग्रस्त होने की खबरें सामने आई थीं, वे सभी अब भी सेवा में हैं और उनमें से एक विमान जल्द ही फिर से उड़ान भरेगा। ट्रम्प ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ मीडिया संस्थानों ने अमेरिकी विमानवाहक पोत के क्षतिग्रस्त होने की झूठी खबरें प्रसारित कीं, जबकि उस पर कोई हमला नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि ईरान और कुछ मीडिया संस्थान मिलकर झूठी कहानियां गढ़ रहे हैं और इन्हें प्रसारित कर रहे हैं।

## ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर की उच्चतम न्यायालय की आलोचना

■ टैरिफ लगाने का निर्णय उनके लिए सबसे अधिक मायने रखता था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच सोमवार को विभिन्न देशों पर आयात शुल्क लगाने के उनके फैसले को पलटने को लेकर उच्चतम न्यायालय की कड़ी आलोचना की। गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने टैरिफ लगाने के ट्रम्प के निर्णय को असंवैधानिक करार देते हुए उसे पलट दिया गया था और इससे प्रभावित होने वाले देशों और कंपनियों को खरबों डॉलर दिए जाएंगे। ट्रम्प ने कहा है कि उन्हें किसी अन्य रूप में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है।

उन्होंने कहा कि टैरिफ लगाने का निर्णय उनके लिए सबसे अधिक मायने रखता था। उन्होंने कहा कि न्यायालय को पता था कि वह अमेरिका के लिए इसे कितनी शिद्दत से चाहते थे। इसके बजाय न्यायालय ने संभावित रूप से उन देशों और कंपनियों को खरबों डॉलर देने का फैसला किया, जो दशकों से अमेरिका का फायदा उठा रहे हैं। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने इन देशों को बहुत खुश कर दिया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि न्यायालय ने भी बताया है, मुझे किसी अन्य रूप में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है और मैंने ऐसा करना शुरू भी कर दिया है। ईरान के साथ चल रहे तीखे टकराव के बीच सोमवार को टैरिफ पर अमेरिकी राष्ट्रपति का यह पोस्ट एक बड़ी कानूनी हार के बाद अपनी सत्ता और अधिकार को फिर से स्थापित करने का एक प्रयास प्रतीत होता है। हाल के सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने दावा किया था कि उन्हें वैकल्पिक रूपों में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है। उन्होंने कहा कि ये चाहते हैं कि अमेरिका उन सैकड़ों अरबों डॉलर को वापस करे, जो उन लोगों को दिए जाने हैं जिन्होंने अमेरिकी जनता का 'अपमान' किया है। इसे एक और वजह के तौर पर देखा जाना चाहिए कि अमेरिका इतनी बड़ी गिरावट का सामना क्यों कर रहा है। उन्होंने कहा कि लेकिन, अब ऐसा नहीं होगा, क्योंकि हमने अमेरिका को फिर से महान बनाया है और बहुत जल्द, यह पहले से कहीं जयादा महान होगा! ट्रम्प ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका को बेवजह 'लूटा' है, जो अब एक हथियारबंद और अन्यायपूर्ण राजनीतिक संगठन से जडादा कुछ नहीं रह गया है। दुख की बात यह है कि वे और भी बुरे होते जाएंगे।

# गाजा में इजरायली हवाई हमलों में 12 फलस्तीनियों की मौत

■ मरने वालों में बच्चे और गर्भवती महिला भी शामिल, हमले से पहले नहीं जारी की कोई चेतावनी

**काहिरा।** गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में रविवार को कम से कम 12 फलस्तीनियों की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चे, एक गर्भवती महिला और आठ पुलिसकर्मी शामिल हैं।

यह जानकारी अस्पताल अधिकारियों ने दी। केंद्रीय गाजा के नुसेरत शरणार्थी शिविर में रविवार सुबह एक घर पर हुए हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के अनुसार मृतकों में लगभग 30 वर्ष की उम्र का दंपति और उनका 10 वर्षीय बेटा शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि महिला जुड़वां बच्चों की गर्भवती थी। चौथा मृतक 15 वर्षीय पड़ोसी था, जिसे नुसेरत के अल-अवदा अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय निवासी महमूद अल-मुहतासेब ने बताया कि वे सो रहे थे, तभी मिसाइल के हमले से तेज धमाका हुआ। उनके अनुसार हमले से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई थी। रविवार दोपहर एक अन्य हमले में केंद्रीय गाजा के जवैदा शहर के प्रवेश द्वार पर सलाह अल-दीन मार्ग पर चल रहे एक पुलिस वाहन को निशाना बनाया गया। हमास के नियंत्रण वाले आंतरिक मंत्रालय के अनुसार इस हमले में आठ पुलिसकर्मी मारे गए, जिनमें केंद्रीय गाजा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कर्नल इयाद अब यूसुफ भी शामिल थे। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल ने भी इस हमले में आठ लोगों की मौत और 14 अन्य के घायल होने की पुष्टि की। इन दोनों हमलों पर इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। युद्धविराम के बावजूद गाजा में हिंसा की घटनाएं जारी हैं। अक्टूबर में लागू युद्धविराम के बाद भी लगभग रोजाना इजरायली गोलाबारी या हवाई हमले की घटनाएं सामने आती रही हैं।

# होर्मुज संकट से नाटो में दरार उजागर हुई

## डोनाल्ड ट्रम्प पर चौतरफा दबाव पड़ रहा, मदद नहीं मिलने पर सहयोगी देशों को दे डाली चेतावनी

■ हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रम्प को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है



**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मज जलडमरूमध्य के बाधित होने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर चौतरफा दबाव पड़ रहा है।

एक तरफ पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के ठिकानों पर ईरानी हमले जारी हैं। वहीं दूसरी तरफ ट्रम्प घरेलू मोर्चे पर भी घिरते जा रहे हैं। अमेरिका का एक बड़ा तबका इस संघर्ष के खिलाफ है। हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रम्प को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है। यही वजह है कि ट्रम्प ने सहयोगी देशों को चेतावनी दी है कि नाटो समूह का भविष्य अच्छा नहीं है। एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने नाटो के सहयोगी देशों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से फायदा लेने वाले देशों को इसकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। ट्रम्प ने कहा, श्यह बिल्कुल ठीक है कि होर्मुज से फायदा लेने वाले देश ये सुनिश्चित करें कि वहां कुछ भी गलत न हो। ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई कुछ नहीं करता या मदद नहीं करता तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा। ट्रम्प ने कहा कि हमें यूक्रेन के मामले में उनकी मदद की जरूरत नहीं पड़ी। अब देखते हैं कि वे हमारी मदद करते हैं या नहीं, क्योंकि मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि हम उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन वे हमारे साथ नहीं खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि ट्रम्प होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए युद्धपोतों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। हाल ही में भी मीडिया से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा था हम नाटो के लिए हमेशा तत्पर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा देश होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने में हमारी मदद करेगा। पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका फंसता नजर आ रहा है। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई और कई अन्य शीर्ष नेताओं की मौत के बाद भी ईरान झुकने के लिए तैयार नहीं है और लगातार पश्चिम एशिया में अमरिकी ठिकानों और इजरायल पर हमले कर रहा है। अमेरिका और इजरायल की ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश भी सफल होती नहीं दिख रही है। ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करने के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति पर दबाव पड़ा है।

# ईरान में 15 दिन बाद भी सत्ता नहीं बदली

## एक्सपर्ट बोले: ट्रम्प अकेले जंग नहीं रोक सकते, तेहरान के पास अभी भी खेल पलटने की ताकत



■ अगर ईरान लड़ाई जारी रखता है, जहाजों पर हमले करता है या जवाबी कार्रवाई करता है, तो युद्ध वास्तव में खत्म नहीं होगा

**वाशिंगटन।** दो हफ्ते तक ईरान के खिलाफ युद्ध चलने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही जीत का ऐलान कर सकते हैं। हालांकि आखिरी परिणाम इस बात पर भी निर्भर करेगा कि ईरान आगे क्या करता है। वाशिंगटन पोस्ट के मुताबिक अगर ईरान लड़ाई जारी रखता है, जहाजों पर हमले करता है या जवाबी कार्रवाई करता है, तो युद्ध वास्तव में खत्म नहीं होगा। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नौसेना का बड़ा हिस्सा नष्ट कर दिया गया है।

उसकी कई मिसाइलें खत्म हो चुकी हैं और उसके कई टॉप लीडर्स मारे जा चुके हैं। इसके बावजूद ट्रम्प के वे बड़े राजनीतिक मकसद अब तक पूरे नहीं हुए हैं जिनकी उन्होंने कई बार बात की थी। ईरान में अभी भी पुराना शासन ही कायम है। इसके साथ ही ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में तेल के समुद्री रास्ते को बाधित करके वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मचा दी है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ईरान में अभी भी खेल पलटने की ताकत है। यह स्थिति ट्रम्प के लिए मुश्किल पैदा करती है, क्योंकि उनकी अपनी ही पार्टी के लोग अब उनसे युद्ध खत्म करके अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने की मांग कर रहे हैं। इसी साल नवंबर में अमेरिका में मिडटर्म चुनाव होने वाले हैं। युद्ध का असर अमेरिका के अंदर भी दिखने लगा है। अमेरिका और इजराइल के हमले शुरू होने के बाद पेट्रोल की कीमतों में लगभग 25 फीसदी तक बढ़ोतरी हो चुकी है। किसानों के लिए खाद महंगी हो गई है और अमेरिकी सैनिकों की मौत का आंकड़ा भी बढ़कर 13 पहुंच गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ डेलावेयर के डोवर एयर फोर्स बेस पर एक सैनिक के पार्थिव शरीर को सलामी देते हुए। सैनिक सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरान के हमले में मारा गया था। ईरान ने यह भी दिखाया है कि वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर हमला करने की क्षमता रखता है। इस वजह से यह साफ नहीं है कि अमेरिका अगर अकेले युद्ध रोक भी दे, तो क्या तेल की कीमतों में तुरंत कमी आएगी। ईरानी हमलों ने फारस की खाड़ी के उन देशों के सामने भी बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है जो लंबे समय से अमेरिका के सहयोगी रहे हैं और जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने भी मौजूद हैं। इसके बावजूद ट्रम्प लगातार यह दावा कर रहे हैं कि युद्ध पर उनका पूरा कंट्रोल है। उन्होंने शुक्रवार को फाक्स न्यूज रेडियो से कहा कि युद्ध तब खत्म होगा जब उन्हें लगेगा कि अब इसे खत्म करने का समय आ गया है। एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि युद्ध में जीत हासिल करना और किसी देश के खतरे को लंबे समय तक खत्म करना दो अलग-अलग बातें हैं।

# जंग के बीच यूएई में 19 भारतीय गिरफ्तार



■ फेक न्यूज फैलाने का आरोप, मौत की अफवाह के बीच काफी पीते दिखे नेतन्याहू

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल-ईरान जंग के बीच यूएई ने 35 लोगों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। इनमें 19 भारतीय शामिल हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक इन पर सोशल मीडिया पर फेक न्यूज फैलाने का आरोप है।

यूएई के अटार्नी जनरल डा. हमद सैफ अल शम्स ने कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म की निगरानी के बाद यह कार्रवाई की गई, ताकि झूठी खबरों से फैलने वाली अफवाह और अशांति को रोका जा सके। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी मौत की अफवाहों के बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे यरुशलम के एक रेस्टोरेंट में काफी पीते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वे मजाक में कहते हैं कि क्या आप मेरी उंगलियां गिनना चाहते हैं? दरअसल 13 मार्च के एक वीडियो में कुछ लोगों ने उनके हाथ में 6 उंगलियां दिखने की बात कही थी। इसके बाद कई यूजर्स ने उस वीडियो को एआई और डीपफेक बताकर उनकी मौत की अफवाह फैलानी शुरू कर दी थी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108